दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, रविवार, 15 मार्च 2026 | शुक्ल पक्ष-द्वादशी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 323 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नक्सलमुक्त बस्तर की ओर बढ़ता सुकमा

संघर्ष की जमीन पर विकास की नई इबारत

■ नक्सलवाद की छाया से निकलकर विकास की राह पर सुकमा
■ 'नक्सलमुक्त बस्तर' की परिकल्पना, 31 मार्च 2026 की डेडलाइन

पवन शाहा/अनीश बोथरा

सुकमा/नवप्रदेश। कभी नक्सल प्रभाव के कारण विकास से दूर रहे बस्तर अंचल के सुकमा जिले में अब बदलाव की नई कहानी लिखी जा रही है। केंद्र और राज्य शासन द्वारा तय 31 मार्च 2026 की नक्सलमुक्त बस्तर डेडलाइन अब जमीन पर साकार होती नजर आ रही है। साय सरकार के पुनर्वास और जिला व पुलिस प्रशासन की पहल नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम है। सुकमा के जिन गांवों में वर्षों तक सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच पाईं, वहां अब प्रशासनिक टीमें लगातार पहुंच रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ विकास कार्यों को तेजी से लागू किया जा रहा है। जिला प्रशासन का स्पष्ट लक्ष्य है कि अब इन क्षेत्रों की पहचान संघर्ष से नहीं बल्कि विकास, शिक्षा और अवसरों से हो।

25 हजार विस्थापित परिवारों के लिए पुनर्वास

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार सलवा जुडूम के दौरान जिले से संभावित 25 हजार के करीब आबादी सीमाप्रांत राज्यों में पलायन कर गए थे। लेकिन शासन के नक्सलमुक्त अभियान व महत्वकांक्षी योजनाओं से प्रभावित होकर समय अंतराल में अब तक के सर्वे के अनुसार बीजापुर, दंतेवाड़ा व सुकमा समेत लगभग 18 हजार आदिवासी नक्सल हिंसा से प्रभावित और विस्थापित परिवारों को पुनर्वास योजनाओं से जोड़ने का अभियान भी तेज कर वापस लाया गया है। इन परिवारों को आवास योजनाओं, खेती-पशुपालन सहायता और स्वरोजगार कार्यक्रमों से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे स्थायी आजीविका प्राप्त कर सकें।

सुरक्षा बलों की कार्रवाई से कमजोर पड़ा नक्सल नेटवर्क

सुकमा में नक्सल प्रभाव कम करने में पुलिस और सुरक्षा बलों की बड़ी भूमिका रही है। जिले में करीब 10 हजार जवानों की तैनाती के साथ विभिन्न बटालियनों ने संयुक्त अभियान चलाकर नक्सली नेटवर्क को कमजोर किया है। लगातार कार्रवाई के कारण कई ऐसे इलाके भी प्रशासन की पहुंच में आए हैं, जहां लंबे समय तक नक्सल प्रभाव बना रहा। सुरक्षा कैंपों की स्थापना के साथ ही प्रशासनिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ी हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में शासन की पहुंच मजबूत हुई है।

83	मारे गए नक्सली
476	गिरफ्तार नक्सली
721	सरेंडर नक्सली
23	नए सुरक्षा कैंप स्थापित
106	जिले में कुल कैंप
38	घायल जवान
07	शेष आर्म्ड कैडर

(पुलिस में दर्ज जनवरी 2024 से 12 मार्च 2026 तक नक्सल विरोधी कार्रवाई)

अब विकास से होगी सुकमा जिले की पहचान

नव प्रदेश विशेष

जिला प्रशासन का मानना है कि सुकमा तेजी से बदल रहा है। विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और तय समय-सीमा के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि दूरस्थ गांव भी मुख्यधारा से जुड़ें। 31 मार्च 2026 की तय डेडलाइन के साथ प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि अब सुकमा की पहचान नक्सलवाद नहीं, बल्कि विकास और अवसरों से होगी।

आदिवासी समाज का भरोसा जीतने की पहल

लंबे समय तक संघर्ष झेलने वाले आदिवासी समुदायों में भरोसा बढ़ाने के लिए प्रशासन जनसंवाद, विशेष ग्राम सभाओं और शिविरों के माध्यम से सीधे संवाद स्थापित कर रहा है। अधिकारी गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर समाधान करने की पहल की जा रही है, जिससे शासन और ग्रामीणों के बीच विश्वास का नया सेतु बन रहा है। नक्सल प्रभाव के कारण कई दूरस्थ गांव वर्षों तक शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहे। अब प्रशासन इन क्षेत्रों में स्कूल संचालन, शिक्षकों की तैनाती, मोबाइल हेल्थ यूनिट और आंगनबाड़ी सेवा और कृषि विस्तार पर विशेष जोर दे रहा है। इसके साथ ही दूरस्थ गांवों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

सुकमा तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हमारा लक्ष्य है कि दूरस्थ गांवों तक शासन की सभी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो। सुरक्षा के साथ विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि तय समय-सीमा में परिणाम दिखें।

- अमित कुमार, कलेक्टर, सुकमा

पुलिस और सुरक्षा बलों के लगातार संयुक्त अभियानों से नक्सली नेटवर्क काफी कमजोर हुआ है। कई ऐसे क्षेत्रों में भी प्रशासन की पहुंच बनी है जहां पहले जाना मुश्किल था। हमारा लक्ष्य स्थायी शांति और सुरक्षित माहौल बनाना है।

- किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक, सुकमा

अंदरूनी बीहड़ों तक फैल रहा सड़कों का जाल

सुकमा जिले में अधोसंरचना विकास को गति देते हुए लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बीते दो वर्षों में लगभग 300 किलोमीटर मुख्य मार्ग एवं ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। बीहड़ क्षेत्रों में सड़कों के बनने से दूरस्थ गांवों की जिला मुख्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और बाजारों तक पहुंच आसान हुई है। नई सड़कों से न केवल आवागमन में सुविधा बढ़ी है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास गतिविधियों को भी गति मिली है। साथ ही किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में भी सहूलियत मिल रही है।

छत्तीसगढ़ में लाल आतंक का अंत जल्द

विकसित छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प

राज्य सरकार का लक्ष्य बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ को भयमुक्त, शांतिपूर्ण और विकसित बनाना है। इसके लिए सुरक्षा, विकास और विश्वास—इन तीनों मोर्चों पर लगातार कार्य किया जा रहा है। भयमुक्त और विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण प्रदेश सरकार का अटल संकल्प है।

- विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

आज बेबाक

बिन पानी सब सून की तरह देश में बिन गैस सब सून वाली स्थिति बन गई है। नाशपिटे डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सनक के चलते दुनिया के सामने तेल व गैस का संकट खड़ा कर दिया है। इस आपदा को अवसर में तब्दील करने वाले चोट्टों की हमारे देश में कमी नहीं है। बहती गंगा में हाथ धोते हुए भाई लोग गैस की कालाबाजारी कर जमकर काली कमाई कर रहे हैं। सही बात है सैंया भये कोतवाल तो फिर डर काहे का? इन कलमुंहों की कृपा से घूरे की तरह लकड़ी, कोयला और कंडों के दिन बहुर रहे हैं।

होर्मुज स्ट्रेट को पार कर आ रहे दो जहाज, दो दिनों में पहुंचेंगे मुंबई

नई दिल्ली (ए.)। ईरान-इजराइल जंग के कारण दुनियाभर फ्यूल और एलपीजी का संकट देखने को मिल रहा है. ईरान का होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के कारण यह संकट और तेजी से बढ़ रहा था। हालांकि शुक्रवार को ईरान के विदेश मंत्रालय ने साफ किया था कि भारतीय जहाजों को नहीं रोका जाएगा। भारत से बातचीत के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से निकलने दिया गया।

जंग के बीच भारत का एलपीजी (रसोई गैस) ले जाने वाले नंदा देवी एलपीजी करिअर ने शुक्रवार रात होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर गया। इस जहाज पर 46,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लदी हुई है, जो भारत की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे पहले भारत का पहला एलपीजी टैंकर शिवालिक एलपीजी करिअर भी कूटनीतिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

वॉशिंगटन(वार्ता)। अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गयी है। इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

बंगाल से महाजंगलराज होगा खत्मः मोदी

कोलकाता में पीएम मोदी की हुंकार, कहा- बदलाव दीवारों पर लिखा जा चुका

कोलकाता (ए.)। पीएम मोदी ने कोलकाता में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज कोलकाता की धरती से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। सड़क, रेलवे और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इस दौरान पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर हमला भी बोला।

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा. अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा।

पीएम ने कहा, ये प्रोजेक्ट पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत को नई रफ्तार देंगे, इनसे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, लाखों लोगों का जीवन आसान होगा, उन्हें नए अवसर मिलेंगे। आज देश में रेलवे को आधुनिक बनाने का तेज अभियान चल रहा है। हमारा ये संकल्प है कि पश्चिम बंगाल इस अभियान में पीछे न रहे, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'बंगाल के विकास में बीजेपी दिन रात लगी है'

उन्होंने कहा कि बंगाल के विकास में बीजेपी दिन रात लगी है. उन्होंने कहा की निर्मम सरकार रैली में जनसैलाब को रोक नहीं पाई. उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब बंगाल में कानून का राज लौटेगा. उन्होंने कहा कि कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, और टीएमसी के अत्याचारों को भी नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह निर्दयी सरकार चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, बदलाव की इस आंधी को रोक नहीं पाएगी।

कैबिनेट मंत्री शशि के घर पर हमला, टीएमसी ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया आरोप

कोलकाता (ए.)। सेंट्रल एवेन्यू स्थित कैबिनेट मंत्री शशि पांजा के घर पर हमला हुआ है। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि यह हमला बीजेपी की ओर से किया गया है। इस घटना में टीएमसी के कई लोग घायल हो गए हैं, इसके अलावा शशि पांजा की कार में भी तोड़फोड़ की गई है। हमले के बाद पश्चिम बंगाल सरकार में मंत्री शशि पांजा ने कहा, 'मुझे ईंट से घायल किया गया, मुझ पर ईंट से हमला किया गया है। शनिवार को मध्य कोलकाता के गिरीश पार्क के पास टीएमसी और भाजपा के समर्थकों के बीच झड़पें हुईं। यह जगह ब्रिगेड परेड ग्राउंड से करीब 5 किलोमीटर दूर है।

स्कार्पियो से पकड़ा गया 14 किलो गांजा

सरगुजा/नवप्रदेश। अंबिकापुर के बांसबाड़ी रोड में पुलिस ने एक स्कार्पियो वाहन से 14 किलो गांजा जब्त किया है। स्कार्पियो में सवार एक नाबालिग को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस को आता देखकर स्कार्पियो सवार चार युवक बांसबाड़ी जंगल के रास्ते भाग निकले। पुलिस ने स्कार्पियो को जब्त कर लिया है।

अकाली दल से गठबंधन नहीं अकेले बनाएंगे सरकार : शाह

चण्डीगढ़ (ए.)। पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बिगुल फूंक दिया है। शनिवार को मोगा के किल्ली चहलां गांव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बदलाव रैली से इसका आगाज हुआ। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि मैं पंजाब के लोगों से अपील करने आया हूं। भाजपा पहले पंजाब में अकालियों के जूनियर पार्टनर के तौर पर सरकार का हिस्सा थी। जब भी

हम आपके सामने आए, हम छोटे भाई की भूमिका में आए लेकिन भाजपा अब 2027 में अपनी सरकार बनाने के लिए जी जान लड़ाने जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब ने कांग्रेस, अकालियों और आम आदमी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बच्चों की भलाई से ऊपर नहीं ब्रिटिश न्यायालय का फैसलाः दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय मां व पाकिस्तानी पिता के पारिवारिक विवाद में नाबालिग बच्चों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए कहा कि ब्रिटेन के एक हाईकोर्ट का फैसला बच्चों की भलाई से ऊपर नहीं हो सकता। दंपति के दोनों नाबालिग बच्चे ब्रिटिश नागरिक हैं। मां बच्चों को लेकर पिछले दो साल से दिल्ली में है। वहीं ब्रिटेन के एक हाईकोर्ट ने बच्चों को वापस देने का आदेश दिया है।

हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि दुनिया की किसी भी अदालत का आदेश नाबालिगों की भलाई से ऊपर नहीं हो सकता। इस समय बच्चों की आयु 12 व आठ वर्ष है। न्यायमूर्ति ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

राज्य में गोधन संरक्षण को नई दिशाः गोमाता की पूजा-अर्चना कर सीएम साय ने लाखासार में किया गौधाम का शुभारंभ

राज्य के सभी गोधाम 'सुरभि गौधाम' कहलाएंगे

बिलासपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जिला बिलासपुर के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम लाखासार स्थित गौधाम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गोमाता की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने गौधाम परिसर का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गौधाम में आश्रय प्राप्त बेसहारा एवं आवारा पशुओं की देखरेख, चारा, पानी तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। लाखासार में गौधाम 25 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें 19 एकड़ में जानवरों को खिलाने के लिए हरा चारा की खेती की जा रही है। गौधाम का संचालन कामधेनु गौशाला समिति द्वारा किया जाता है। मुख्यमंत्री ने चारागाह का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की जा रही गौधाम योजना का उद्देश्य प्रदेश में बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना, उनके संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सौगात

- ■ गोधन संरक्षण और गौसेवा को बढ़ावा देने राज्य सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री साय
- ■ पशुपालकों से संवाद कर सेवा कार्य में लगे लोगों की सराहना की
- ■ महतारी सदन, गौरव पथ और स्टेडियम का होगा निर्माण

बेगूसराय में नीतीश की सुरक्षा में चुक, हेलीपैड में घूसा बैल

■ पुलिस वालों को दौड़ाया, बचने के लिए फायर ब्रिगेड पर चढ़े

बेगूसराय/ए.। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा बेगूसराय पहुंची। सभा को संबोधित कर करते हुए सीएम ने कहा, 'हम लोगों की सरकार आपके लिए लगातार काम कर रही है। केंद्र भी लगातार मदद कर रही है। 2005 में एनडीए की सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज है। हमारी सरकार आने से पहले पुरानी वाली सरकार ने बुरा हाल कर रखा था। शाम में लोग घर से निकलने से डरते थे। पहले शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट थी। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। उन लोगों को काम रद्दी था।' सीएम के संबोधन के दौरान कुछ महिलाएं उठकर जाने लगीं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'अरे कहां भाग रहे हो हम बंद कर दें। कोई पीछे से भाग रहा है, कोई आगे से भाग रहा है। बैठिए अभी। हाथ उठाकर बताइए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूज गैलरी

शिक्षकों को कठपुतली बनाने हुई कार्यशाला

महासमुंद। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में शिक्षकों के लिए आयोजित कठपुतली निर्माण कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कला-आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ते हुए कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी और सहभागितापूर्ण बनाना था, ताकि बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाया जा सके। कार्यशाला के दौरान जिला स्तरीय डीआरजी टीम के सदस्य बलराम नेताम, के.आर. सोनवानी एवं नीलकंठ यादव ने कठपुतली निर्माण की विभिन्न विधियों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया। प्रशिक्षार्थियों को स्थानीय एवं सरल सामग्रियों से कठपुतली बनाने की तकनीक सिखाई गई और बताया गया कि कठपुतली के माध्यम से भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को कहानी व संवाद के रूप में बच्चों तक आसानी से पहुँचाया जा सकता है। प्रशिक्षण प्रभारी व्याख्याता संतोष साहू ने कहा कि कठपुतली कला बच्चों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास को विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

कलेक्टर ने संजय का किया सम्मान

महासमुंद । कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने यूपीएससी रिजल्ट 2025 में सफलता हासिल करने वाले जिले के प्रतिभाशाली युवा संजय डहरिया को कलेक्टर कक्ष में सम्मानित किया। कलेक्टर ने उन्हें गुलदस्ता और मोमेंटो भेंट कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि यूपीएससी की चयन सूची में स्थान बनाना अत्यंत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि शारीरिक परेशानी के बावजूद संजय डहरिया ने मानसिक दृढ़ता और लगन का परिचय देते हुए यह सफ्लता हासिल की है, जो वास्तव में असाधारण है। कलेक्टर ने कहा कि इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता और परिवार बल्कि पूरे महासमुंद जिले का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संजय डहरिया अपनी सेवा के दौरान समाज और आम नागरिकों के हित में उत्कृष्ट कार्य करेंगे और हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। उल्लेखनीय है कि विकासखंड महासमुंद के ग्राम बेल्टुकरी निवासी संजय डहरिया, पिता लखन डहरिया ने यूपीएससी परीक्षा में सफ्लता प्राप्त कर अपने परिवार और जिले का गौरव बढ़ाया है।

खरोरा मंडल के कार्यकर्ता विधानसभा सत्र का अवलोकन करने पहुंचे

खरोरा / नवप्रदेश। खरोरा मंडल के कार्यकर्ता विधानसभा सत्र का अवलोकन करने पहुंचे खरोरा- भाजपा मंडल खरोरा के प्रदेश एवं जिला के कार्यकर्ता माननीय विधायक पद्मश्री श्री अनुज शर्मा जी के आमंत्रण पर विधानसभा सत्र की कार्रवाई प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए विधानसभा पहुंचे। जिसमें विधानसभा की कार्यप्रणाली जनप्रतिनिधियों की भूमिका, लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जनप्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल के कार्यकर्ता इस दौरान विधानसभा के कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने विधायक अनुज शर्मा जी के द्वारा उठाए गए तेजतर्रार सवालों का भी अवलोकन अपने समक्ष किया। जिससे हम सभी लोगों को काफी प्रसन्नता एवं गौरव महसूस हुआ, क्योंकि मूलभूत आवश्यकताओं क पुरजोर एवं सामान्य नागरिकों की अनिवार्य आवश्यकताओं को ख्याल में रखकर माननीय अनुज शर्मा का सवाल उठाया गया, जैसे महाविद्यालय का विकास,रोड चौड़ीकरण सड़क एवं बिजली पानी की मूलभूत सुविधाओं का ख्याल रखते हुए उनके द्वारा सवाल उठाया गया साथ ही क्षेत्र में चल रहे अवैध रूप से क्रेशर एवं पत्थर खदानों का भी सवाल उनके द्वारा उठाया गया विधायक महोदय के द्वारा खरोरा मंडल के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से सुनीता अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा रमेश शर्मा प्रदेश कार्यसमिति किसान मोर्चा सूरज सोनी वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक धनकर कार्यालय प्रभारी खरौरा मंडल के साथ पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे !

भाजयुमो जिला कार्यकारिणी का गठन, युवाओं के हाथों नई जिम्मेदारियां

महासमुंद / नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला महासमुंद की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन प्रदेश महामंत्री पवन साय तथा संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी के निदेर्शानुसार एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की अनुमति से भाजपा जिला प्रभारी जयंती पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू की अनुशंसा पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा द्वारा जिला पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रकल्पों के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। घोषित जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में आकाश पाण्डेय, सोहन पटेल, विजय नायक, दुगार्शंकर दुबे और नंदकिशन साव को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं महामंत्री के पद पर कामेश बंजारा की नियुक्ति की गई है।

गांजा बेचने ग्राहक तलाश कर रहे दो युवक गिरफ्तार

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। नवापारा पुलिस ने अवैध मादक

पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 55 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।मिली जानकारी के अनुसार 12 मार्च 2026 की शाम करीब 7.30 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जौंदा के धरसा रोड स्थित पंप हाउस के पास दो युवक सफेद रंग की बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही चंपारण चौकी पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई। बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्ध युवकों को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सागर साहू (28) पिता स्वर्गीय उमेश साहू और कुंदन विश्वकर्मा (21) पिता प्रीतम विश्वकर्मा निवासी ग्राम जौंदी, चौकी चंपारण थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर बताया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास रखी सफेद प्लास्टिक की बोरी के अंदर पॉलिथीन में 1 किलो 100 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में मादक पदार्थ को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया।

नपाध्यक्ष की विशेष पहल पर दिव्यांग को मिला राशनकार्ड

महासमुंद / नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने मिसाल पेश की है। नयापारा के वार्ड क्रमांक 04 निवासी दिव्यांग होरीलाल सावरा को पालिका अध्यक्ष श्री साहू व वार्ड पार्षद राहुल आवड़े की विशेष पहल पर अब उनका बहुप्रतीक्षित राशनकार्ड मिल गया है। दिव्यांग होरीलाल ने पालिकाध्यक्ष श्री साहू के समक्ष राशन कार्ड बनवाने की गुहार लगाई थी। उनके पास किसी

प्रकार का दस्तावेज नहीं होने के कारण विगत 10ङ्क12 साल से वह राशन कार्ड बनाने भटक रहा था। दिव्यांग की आर्थिक स्थिति व परेशानी को देखते हुए श्री साहू ने तत्काल जिला खाद्य अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर दिव्यांग होरी लाल के लिए राशन कार्ड बनाने की बात कही। खाद्य अधिकारी द्वारा पालिका अध्यक्ष के इस मानवीय पहल के बाद तत्काल होरी लाल के लिए बीपीएल राशन कार्ड जारी किया गया।

उक्त कार्ड को आज पालिका कार्यालय में दिव्यांग को प्रदान किया गया।इस दौरान दिव्यांग को राशन कार्ड प्रदान करते हुए पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि वार्ड 04 के पार्षद राहुल आवड़े के साथ दिव्यांग होरीलाल ने मुझे समस्या बताई थी। अब राशन कार्ड मिलने से उन्हें काफी राहत मिलेगी। यह कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि दिव्यांग होरी लाल के अधिकारों की पहचान और आत्मसम्मान का प्रतीक बनेगा। पहले राशनकार्ड नहीं होने की वजह से उन्हें अनेक योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होती थी, पर अब उन्हें न केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सस्ता अनाज मिलेगा, बल्कि शासन के कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा।

वित्तीय वर्षों की स्वीकृति पर स्पष्टता के लिए संचालनालय को लिखा गया पत्र

छुईखदान जनपद का बजट मामला राज्य स्तर तक पहुंचा

■ **2024-25 और 2025-26 का बजट निर्धारित समय-सीमा में अनुमोदित नहीं हो पाया**

छुईखदान/नवप्रदेश। जनपद पंचायत छुईखदान में बजट से जुड़ा विषय अब राज्य स्तर तक पहुंच गया है। बजट प्रक्रिया से संबंधित स्थिति को स्पष्ट करने के लिए उपसंचालक पंचायत गीत कुमार सिंह ने पंचायत संचालनालय नवा रायपुर को पत्र लिखकर आवश्यक मार्गदर्शन मांगा है।

उपसंचालक द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि यदि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 का बजट निर्धारित समय-सीमा में अनुमोदित नहीं हो पाया है, तो क्या वर्तमान में इन बजटों को कार्योत्तर (पोस्ट-फैक्टो) स्वीकृति देना नियमों के अनुरूप होगा या नहीं। इस विषय में संचालनालय से स्पष्ट दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। पत्र में यह भी बताया गया है कि जनपद पंचायत छुईखदान द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 3 मार्च 2026 को तथा 2025-26 का बजट 5 मार्च 2026 को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है। सामान्य प्रक्रिया के अनुसार बजट को जनवरी से फरवरी के बीच तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजा जाना अपेक्षित होता है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की स्वीकृति भी निर्धारित समय पर पूरी नहीं हो पाई थी, जिसके कारण बजट प्रक्रिया के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

उपसंचालक ने अपने पत्र में यह भी पूछा है कि यदि पिछले दो वित्तीय वर्षों का बजट विधिवत स्वीकृत नहीं हुआ है, तो वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करने के लिए किन आधार अभिलेखों को मान्य माना जाए। इस संदर्भ में उन्होंने वास्तविक आय-व्यय विवरण, कोषागार अभिलेख, लेखा पुस्तिकाओं और अन्य अधिकृत दस्तावेजों के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देश मांगे हैं। इस विषय को लेकर जनपद पंचायत के सभापति सुधीर गोलछा सहित कुछ जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन से बजट प्रक्रिया को नियमों के अनुरूप और स्पष्ट बनाने की आवश्यकता बताई है। उनका कहना है कि संचालनालय से मार्गदर्शन प्राप्त होने के बाद आगे की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित रूप से पूरी की जा सकेगी।

गौरतलब है कि छुईखदान जनपद पंचायत में बजट प्रक्रिया को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। अब जब मामला पंचायत संचालनालय नवा रायपुर तक पहुंच चुका है, तो स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की नजर राज्य स्तर से मिलने वाले दिशा-निर्देशों पर टिकी हुई है। आने वाले समय में संचालनालय की ओर से प्राप्त मार्गदर्शन के आधार पर आगे की प्रशासनिक प्रक्रिया तय होने की संभावना है।

खिलेश्वर छत्तीसगढ भाजपा आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बने

कोपरा नवापारा/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी सूचना अधिकार प्रकोष्ठ की जंबो टीम की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडे द्वारा किया गया।प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन,अखिलेश सोनी, प्रदेश संयोजक सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ संजय कोपुलवार, जिला संगठन प्रभारी गरियाबंद अमित चिमनानी, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुशंसा पर राजिम कोपरा क्षेत्र के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, सहकारिता प्रकोष्ठ कार्य करने के बाद आरटीआई प्रकोष्ठ प्रदेश कार्य समिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। खिलेश्वर गोस्वामी को प्रदेश संगठन में स्थान मिलने से राजिम कोपरा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में हर्ष और उल्लास का माहौल हैं। कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने इसे कोपरा क्षेत्र के लिए सम्मान और गौरव की बात बताया हैं। लोगों का कहना हैं कि एक जमीन से जुड़े और संघर्षशील कार्यकर्ता को संगठन ने उचित स्थान मिलने से खुशी की लहर हैं। खिलेश्वर गोस्वामी ने अपने इस नियुक्ति पर प्रदेश संगठन, जिला संगठन एवम स्थानीय संगठन का आभार व्यक्त किया हैं। इस अवसर पर बधाई देने वालों में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राम कुमार साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, मन की बात प्रदेश सह प्रभारी चंदन साहू, जिला महामंत्री किसान मोर्चा संदीप पाण्डेय, कमलेश साहू, संजीव चंद्राकर, प्रकाश सिन्हा, अश्वनी साहू, थानेश्वर साहू, नोखेलाल साहू, राजू साहू, दिनेश साहू, पुरेन्द्र साहू, विजय साहू, सुरेंद्र साहू, गुलशन सिन्हा, शशिकला साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी हैं।

उल्लास नवभारत प्राथमिक शाला सुरखीं में आयोजित

भाटापारा / नवप्रदेश। उल्लास (समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ) नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत भारत सरकार की एक केंद्र प्रायोजित योजना है। 1 अप्रैल 2022 से प्रारंभ यह कार्यक्रम 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों को बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मकता, जीवन कौशल तथा व्यावसायिक कौशल प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। यह योजना साक्षरता को एक जनआंदोलन के रूप में स्थापित करने का प्रयास करती है, जिसे जनसहभागिता के माध्यम से प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसी क्रम में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा, डी ई ओ संजय गुहे, डी पी ओ राजेंद्र टंडन नोडल अधिकारी भास्कर देवागन के दिशा निर्देश अनुरूप शासकीय प्राथमिक शाला सूरखीं में जिला पंचायत सदस्य राजा

जायसवाल .सोसायटी अध्यक्ष दिनेश वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत सुरखीं श्री मति ज्योति कपूर घृतलहरे , उप सरपंच पोषण यादव की उपस्थिति में ग्राम को शतप्रतिशत साक्षर बनाने का संकल्प लिया गया। उक्त जानकारी संस्था प्रमुख डॉ इंद्राणी साहू ने दी। कार्यक्रम के अंत में सहायक नोडल लेख राम साहू द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधि ग्रामवासी एवं प्रबंधन समिति को धन्यवाद ज्ञापित कर 22 मार्च को सुबह 10 बजे से 5 बजे तक नवभारत उल्लास महा परीक्षा में भाग लेने की अपील की।

खरोरा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

खरोरा / नवप्रदेश। खरोरा मे मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नशा मुक्ति जागरूकता हेतु हर महिला शक्ति को निर्मला बाई जैसे बनने की आवश्यकता राज्य सभा सांसद खरोरा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खरोरा मे महिला दिवस व सम्मान समारोह का अयोजन किया गया जिसमें समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा व पूर्व विधायक देव जी पटेल, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, उपाध्यक्ष दुलारी सुरेंद्र वर्मा, महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, सोना वर्मा, नपा सुनीता सोनी, नपा उपाध्यक्ष सुमीत सेन, नरेद ठाकुर,स्वाती वर्मा,रानी सौरभ जैन, मनीषा वर्मा, बेबी गोस्वामी उपस्थित रहि नशा मुक्ति के खिलाफ़ मुहिम हेतु विधायक अनूज शर्मा को जैकेट देकर उत्साहवर्धन

कार्य से नशा मुक्ति जागरूकता की प्रेरणा दायक महिला शक्ति के रुप में केसला निवासी निवासी निर्मला बाई सेन को राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के हाथो सम्मानित किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव महिला शक्ति को उचित सम्मान दिया है। देश की मुखिया एक महिला को बनाया उसी तरह सीजी राज्य सभा में समाजसेवी लक्ष्मी वर्मा को भेजकर महिला शक्ति मजबूत किया नारी शक्ति वंदन देकर महिलाओ को आर्थिक मजबूती दी।

कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर

महासमुंद/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुष्ठ रोग से उत्पन्न शारीरिक विकृतियों के उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज अस्पताल महासमुंद में कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चिन्हित मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर उनका नि:शुल्क ऑपरेशन किया गया। भारत सरकार के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. के. एम. कांबले

(R.L.T.R.I., रायपुर) ने बताया कि कुष्ठ रोग से प्रभावित मरीजों में हाथ-पैर की विकृति, पंजों का मुड़ना (क्लॉ हैंड), आंखों का पूरी तरह बंद न होना (लैगोफ्थाल्मोस) तथा फुट ड्रॉप जैसी समस्याओं के उपचार के लिए यह विशेष शल्यक्रिया शिविर आयोजित किया गया।

नल के पानी में निकल रहे कीड़े, दूषित पानी पीने की मजबूरी

■ **नगर पंचायत की लापरवाही पर उठे सवाल**

कोपरा नवापारा। नगर पंचायत कोपरा के क्षेत्र शिव चौक में पेयजल व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। नगर के कई वार्डों में नल से आने वाले पानी में कीड़े निकलने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इससे स्थानीय लोगों में दहशत और नाराज़गी दोनों देखी जा रही है। मजबूरी में लोग वही दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। जिससे

बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नागरिकों ने इस पूरे मामले में नगर पंचायत की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है।स्थानीय निवासियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से नल के पानी में छोटे-छोटे कीड़े और गंदगी दिखाई दे रही है। कई लोगों ने बताया कि जब पानी बर्तन में भरकर कुछ देर रखा जाता है तो उसमें कीड़े तैरते हुए नजर आते हैं। इससे साफ है कि पानी की टंकी और पाइपलाइन की नियमित सफाई नहीं हो रही है। शिव चौक वार्डवासियों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों को दी गई। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतों के बावजूद न तो पानी की जांच कराई गई और न ही टंकी की सफाई की गई।

इससे लेकर लोगों में नाराजगी हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि दूषित पानी पीने से बच्चों और बुजुर्गों में पेट दर्द, उल्टी और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की पहली बैठक, बिजली कटौती समेत कई मुद्दे उठे

किसानों की समस्याओं पर किसान कांग्रेस की बैठक

महासमुंद/ नवप्रदेश। पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में किसान कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवनियुक्त किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, सिंचाई की परेशानी और कृषि से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर संगठन सक्रिय रूप से काम करेगा।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया और किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने तथा उनके समाधान के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने की बात कही।

बैठक में संभाग प्रभारी दीपक पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष जागेंद्र पांडेय, विशेष अतिथि के रूप में फनीश दुबे एवं जिला अध्यक्ष मानिक साहू के अध्यक्षता में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों से संगठन को मजबूत करने और किसानों के हित में निरंतर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, किसानों की समस्याओं के समाधान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।बैठक मे उपस्थित ब्लॉक अध्यक्ष केशव साव बसना, वीरेंद्र प्रधान सांकरा, दिनेश कालसा पिथौरा, फरम पटेल भवरपुर, भगत पटेल छुहिपाली, शंकर पटेल पटेवा, दिलीप साहू सरायपाली, डिगेश्वर सत्यम महासमुंद, ग्रामीण नवदीप चंद्राकर, बुधेलाल, केशव चौधरी, महेंद्र साहू, ओमप्रकाश चक्रधारी, आदि उपस्थित थे।

अशोक ठाकुर, देवसिंह चक्रधारी, योमेश सिन्हा, रूपचंद, रेशम, देवेंद्र, बाबूलाल, जुवेल, केशव सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में फल-फूल रहा अवैध नशे का कारोबार: संजय यादव

महासमुंद/ नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश सह सचिव संजय यादव ने छत्तीसगढ़ में बढ़ते अवैध नशे के कारोबार को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि दुर्ग के समोदा में भाजपा नेता द्वारा अफीम की खेती का मामला सामने आना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में नशे के कारोबार को संरक्षण मिल रहा है। यादव ने कहा कि दुर्ग के बाद अब बलरामपुर में भी बड़ी मात्रा में नशे की फसल मिलने से प्रदेश में सक्रिय नेटवर्क पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका आरोप है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही सरकारें नशे के कारोबार को रोकने में विफल रही हैं। उन्होंने

मांग की कि जिन स्थानों पर 100 से 150 एकड़ या उससे अधिक क्षेत्र में अफीम की खेती हो रही है, वहां जिला स्तर पर टीम बनाकर जांच कराई जाए और रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि इस अवैध खेती के पीछे कौन लोग शामिल हैं और तैयार अफीम कहां भेजी जा रही थी।

गोधन संरक्षण और गौसेवा को बढ़ावा देने राज्य सरकार प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री साय

राज्य में गोधन संरक्षण को नई दिशा: गोमाता की पूजा-अर्चना कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्राम लाखासार में किया गौधाम का शुभारंभ

राज्य के सभी गौधाम 'सुरभि गौधाम' कहलाएंगे, मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति, पशुपालकों से संवाद कर सेवा कार्य में लगे लोगों की सराहना की

- मुख्यमंत्री ने दी लाखासार को सौगात : महतारी सदन, मिनी स्टेडियम और गौरव पथ का होगा निर्माण
- लाखासार गौधाम के लिए 25 लाख का प्रशिक्षण भवन, काऊ कैचर और पशु एम्बुलेंस मिलेगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जिला बिलासपुर के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम लाखासार स्थित गौधाम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने गोमाता की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने गौधाम परिसर का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गौधाम में आश्रय प्राप्त बेसहारा एवं आवारा पशुओं की देखरेख, चारा, पानी तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। लाखासार में गौधाम 25 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें 19 एकड़ में जानवरों को खिलाने के लिए हरा चारा की खेती की जा रही है। गौधाम का संचालन कामधेनु गौशाला समिति द्वारा किया जाता है। मुख्यमंत्री ने चारागाह का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की जा रही गौधाम योजना का उद्देश्य प्रदेश में बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना, उनके संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला तथा छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर क्षेत्र के पशुपालकों और ग्रामीणों से संवाद कर गोधन संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली और इस सेवा कार्य में लगे लोगों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने गौसेवा से जुड़े कार्यकर्ताओं को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखने की बात कही। उन्होंने सभी को गोधन संरक्षण तथा गौसेवा के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज बहुत सौभाग्य का दिन है कि लाखासार की पावन भूमि से गौधाम योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। गोधन हमारी ग्रामीण संस्कृति, कृषि व्यवस्था और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गोधन संरक्षण और बेसहारा मवेशियों की देखभाल के लिए गौधाम योजना को राज्यभर में चरणबद्ध तरीके से लागू कर रही है, जिससे गौसेवा की परंपरा को मजबूती मिलने के साथ ही पशुधन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब राज्य के सभी गौधाम 'सुरभि गौधाम' कहलाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गौधामों में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गौधामों में पशुपालन, हरा चारा उत्पादन तथा गोबर से उपयोगी वस्तुएं तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे गौसेवा के साथ-साथ स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लाखासार क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने लाखासार में महतारी सदन, मिनी स्टेडियम तथा 500 मीटर लंबाई के गौरव पथ के निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही लाखासार गौधाम में प्रशिक्षण भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये स्वीकृत करने तथा एक काऊ कैचर और एक पशु एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की भी घोषणा की, जिससे क्षेत्र में गौसंरक्षण और स्थानीय विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के काठाकोनी लाखासार पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, कमिश्नर सुनील जैन व कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अभिनंदन किया।

सीएम साय के नेतृत्व में राज्य का चहुंमुखी विकास: धर्मजीत

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहुँमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो भी वादा करते हैं, उसे अवश्य पूरा करते हैं। विधायक श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा तखतपुर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा अनेक कार्य प्रगतिरत हैं। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के प्रयासों से क्षेत्र में विकास को नई गति मिली है। छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का अभिनंदन किया और गौधाम योजना के शुभारंभ के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से गोधन संरक्षण को नई दिशा मिलेगी तथा बेसहारा और निराश्रित गौवंश के संरक्षण को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर कमिश्नर बिलासपुर सुनील जैन, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, संचालक पशु चिकित्सा चंद्रकांत वर्मा, संयुक्त संचालक पशु पालन विभाग जी एस तंवर, गौ सेवा आयोग के जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे सहित बड़ी संख्या में किसान, पशुपालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

हैलीपैड पर आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय काठाकोनी लाखासार पहुंचे। हेलीपैड पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और कृषि मंत्री राम विचार नेताम भी मुख्यमंत्री के साथ आए। श्री साय लाखा सार में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधाम योजना का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक,बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कमिश्नर सुनील जैन, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 11 जिलों में 29 गौधाम का किया शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बिलासपुर के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में राज्य के 11 जिलों में 29 गौधामों ने कामकाज शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जोगीपुर में बनने वाले राज्य के प्रथम गौ अभ्यारण्य का शिलान्यास भी किया। इनमें बिलासपुर जिले के लाखासार, ओखर, जैतपुर और हरदीकला गौधाम भी शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने की।

कार्यक्रम में कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, विधायक सर्वश्री अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पशुपालक, गौ सेवक, किसान, ग्रामीणजन, तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों के पशुपालक वर्चुअल जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में जिले के कोटा विकासखण्ड के ग्राम जोगीपुर में प्रस्तावित गौ अभ्यारण्य का शिलान्यास भी किया। यह अभ्यारण्य लगभग 184 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। राज्य सरकार द्वारा इसके विकास के लिए प्रथम चरण में 1 करोड़ 32 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके पूर्ण होने पर अभ्यारण्य में एक साथ 2500 के लगभग पशुओं का संरक्षण किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। गौधाम योजना के माध्यम से बेसहारा एवं घुमंतू गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा तथा पशुधन संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोधन संरक्षण और गौसेवा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ एमओयू किया गया है। इसके तहत कई जिलों में गाय वितरण का कार्य भी प्रारंभ किया गया है, जिससे प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौधामों में गौवंश के लिए चारा, पानी और समुचित देखभाल की व्यवस्था की जाएगी तथा इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में शासकीय भूमि पर स्थापित होने वाले सभी गौधाम अब 'सुरभि गौधाम' के नाम से जाने जाएंगे। इन गौधामों में पशुपालन, हरा चारा उत्पादन तथा गोबर से उपयोगी उत्पाद तैयार करने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इस योजना से सड़क दुर्घटना में भी कमी आएगी। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि गौधाम योजना का शुभारंभ एक पुनीत अवसर है। उन्होंने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है तथा गोधन संरक्षण के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

आज का दिन एतिहासिक: नेताम

कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है, जब पूरे प्रदेश में एक साथ गौधाम योजना की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विकासखंडों में 10-10 गौधाम चरणबद्ध रूप से स्थापित किए जाएंगे, जिससे गौवंश संरक्षण के साथ-साथ लोगों को स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर पटेल ने कहा कि गाय हमारे अस्तित्व के लिए जरूरी है। गौवंश के संरक्षण के लिए राज्य सरकार सुनियोजित कार्ययोजना के तहत कार्य कर रही है। इस अवसर पर कमिश्नर बिलासपुर सुनील जैन, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, संचालक पशु चिकित्सा चंद्रकांत वर्मा, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, संयुक्त संचालक पशु पालन विभाग जी एस तंवर, गौ सेवा आयोग के जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे, पूर्व सांसद लखन साहू, दीपक सिंह, मोहित जायसवाल सहित बड़ी संख्या में किसान, पशुपालक उपस्थित थे।

दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन में ठहराव की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा नवरात्रि मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का 5 मिनट का अस्थायी ठहराव पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मण्डल के मैहर स्टेशन में 18 से 29 मार्च तक के लिए दिया जा रहा है। विवरण इस प्रकार है :- 18 से 28 मार्च तक दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस मैहर स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी मैहर स्टेशन 05.35 बजे पहुंचेगी।

सुविधाः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपना रहा, वैगनों में डोर की कमी, क्षतिग्रस्त दरवाजे, बॉडी पैनल की कमी का पता चल रहा

रेलवे में एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल परिचालन को और अधिक संरक्षित, कुशल एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में भिलाई स्थित पी.पी. यार्ड में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की सफलतापूर्वक स्थापना एवं कमीशनिंग की गई है। इस अत्याधुनिक प्रणाली का उद्देश्य यार्ड परीक्षण के लिए आने वाली मालगाड़ियों के वैगनों में होने वाली भौतिक क्षतियों की शीघ्र एवं सटीक पहचान करना है, जिससे मरम्मत कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके तथा रेल संरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके।

यह एआई आधारित प्रणाली मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के माध्यम से वैगनों में होने वाली विभिन्न प्रकार की भौतिक क्षतियों की पहचान करती है। इसके अंतर्गत वैगनों में डोर की कमी, क्षतिग्रस्त दरवाजे, अवशिष्ट माल (रेजिडुअल कंसाइनमेंट), फर्श की शीट का अभाव, बॉडी पैनल की कमी आदि जैसे दोषों का स्वत: पता लगाया जा सकता है। किसी भी रेक के यार्ड में प्रवेश करने और सिस्टम से गुजरने के पश्चात यह प्रणाली स्वचालित रूप से प्रत्येक वैगन नंबर के साथ चिन्हित दोषों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर देती है। इस प्रणाली में उच्च गुणवत्ता वाले हाई-डेफिनिशन मशीन विज़न कैमरों (06 इकाइयाँ), विशेष प्रकाश स्रोत तथा एक समर्पित सर्वर रूम की व्यवस्था की गई है। कैमरों द्वारा प्राप्त चित्रों एवं संकेतों को सर्वर पर प्रोसेस कर विश्लेषण किया जाता है, जिसके आधार पर प्रत्येक वैगन की स्थिति का विस्तृत एवं सटीक रिपोर्ट तैयार किया जाता है।

सुधार कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने में सहायक

एआई आधारित यह प्रणाली यार्ड में पारंपरिक निरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व ही वैगनों में संभावित क्षतियों का समग्र अवलोकन उपलब्ध कराती है। इससे यार्ड परीक्षण के दौरान दोषों की पहचान, मरम्मत की योजना बनाने तथा आवश्यक सुधार कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने में सहायता मिलती है। यह प्रणाली स्व-अध्ययन (सेल्फ-लर्निंग) एआई तकनीक पर आधारित है, जिसके कारण समय के साथ इसकी कार्यक्षमता और सटीकता में निरंतर वृद्धि होती रहती है तथा सिस्टम द्वारा संकलित डाटा का विश्लेषण कर यह स्वयं को और अधिक सक्षम बनाता है। तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कुशल निर्देशन एवं निरंतर प्रोत्साहन से जोन में आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में रेल संरक्षा, परिचालन दक्षता तथा परिसंपत्तियों के रखरखाव को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न नवाचारों को लागू किया जा रहा है। एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे मालगाड़ियों के वैगनों में होने वाली क्षतियों की पहचान अधिक तेजी और सटीकता के साथ की जा सकेगी तथा यार्ड निरीक्षण और मरम्मत कार्य को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे न केवल रेल संरक्षा सुदृढ़ होगी बल्कि माल परिवहन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

जागरूक उपभोक्ता ही है सुरक्षित बाजार की नींव

योगेश कुमार गोयल

जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अक्सर होता रहता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह वैश्विक पहल उत्पाद सुरक्षा, उपभोक्ता जागरूकता और मजबूत नियमों की आवश्यकता पर जोर देती है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई थी और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात् पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। वैसे बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं।

उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के प्रति सचेत हुए। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें।

ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं। यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986' का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफवह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हर्जाना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया।

ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का साना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना ही पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका एक प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है लेकिन जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो आश्चर्य होता है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

व्यंग्य रचनाः जरा हट के, जरा बच के...

डॉ. किशोर अग्रवाल

ऑक्सीजोन में कुछ ढीठ पौधे अभी भी हरे ही खड़े थे। फूलों के नाम पर बोगनवेलिया की चंद झाड़ियां बेशर्मी से खिलखिला रही थीं। मुरम के मैदान में कभी घास लगाई गई थी मैदान के किनारों पर इक्का दुक्का घास के हरे पैच कसम खाने को बाकी थे। जिंदगी भर मेहनत से जूझे अब बुझे-बुझे चेहरों वाले बूढ़ों की रोजाना की गपशप जारी थी। "बड़ा बुरा हुआ , ऐसा कभी ना सोचा था अमितेश ऐसा निकल जाएगा कोई सोच सकता है भला ? आह भर कर सिन्हाजी ने कहा। "हां सोचा तो न था पर सच तो सामने ही है ।" वर्मा जी बोले।

"क्या हुआ किस पर अफसोस जता रहे हैं सिन्हाजी हमें भी तो बताइए किसने क्या कर दिया ?"

छड़ी चबूतरे पर टिकाकर दुबे जी ने पैर ऊपर मोड लिए ।

कभी मुख्यमंत्री ने फीता काटकर यह ऑक्सीजोन शहर वासियों के घूमने फिरने व शारीरिक व्यायाम के लिए शुरू कर बुजुर्गों के लिए बनवाया था, एक चौपाल भी बनवाकर दी थी कि वहां बैठकर बुजुर्ग योगाभ्यास और आत्म चिंतन करेंगे , पर अब यह स्थान पीडब्ल्यूडी के मेंटेनेंस बुक में खर्च डालने भर को रह गया है। इस जगह का यह फायदा जरूर हुआ कि आसपास के रिहाईसी घरों में नाकारा पड़े ,दुत्कारे हुए और ऊबे हुए बूढ़े यहां निकल आते तो घर के लोग पीछे से पिज़्ज़ा बर्गर आराम से खा लेते । इधर-उधर चबूतरों पर बैठकर डोकरे दिन दुनिया की चिंता करते अपनी दमित इच्छाओं के झूठे किस्से सुना डालते, मन का गुबार निकाल लेते , बेटा बहू के व्यवहारों की अदृश्य लातों से सुन्ना पड़ा पिछ्वाड़ा सहला लेते और उनकी चुगलियां कर लिया करते।

"अब क्या बताएं दुबे जी , आपको तो पता ही है कि नागर साहब ने किन जतनो से घर द्वार ,जमीन गिरवी रखकर और फिर बेचकर अपने बच्चों को विदेश में पढ़ाया । पिछले साल नागर जी की पत्नी का स्वर्गवास होने पर ना तो उनकी बेटी आई न ही अमितेश ही आया । दोनों ने छुट्टी नहीं मिलने की बात कह दी ।""यह तो सब जगह ही होने लगा है ,नई क्या बात है । हर डेढ़ होशियार बाप पेट काटकर ,घूस लेकर ,लोगों को ठगकर , कैसे भी तो बच्चों को हायर एजुकेशन के लिए विदेश भेज ही रहा है । वे वहीं सेटल होकर अपनी शादी कर लेने की सूचना दे देते हैं । बाप को ज्यादा खुजली हुई तो वह एक बार यहां बची बची रकम फूंक कर फिर शहनाई बजवा लेता है।" दुबे जी बोले ।

"अरे मां बाप तब याद आ जाते हैं जब बच्चा पेट में हो ,जचकी कराने व पालने को मुफ्त के घरेलू नौकरों की जरूरत पड़े तब ।" वर्मा जी ने अपनी तरफसे तड़का लगाया ।

"अरे अमितेश के बारे में क्या कह रहे थे?"

"हां यही कि मां को कंधा देने तो आया ही नहीं था , नागर जी को छह माह पहले दिल का दौरा पड़ा था पड़ोसियों ने समय पर डॉक्टर को दिखाकर जान तो बचा ली पर उनकी सर्जरी बताई गई है । नागर जी ने किसी तरह रकम भी जुटा ली है पर चाहते हैं कि सर्जरी के समय बेटा साथ रहे । दोनों भाई बहन फिर काम का बहाना और छुट्टी नहीं मिलने का बहाना लगाकर बोल दिए कि और पैसे लगे तो भेज देंगे पर सर्जरी आप ही किसी तरह मैनेज कर लो ।"

यह सुनकर पीछे बैठे लालाजी मानो फट ही पड़े

"अमितेश तो अच्छा ही है जी, यहां तो रकम की खातिर बेटा ही सीमेंट के ड्रम में बैठाने की जुगत लगा रहा था । मैं कहता हूं किसके लिए कमा रहे हो लाला , खुद का बेटा ड्रम में भर दे रहा है , कई यहीं फ्लेटों में सड़ने छोड़ गए हैं । सड़ी गली लाशें गंधा रही हैं , कई अपनों का अंतिम संस्कार ऑनलाइन करा रहे हैं । जरा बचो बादशाहों !

किस पीढ़ी के लिए , किन बच्चों के लिए , किस परिवार के लिए खुद को मशीन बनाकर जिंदगी भर खून जला रहे हो ? जरा संभल लो अब तो !

" किसने दुनिया में भेजते समय कहा था कि गधे की तरह दिन-रात काम करना , घर परिवार बीवी के लिए खुद को खत्म कर लेना ।"

" जरा हटके , सीखो बादशाहों ! कौन बोला कि अपना सब कुछ दांव पर लगाकर बुढ़ापे में सबके ताने सुनना, बच्चों को बाहर भेजने के लिए खुद को गिरवी रख देना और खुद लावारिस हो जाना ?"

"अब भी सुधरो जानवरों ,किसने तुमको कहा था कि बहुत पैसा कमा कर बच्चों के लिए छोड़ जाना , अपना एकलौता जीवन होम कर चार पीढ़ियों के लिए भी छोड़ जाना ।"

"किसने कहा कि सबके लिए जीना है और खुद को मार देना है , अपना आनंद मस्ती और सुकून मार देना है ।"

"जल्दी समझ जाओगे तो जी जाओगे , अपने लड़कों को कह दो कि नई पीढ़ियों के लिए जान मत दे दें । बचो भाई इस त्रासदी से बचो और समझो हम इस दुनिया में रहने नहीं आए यहां से बस गुजर रहे हैं और गुजर जाएंगे ।"

दुनिया का दस्तूर है आपने किसके लिए कितना कुछ किया, संघर्ष किया ,तनाव झेला ,दर्द झेला , आज की पीढ़ी को इससे कुछ लेना देना नहीं । खुद को उच्च कुलिन बताने के लिए लौंडे लौंडियों को बाहर भेज कर मूंछें ऐंठी थी ना , अब भी संभल जाओ , कम से कम श्मशान में लड़का पास खड़ा तो मिल जाएगा।

चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व एक विशिष्ट साधना का मुहूर्त

मुकेश ऋषि

चैत्र नवरात्र हिन्दुओं में मनाये जाने वाले सभी प्रमुख पर्वों में से एक है। इसका वर्णन भगवान आद्य षंकराचार्य विरचित सौंदर्य लहरी ग्रंथ में मिलता है। माता पार्वती के पूछने पर भगवान श शंकर नवरात्र का परिचय देते हुए बताते हैं-नवशक्तिभिः संयुक्तं नवरात्र तदुच्यते। एकवदेव देवेशि नवधा परितिष्ठिता।। अर्थात् नवरात्र नौ शक्तियों से संयुक्त है। नवरात्र के नौ दिनों में प्रतिदिन एक शक्ति की पूजा का विधान है। इन नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। देवी भागवत में उल्लेख है-सुरराजगुरौ यदि सा विजया। नरवाहनगा शुभ सौख्य करा।। यह संकेत है कि राष्ट्र में सुख-समृद्धि और मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। इसलिए नौ दिनों तक चलने वाले पर्वों में माँ दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नौ दिनों की साधना में प्रथम दिवस, शैलपुत्री, द्वितीय दिवस ब्रह्मचारिणी, तृतीय दिवस चंद्रघंटा, चतुर्थ दिवस कुष्मांडा, पंचम दिवस स्कंदमाता, षष्ठम् दिवस कात्यायनी, सप्तम दिवस कालरात्री, अष्टम दिवस महागौरी तथा सिद्धिदात्री देवी का नवम दिवस होता है। पिछले आठ दिनों की तपष्चर्या से ही नवें दिन सूक्ष्म रूप में दिव्य अनुदानों की वर्षा साधक पर होती है व साधक का व्यक्तित्व परिष्कृत होता है। हिन्दु नवसंवत्सर का शुभारंभ भी इस समय में होता है। ऐसे साल में चार नवरात्रि आती है। लेकिन चैत्र व आष्विन की नवरात्रि देवी दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए खास रूप से माना जाता है। 2026 में 19 मार्च गुरूवार से चैत्र नवरात्र से शुरू हो रहा है और 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी का पर्व पूजन के साथ मनाया जाता है। हिन्दू धर्म में प्रचलित मान्यताओं के अनुसार चैत्र नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा का जन्म हुआ था और मां दुर्गा के कहने पर ही ब्रह्मा जी सृष्टि का निर्माण किया। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दु वर्ष का शुभारंभ होता है। मान्यतानुसार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म भी चैत्र नवरात्र में हुआ था। इसलिए धार्मिक दृष्टि से भी चैत्र नवरात्र का महत्व बढ जाता है। चैत्र नवरात्र का शुभारंभ घट स्थापना से होता है। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन प्रातः काल स्नानादि के पष्चात् स्वच्छ वस्त्र धारण कर नवरात्र अनुष्ठान व्रत का संकल्प लिया जाता है। इसके पष्चात् मिट्टी का वेदी बनाकर घट का स्थापना विधिवत् वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न करना चाहिए और इस घट के ऊपर नारियल स्थापित करें तथा विधिवत् कलश का पूजन, आवाहन करें। माँ का श्रृंगार रोली, चावल, सिंदुर, दूब, फुल, चुनरी, आभूषण और सुहाग की वस्तु से करें और दुर्गा सप्तसती का विधिवत् पाठ, नवाह मंत्र जप, योगिनी साधना, यक्षिणी साधना, काल भैरव साधना, तंत्र साधना, महासरस्वती, महालक्ष्मी, महाकाली साधना, बगलामुखी साधना, त्रिपुर सुंदरी साधना अपने इष्ट के मनोनुकूल करना उचित व अनिवार्य होता है। पूजा के समय माँ की भक्ति और आराधना अखंड दीप जलाकर करें। चैत्र नवरात्र शारदीय नवरात्र की ही तरह होता है और कहा जाये तो शारदीय नवरात्र से ज्यादा प्रधानता चैत्र नवरात्र की दी जाती है; क्योंकि इस समय व्यक्ति साधना, भक्ति, जप में ज्यादा लीन रहते हैं। चैत्र नवरात्रि में ज्यादा से ज्यादा साधना की जाती है। शारदीय नवरात्रि में लोग बड़े-बड़े कार्यक्रमों में उलझ जाते हैं। लेकिन चैत्र नवरात्रि ऐसी नवरात्रि है, जिसमें लोग खासकर अपने घर के कुल देवता, देवी, देवताओं को तरह-तरह से भोग लगाते हैं। अधिकांशतः साधकों, भक्तों में मतिभ्रम होता है कि नवरात्र में किन-किन देवी-देवताओं की साधना

जप-तप करें। एसे साधकों, भक्तों को नवाह मंत्र ''ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे'', गायत्री का 24000 हजार मंत्र जप लघु अनुष्ठान नियमपूर्वक करना चाहिए। उपवास, भूमि शयन, मौन, फलाहार, चर्मत्याग, स्वयं सेवा, व्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। नियमपूर्वक साधना करने से साधक को नवदुर्गा की दिव्य शक्ति प्राप्त होती है। तीसरा नेत्र जागृत होने लगता है। किसी प्रकार के टोने-टोटके तथा कई प्रकार की समास्याओं के समाधान के लिए साधक को शक्ति प्राप्त हो जाती है। आगे-पीछे होने वाली घटनाओं का आभास होने लगता है। अगर नवाह मंत्र को गुरू मंत्र के रूप में कोई ले रखा है तो देवी को इष्ट मानकर उसकी साधना लगातार करनी चाहिए। नवाह मंत्र की साधना करने वाले के पास बड़ी-बड़ी शक्तियां उसकी सुरक्षा के लिए खड़ी रहती है। जिस घर में नवाह मंत्र की साधना होती है, उस घर की सुरक्षा के लिए दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती कवच बनकर खड़ी रहती है। उस घर की सीमा के अंदर नाकारात्मक उर्जा का समावेश नहीं होता है। साधक की बाहरी सुरक्षा के साथ-साथ उसकी जीवात्मा का भी उत्थान तत्परतापूर्वक होना आरंभ हो जाता है। नवाह मंत्र का जप ऐसी चीज है, जैसे किसी घड़ा में जल डाल रहे हैं तो जल घड़ा के अंदर ही रहेगा, बाहर कभी भी नहीं जायेगा। इसी तरह से मंत्र की शक्ति जीवात्मा के साथ एकत्रित होती रहती है। उनके अंदर सूक्ष्म शक्तियों का समावेश हो जाता है। जिसे बहुत सारे साधक महसूस तक नहीं कर पाते हैं। घर-परिवार की समास्याओं को सुलझाने के साथ-साथ मृत्यु के पष्चात् भी मंत्र की शक्ति जीवात्मा के साथ ही पास में रहती है और दैवी शक्ति और शक्तिशाली होकर ही आगे बढती ही रहती है। मंत्र शक्ति कम हो या अधिक कभी निष्फल नहीं होती है। व्यक्ति के शुभ कर्मों का फल परमात्मा की कृपा से शुभ ही प्राप्त होता है। मंत्र जप का फल भगवान के खाते में कभी भी कम नहीं लिखा जाता है और न ही इसमें कोई खोट ही होता है। नवाह मंत्र की साधना के लिए 151 माला की नित्य की साधना का संकल्प लेकर प्रातः सायं दो बार में जप पूर्ण करना चाहिए।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप के विचार कुछ नया करने के रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर भी नए प्रयोग अमल में लाएंगे इनसे लाभ भी तुरंत हो जाएगा जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

वृषः आज का दिन सामान्य रहेगा लेकिन आज की गई मेहनत रात्रि बाद से रंग दिखाने लगेगी आलस्य को त्याग निर्धारित कार्यो को पूर्ण करने में लग जाएं।

मिथुनः आज आपके समस्त जरूरी कार्य दिन रहते पूर्ण करले इसके बाद परिस्थितियां विपरीत होने पर विघ्न-बाधाएं आने लगेगी। घरेलू आवश्यकताओं अथवा परिजनों की जिद पूर्ण करने में समर्थ तो रहेंगे लेकिन असुविधा भी होगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए कई संभावनाएं जगाएगा। दिन के आरंभ में वाणी को संयमित रखें अन्यथा सम्मान में कमी आने की सम्भावना है। आर्थिक एवं पारिवारिक दृष्टिकोण से आज दिन शुभ रहेगा।

सिंहः आज के दिन आपका समय अनावश्यक कार्यो के पीछे नष्ट होगा। घरेलू समस्याए ज्यादा रहने के कारण व्यावसायिक क्षेत्र पर मन लगाकर कार्य नही कर सकेंगे।

कन्याः आज के दिन आपको बौद्धिक कार्यो में सफलता मिलेगी। सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी छवि बुद्धिमानो जैसी बनेगी। सीमित साधनों से काम करने पर आय भी कम ही रहेगी।

तुलाः आज के दिन आप छोटे मोटे कामो की अनदेखी करेंगे बाद में ये ही चिंता का विषय बनेंगे। व्यवसाय में सरकारी अवरोध कम होंगे। परिजनों का सुख दिन में कम लेकिन संध्या बाद अधिक रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिये थोड़ा उठा पटक वाला रहेगा आज आप शीघ्र पूर्ण होने वाले कार्यो को पहले करें लंबे समय मे होने वाले कार्यो को अभी विराम दें।

धनुः आपका आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज प्रत्येक कार्य मे अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी अथवा अन्य कागजी कार्य कई बार प्रयास करने पर ही बनेंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिए लाभ के अवसर उपलब्ध कराएगा। परन्तु आज मन कार्यो से हटकर अन्यत्र भटकने के कारण होने वाले लाभ में कमी आएगी।

कुंभः आपको आज का दिन धैर्य से बिताने की सलाह है। बिना सोचे समझे कोई भी निर्णय अवश्य हानि का कारण बनेगा। व्यवसाय में भी किसी से हानिकर समाचार मिलने से मन अशांत रहेगा। महिलाये स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

मीनः आज के दिन आपको आकस्मिक धन लाभ की प्राप्ति होगी। घर के सदस्यों के साथ ही बाहर के लोग भी आपका यथा सामर्थ्य सहयोग करेंगे। घरेलू शांति बनी रहेगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत का पहला नदी प्रकाशस्तंभ किस नदी पर बनाया जाएगा?

2) आरबीआई ने भारत का दूसरा सुरक्षित डेटा केंद्र किस राज्य में स्थापित किया है?

3) होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को किससे जोड़ता है?

4) प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना किस वर्ष शुरू की गई थी?

5) लोकसभा के प्रथम महिला महासचिव कौन थी?

उत्तरमाला- (1) ब्रह्मपुत्र नदी (2) ओडिशा (3) ओमान की खाड़ी (4) नवंबर 2008 (5) स्नेहलता श्रीवास्तव

पहेली

शब्द सामर्थ्य -342

बाएं से दाएं
1. सम्पत्ति, खजाना 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 341 का हल

नवागढ़ की प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार सजग, मंत्री ने दिए सर्वेक्षण के निर्देश

■ संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने विस्तृत जांच के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने कोंडागांव जिले के नवागढ़ क्षेत्र में प्राप्त प्राचीन पुरातात्विक अवशेषों के संबंध में त्वरित संज्ञान लिया है। मंत्री श्री अग्रवाल ने पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय को निर्देशित किया है कि नवागढ़ क्षेत्र में उपलब्ध प्राचीन प्रतिमाओं और अन्य पुरातात्विक अवशेषों का विशेषज्ञ दल के माध्यम से शीघ्र स्थल निरीक्षण एवं विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाए।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि नवागढ़ क्षेत्र में 5वीं-6वीं शताब्दी ईस्वी से संबंधित प्राचीन प्रतिमाओं और अन्य अवशेषों की जानकारी सामने आने के बाद इस स्थल का वैज्ञानिक अध्ययन अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विशेषज्ञ दल द्वारा क्षेत्र में उपलब्ध सभी प्रतिमाओं, स्थापत्य अवशेषों, शिल्प कलाकृतियों और संभावित पुरातात्विक स्थलों का सूक्ष्म अध्ययन किया जाए तथा उनका विस्तृत दस्तावेजीकरण भी किया जाए, ताकि इन धरोहरों के ऐतिहासिक महत्व का समुचित आकलन किया जा सके।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सर्वेक्षण और स्थल निरीक्षण से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर आवश्यकतानुसार इन पुरातात्विक अवशेषों के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। यदि स्थल का ऐतिहासिक महत्व प्रमाणित होता है, तो उसे संरक्षित पुरातात्विक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में भी पहल की जाएगी।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती प्राचीन सभ्यताओं, स्थापत्य कला और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं से परिपूर्ण रही है। प्रदेश के अनेक अंचलों में ऐसे महत्वपूर्ण स्थल हैं, जिनका व्यवस्थित अध्ययन और संरक्षण किए जाने की आवश्यकता है। राज्य सरकार इन धरोहरों की पहचान, संरक्षण और उनके वैज्ञानिक अध्ययन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शोधकर्ताओं, इतिहासकारों और आम नागरिकों की सहभागिता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन धरोहरों का संरक्षण केवल अतीत को सुरक्षित रखने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और इतिहास से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि ऐतिहासिक स्थलों और पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षण के साथ-साथ अध्ययन, शोध और सांस्कृतिक पर्यटन के दृष्टिकोण से भी विकसित किया जाए, जिससे प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को व्यापक पहचान मिले और स्थानीय स्तर पर पर्यटन एवं रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो सके।

न्यूज गैलरी

हथियार से पब्लिक को डराने वाले के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

जगदलपुर/नवप्रदेश। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं आसामाजिक तत्वों पर पुलिस लगातार कारवाई कर रही है। कार्यवाही एसपी शलभकुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के दिशा निर्देश एवं सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया। 12 मार्च को ग्राम मारकेल रोड किनारे चिंगडु ट्रेक्टर गैरेज के सामने आरोपी राजु यादव पिता सुंदर राम यादव निवासी ग्राम मारकेल द्वारा हथियार लहराकर लोगो को डरा धमका कर आसपास के लोगों को भयभीत कर गांव का माहौल खराब कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार लोहे के हथियार को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। महत्वपुर्ण भुमिका अदा करने में नाम निरीक्षक संतोष सिंह उनि सतीस यदुराज ,सउनि महेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अजय साहु, विनोद यादव डीएसएफ आरक्षक मनोज कश्यप का विशेष योगदान रहा है।

कांग्रेस नेता विनोद तिवारी को दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित विवादित टिप्पणी करने के मामले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पीसीसी संयुक्त महामंत्री विनोद तिवारी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की टीम ने उन्हें उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले से हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार विनोद तिवारी कौशांबी में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान दिल्ली पुलिस की टीम वहां पहुंची और उन्हें हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई 3 फरवरी को सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट से जुड़े मामले में की गई है। सूत्रों के मुताबिक उक्त पोस्ट को लेकर पहले भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस टीम ने कौशांबी पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार किया। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने विनोद तिवारी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई है और मामले को लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

कठिया आउटलेट पुनरोद्धार कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। खस्ताहाल कठिया आउटलेट से सिंचाई में होने वाली दिक्कतों की ओर ध्यानाकर्षण कराये जाने पर शासन ने इसके रिमाडलिंग व लाइनिंग कार्य के प्रस्ताव को बजट में शामिल तो कर लिया है पर इसे आज तक प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिल पाया है । चालू वित्तीय वर्ष में ही इसे प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने की मांग को ले क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक व मंत्री गुरू खुशवंत सिंह को ज्ञापन सौंपा गया है । महानदी जलाशय परियोजना के जल प्रबंध संभाग क्रमांक 01 के अधीनस्थ आने वाले जल उपभोक्ता संस्था टेकारी के अंतर्गत आता है कठिया आउटलेट । जीर्ण - शीर्ण इस आउटलेट से सिंचाई में होने वाली दिक्कतों की ओर ग्रामीणों एवं सिंचाई पंचायत द्वारा लगातार ध्यानाकर्षण कराये जाने पर बजट में शामिल ?यह कार्य आज तक प्रशासकीय स्वीकृति की? बाट जोह रहा है। आसन्न 31 मार्च को वर्तमान वित्तीय वर्ष समाप्त होने के मद्देनजर टेकारी जल उपभोक्ता संस्था के अध्यक्ष रहे भूपेन्द्र शर्मा के साथ गये ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जहां क्षेत्रीय सांसद को वहीं क्षेत्रीय जनपद सदस्य राजू मनहरे के साथ पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन सौंप इस कार्य को इसी वित्तीय वर्ष में प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने का आग्रह किया है ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू हो सके व किसानों को प्रभावी सिंचाई सुविधा मिल सके ।

महाराष्ट्र मंडल के महिला दिवस पर महानतम महिलाओं पर होगी नाटिका

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार, 14 मार्च को आयोजित भव्य समारोह में वर्षों से मानव सेवा में लीन 20 नर्सों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार गोविंद ठाकरे होंगे। मंडल के चौबे कॉलोनी, रोहिणीपुरम, सुंदर नगर और डंगनिया महिला केंद्रों की ओर से संत ज्ञानेश्वर सभागृह में दोपहर 3:30 बजे आयोजित इस कार्यक्रम देश की प्रेरणास्पद व महानतम महिलाओं पर आधारित नाटिका आकर्षण का केंद्र होगी। यह नाटिका चौबे कॉलोनी महिला केंद्र की ओर मंचित की जाएगी। वहीं डंगनिया व रोहिणीपुरम केंद्र की ओर से आकर्षक नृत्य पेश किए जाएंगे। चौबे कॉलोनी केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित, रोहिणीपुरम की साधना बहिरट, डंगनिया की अनुभा जाऊलकर, सुंदर नगर केंद्र की संयोजिका स्मिता टेंबे ने बताया कि महिला दिवस समारोह में तात्कालिक भाषणा स्पर्धा को लेकर सभी केंद्रों की प्रतिभागियों में खासा उत्साह है। मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल और महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने महिला दिवस समारोह में मंडल के पदाधिकारियों व अधिकाधिक महिला सभासदों से उपस्थिति की अपील की है।

महाराष्ट्र मंडल में वाल्मिकी रामायण कथा 28 मार्च से

रायपुर/नवप्रदेश। आध्यात्मिक आयोजनों की श्रृंखला में महाराष्ट्र मंडल 28 मार्च से एक अप्रैल तक वाल्मिकी रामायण कथा और हनुमान जयंती पर दो अप्रैल को नारदीय कीर्तन का आयोजन कर रहा है। पांच दिवसीय इस आयोजन में बुवा पुणे से पधारे रामनाथ रामचंद्र अय्यर श्रद्धालुओं और श्रोताओं को प्रभु श्रीराम के प्रेरक प्रसंगों पर प्रवचन देंगे।

खेल अधोसंरचना के विकास से निखर रही प्रदेश की प्रतिभाएं: मुख्यमंत्री साय

■ मुख्यमंत्री का स्नेह और प्रोत्साहन हमेशा हौसला बढ़ाता है: आकांक्षा सत्यवंशी

सीएम साय ने टीम का किया उत्साहवर्धन

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट श्रीमती आकांक्षा सत्यवंशी ने कहा कि विश्व कप जीतकर लौटने के बाद सबसे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया और प्रदेश की बेटी के नाते उन्हें व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि अभिभावक की तरह मुख्यमंत्री का यह स्नेह और प्रोत्साहन हमेशा उनका मनोबल बढ़ाता है।

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित अपने निवास में आयोजित एक गरिमामय समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट और छत्तीसगढ़ की बेटी श्रीमती आकांक्षा सत्यवंशी को टाटा सिएरा कार उपहार स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रीमती आकांक्षा को बधाई देते हुए कहा कि हमारी बेटियों ने विश्व कप जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने महिला क्रिकेट टीम के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए टाटा मोटर्स द्वारा कार उपहार देने की इस पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल अधोसंरचना के निरंतर विकास से प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर ओलंपिक और सरगुजा ओलंपिक जैसे प्रयासों के माध्यम से प्रदेश के सुदूर अंचलों के युवा भी खेलों से जुड़ रहे हैं। वहीं नेशनल ट्राइबल गेम्स की मेजबानी प्रदेश को मिलने से भी राज्य में खेलों के लिए सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला क्रिकेट टीम की यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रदेश की बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछली मुलाकात के दौरान भी आकांक्षा का आत्मविश्वास और ऊर्जा बेहद प्रेरणादायक थी और आज भी उनमें वही उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यही जज्बा भविष्य में होने वाले विश्व कप में भी टीम को सफलता दिलाएगा। आकांक्षा ने कहा कि आज मुख्यमंत्री से यह सम्मान प्राप्त कर उनका दिन यादगार बन गया है और यह पल उनके जीवन में हमेशा विशेष रहेगा। उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में टीम में अपनी भूमिका तथा विश्व कप जीत की यात्रा से जुड़े अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, आकांक्षा के परिजन तथा टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

नारी का सम्मान: महाराष्ट्र मंडल की विशाखा व गीता सम्मानित

■ नारी का सम्मान, समाज विकास और सशक्त राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण कदम: मीनल चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल और महिला प्रमुख विशाखा मदन तोपखानेवाले को उनके सेवाभावी कार्यों के कारण सर्वमंगल फाउंडेशन ने एक भव्य समारोह में सर्वमंगल गौरव सम्मान से सम्मानित किया। विशाखा और गीता को यह सम्मान महापौर मीनल चौबे ने दिया। इस समारोह में करीब 61 जानी- मानी महिला हस्तियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मीनल चौबे ने कहा कि समाज के विकास और सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में नारियों का सम्मान एक महत्वपूर्ण कदम है। महिलाएं अपने जीवन में न जाने कितने दुख सहतीं हैं, फिर भी परिवार और समाज के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं, आगे बढ़ते रहती है। आज रक्षा, विज्ञान, अध्ययन से लेकर आटो चलाने तक के कार्यों में महिलाएं जीवटता के सक्रिय हैं। वृंदावन हॉल में सर्वमंगल फाउंडेशन की ओर से आयोजित ÷सर्वमंगल गौरव सम्मान 2026÷ में महाराष्ट्र मंडल की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल को उनके पर्यावरण, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम को चलाने और महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले को महिला सशक्तीकरण और झुग्गी बस्तियों में शिक्षा के साथ संस्कार अभियान चलाने के उपलब्धिपूर्ण कार्यों के कारण महापौर के हाथों से सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ ग्रामीणों के पक्के घर का सपना

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से जिले के ग्रामीण परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँच रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के ग्राम बंगुरकेला निवासी श्री ज्ञानु भगत को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ प्राप्त हुआ है।

श्री ज्ञानु भगत ने बताया कि पहले वे अपने परिवार के साथ मिट्टी के छोटे से कच्चे मकान में निवास करते थे। बरसात के मौसम में घर की छत से पानी टपकता था तथा गर्मी के दिनों में दीवारें अत्यधिक तप जाती थीं। साथ ही जहरीले जीव-जंतुओं का भय बना रहता था। घर की बार-बार मरम्मत कराने से उन्हें आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत उन्हें पक्के आवास की स्वीकृति मिली।

राजधानी के औद्योगिक क्षेत्र में लकड़ी फैक्ट्री में लगी भीषण आग, ट्रैक्टर और मशीनें खाक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के उरला स्थित औद्योगिक क्षेत्र के एक लकड़ी फैक्ट्री में बीती रात आग लग गई। जिससे करोड़ों रूपए का नुकसान होने की संभावना है। रायपुर के उरला औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार देर रात लकड़ी फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि फैक्ट्री में रखा एक ट्रैक्टर और कीमती मशीनें जलकर राख हो गईं। दमकल कर्मियों ने समय रहते फैक्ट्री के अंदर फंसे दो कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। उरला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, भीम सरिया मिनरल प्राइवेट लिमिटेड की लकड़ी फैक्ट्री में आधी रात को अचानक आग भड़की। सूखी लकड़ियों की मौजूदगी के कारण लपटों ने देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आसमान में उठते धुएं और आग के गोले देखकर आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर निगम और निजी उद्योगों की 6 से अधिक दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फैक्ट्री के अंदर दो कर्मचारियों के फंसे होने की खबर से रेस्क्यू ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण हो गया था। दमकल कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर करीब ढाई से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला। आग पर काबू पाने तक फैक्ट्री में खड़ा एक ट्रैक्टर, लकड़ी काटने और फिनिशिंग की मशीनें पूरी तरह जल चुकी थीं। फैक्ट्री में रखा एक ट्रैक्टर और कीमती मशीनें जलकर राख हो गईं। फैक्ट्री में रखा एक ट्रैक्टर और कीमती मशीनें जलकर राख हो गईं।

कलिंगा विवि में स्टार्ट-अप के लिए सत्र आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा यूनिवर्सिटी ने 12 मार्च 2026 को छात्रों के लिए 'अपने स्टार्ट-अप के लिए पिच कैसे करें' विषय पर एक जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया। इस सत्र को पब्लिक स्पीकिंग कोच मानव गुप्ता ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन 'यंग इंडियंस' द्वारा वाणिज्य और प्रबंधन संकाय के सहयोग से किया गया था।

यह सत्र 'भारत उद्यमिता सप्ताह' के हिस्से के तौर पर आयोजित किया गया था—यह भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा समर्थित एक पहल है, जिसका उद्देश्य युवा छात्रों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

इस क्षेत्र के विशेषज्ञ श्री मानव गुप्ता ने बताया कि छात्र अपने स्टार्ट-अप आइडिया को कितनी स्पष्टता और प्रभावशीलता के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने किसी व्यावसायिक अवधारणा को समझाने, समस्या और समाधान दोनों की पहचान करने, और निवेशकों के सामने आत्मविश्वास के साथ अपने आइडिया को प्रस्तुत करने के लिए कुछ ज़रूरी सुझाव साझा किए। उन्होंने प्रस्तुतियों के दौरान अच्छे संचार कौशल, उचित शारीरिक हाव-भाव और आत्मविश्वास रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

सॉफ्टवेयर अपडेट होगा, 21 से 25 मार्च तक नहीं मिलेगा राशन

रायपुर/नवप्रदेश। जिले की सभी राशन दुकानों में 21 से 25 मार्च तक चावल-शक्कर के साथ किसी भी तरह की कोई सामान नहीं मिलेगा। खाद्य संचालनालय के अफसरों का कहना है कि सॉफ्टवेयर को अपडेट किया जा रहा है। इसके अलावा वित्तीय साल 1 अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए भी रायपुर समेत राज्यभर का स्टॉक अपडेट किया जा रहा है। यही वजह है कि चार दिन तक राशन दुकानों से राशन नहीं बंट पाएगा। खाद्य संचालनालय से सूचना मिलने के बाद जिला खाद्य नियंत्रक ने सभी राशन दुकानों से कहा है कि लोगों को बताए कि पांच दिनों तक राशन नहीं मिलेगा। इस वजह से जिन्हें जरूरत है वे अभी राशन ले लें। सॉफ्टवेयर के काम नहीं करने की वजह से ज्यादातर राशन दुकानें भी बंद रहेंगी।

मौसम: बस्तर संभाग के जिलों में हल्की फुहारे पड़ेगी, मध्य छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पारा 40 डिग्री के पार

झारखंड में बने बारिश के सिस्टम का बस्तर में दिखेगा असर

■ मार्च में राज्य का तापमान सामान्य से 4 डिग्री के करीब ज्यादा दर्ज किया गया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मार्च के पहले हफ्ते से ही जोरदार गर्मी पड़ने लगी है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अभी से मई जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। राजनांदगांव जिले का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। राज्य का तापमान सामान्य से 4 डिग्री के करीब ज्यादा दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, गर्मी से फिलहाल राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है। हालांकि बस्तर के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को बस्तर संभाग के कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना हो सकती है। गरज चमक के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के बाद तापमान में 3-5 डिग्री की गिरावट आ सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, झारखंड में बने बारिश के सिस्टम के असर बस्तर में दिखाई दे सकता है।

राजनांदगांव जिले का तापमान 40 के पार

बीते 24 घंटों में सबसे अधिक अधिकतम तापमान राजनांदगांव का दर्ज किया गया है। राजनांदगांव का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। वहीं, सबसे कम तापमान अंबिकापुर जिले का है। अंबिकापुर का तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस के करीब है।

मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रायपुर में जोरदार गर्मी की शुरुआत हो गई है। आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की फिलहाल कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है। शनिवार को रायपुर का मौसम साफ रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान करीब 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने का अनुमान है।

प्रदेश में बढ़ रही है गर्मी

राज्य के ज्यादातर जिलों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। बिलासपुर संभाग के अधिकांश जिलों में पारा लगभग 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 15 मार्च के बाद गर्मी और तेज हो सकती है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

क्रेडिट कार्ड अपडेट के झांसे में रेडियोलॉजिस्ट से 58 हजार की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। भाठागांव स्थित ढेबर सिटी निवासी सोहन कुमार गुरूपरख (26) से क्रेडिट कार्ड वाउचर अपडेट करने के नाम पर 58,432 रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित सुयश अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में कार्यरत है। पुलिस के मुताबिक 6 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे सोहन के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाली महिला ने खुद को बैंक कर्मचारी बताया और क्रेडिट कार्ड वाउचर अपडेट करने की बात कही। उसने एक रिक्वेस्ट नंबर नोट कराने के साथ मोबाइल पर आए नोटिफिकेशन पर क्लिक करने को कहा।

दुर्गम और विषम रास्तों को पार कर कलेक्टर पहुंचे सुदूर गांव विकास की नई इबारत लिखने की तैयारी

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। घने जंगलों और ऊबड़-खाबड़ रास्तों के बीच बसे दंतेवाड़ा के सुदूरवर्ती गांवों में आज विकास की एक नई किरण पहुंची। जिला कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज प्रशासनिक लाव-लश्कर के साथ किरंदुल से हिरोली होते हुए जिले के सबसे दुर्गम गांवों में से एक पुरेंगेल, बड़ेपल्ली एवं बेंगपाल का सघन दौरा किया। यह दौरा महज एक निरीक्षण नहीं, बल्कि उन ग्रामीणों के लिए उम्मीद का संदेश था जो दशकों से बुनियादी सुविधाओं की राह देख रहे थे। पुरेंगेल तक पहुँचने का रास्ता आज भी पगडंडियों और घने वन क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहाँ आधुनिकता की दस्तक अभी तक थमी हुई थी। जब कलेक्टर अपनी टीम के साथ बाइक से विषम रास्तों को पार कर गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों के चेहरों पर झलकी मुस्कान ने इस कठिन सफर की थकान मिटा दी। पुरेंगेल, बेंगपाल और बड़ेपल्ली जैसे आश्रित गांवों की स्थिति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने पाया कि यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियाँ विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा हैं।

ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्पष्ट किया कि अब इन गांवों की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने मौके पर ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को पुरेंगेल तक अविलंब प्राक्कलन तैयार कर सड़क निर्माण करने का आदेश दिया। कलेक्टर का मानना है कि सड़क सिर्फ आवाजाही का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य का द्वार है इसीलिए उन्होंने घोषणा की कि सड़क बनते ही यहाँ आंगनवाड़ी और सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवनों को स्वीकृति दी जाएगी।

सिर्फ बुनियादी ढांचा ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए भी चौतरफा रणनीति बनाई गई है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल के लिए कुंआ, नलकूप और हैंडपंप की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ग्रामीणों को बकरी और सूअर पालन जैसी आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। दुरस्थ क्षेत्रों में रसद की समस्या को देखते हुए इन तीनों गांवों के लिए ऑफलाइन सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

प्रशासन की संवेदनशीलता यहीं नहीं रुकी। कलेक्टर ने घोषणा की कि किरंदुल में एक विशेष शिविर लगाकर ग्रामीणों के बैंक खाते, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जॉब कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाए जाएंगे। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को घर-तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें हर 15 दिन में यहाँ स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगी। ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उन्हें फलदार पौधों का वितरण किया जाएगा और गांव के बुजुर्गों को समाज कल्याण विभाग की ओर से जरूरी उपकरण मुहैया कराए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूलों को सुबह लगाने की मांग की

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कांकेर द्वारा कलेक्टर कांकेर एवं जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर श्री रमेश निषाद से मांग की है कि कांकेर जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे छात्रों को शाला आने में काफी परेशानी सामना करना पड़ेगा वहीं 16 तारीख से केंद्रीकृत परीक्षा प्रारंभ हो रही है अतः भिन्न-भिन्न समय होने पर शाला संचालन में भी दिक्कतें होंगी छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक वजिद खान प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला जिला सचिव संतोष जायसवालजिला पदाधिकारी प्रकाश चौधरी, निरंकार श्रीवास्तव, राजेंद्र खुड़श्याम, दुमेंद्र साहू, राम दयाल अचले जिले के सभी विकास खंड अध्यक्ष सत्यनारायण नायक, भोला प्रसाद ठाकुर, बोधन साहू, खम्मन नेताम, अनूप कुमार पुरबिया,गोरख नाथ ध्रुव, धर्मराज कोरेटी दशरथ सिंह उइके ने छात्र हित में 16 मार्च से प्रातः कालीन संचालन आदेश जारी करने की मांग की है, एसोसिएशन ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में प्रातःकालीन शाला संचालन का आदेश जारी कर दिया गया है ।

ग्राम हारम-2 में उचित मूल्य की दुकान के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीदम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत हारम-02 में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किया जाना है। इस संबंध में विकासखंड गीदम के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हारम-02 के समस्त स्व सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों तथा सेवा सहकारी समितियों को सूचित किया गया है कि यदि वे शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन करना चाहते हैं, तो निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इच्छुक संस्था अथवा समूह अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक 27 मार्च 2026 को शाम 5:00 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीदम में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का आपसी सहमति से हुआ निराकरण

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के अंतर्गत किया गया। यह लोक अदालत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिलों दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के राजस्व न्यायालयों में एक साथ आयोजित की गई। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सदन के सभा कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संतोष कुमार आदित्य द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र संचालित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। । बस्तर क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ÷मन की शक्ति, बस्तर की प्रगति÷ पहल के अंतर्गत ÷आमचो बस्तर निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र÷ संचालित किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से समुदाय के लोगों को निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं पर विशेषज्ञ से चर्चा कर सकें। यह केंद्र शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा के मनोविज्ञान विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। यहां डॉ. दिनेश कुमार लहरी, सहायक प्राध्यापक (मनोविज्ञान) द्वारा लोगों को विभिन्न मानसिक और भावनात्मक समस्याओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। परामर्श के माध्यम से तनाव और चिंता, दैनिक जीवन या शैक्षणिक दबाव से उत्पन्न समस्याएं, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए विशेषज्ञ सलाह दी जाती है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया गौधाम योजना का शुभारंभ

गौधाम योजना से घुमंतु पशुओं का संरक्षण और संवर्धन होगा: सोनसाय

उत्तर बस्तर कांकेर / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जिला बिलासपुर के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम लाखासार से गौधाम योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कांकेर के कृषि विज्ञान केन्द्र में वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग के जिला स्तरीय समिति कांकेर के अध्यक्ष श्री सोनसाय साहू थे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना गौ-सेवा के क्षेत्र में कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजना है, इससे हम घुमंतु पशुओं का संरक्षण और संवर्धन कर करते हैं। गौधाम का संचालन पंजीकृत एनजीओ एवं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किया जा सकता है, इसके लिए गांव में उपलब्ध गौठान जो सर्वसुविधायुक्त जैसे- बिजली, पानी, फेंसिंग, पर्याप्त

जगह इत्यादि हो, में किया जा सकता है। गौधाम के संचालन के लिए सेवाभावी होना बहुत जरूरी है, सरकार अनुदान के रूप में मदद दे सकती है, लेकिन सेवाभावी होने से ही हम गौधन की बेहतर सेवा कर सकते हैं। गौधाम संचालन के लिए पंजीकृत स्व-सहायता समूह एवं एनजीओ आवेदन कर सकते हैं। श्रीमती निर्मला नेताम एवं प्रदीप साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. सत्यम मित्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि इस योजना के तहत गौधाम संचालन के लिए 08 अक्टूबर 2025 तक रूचि की अभिव्यक्ति का विज्ञापन जारी कर गौधाम संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें 33 आवेदन कार्यालय को प्राप्त हुए थे, जो अपूर्ण होने के कारण सभी आवेदनों को निरस्त किया गया। तत्पश्चात दूसरी बार पुनः 26 फरवरी 2026 से 12 मार्च 2026 तक गौधाम संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें 01 आवेदन प्राप्त हुए है, जो प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि जिले के आधारभूत संरचना वाले 15 गौठानों का चयन गौधाम के लिए किया गया है। इस योजना के तहत गौधाम में चरवाहा की व्यवस्था होगी, जिसे प्रतिमाह 10 हजार रूपए मानदेय प्रदान किया जाएगा। पशुओं की देखरेख व चिकित्सा के लिए गौसेवक, मैत्री, प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता में से किसी एक की नियुक्ति किया जाकर उन्हें प्रतिमाह 13 हजार रूपए का मानदेय दिया जाएगा। गौधाम योजना के शुभारंभ अवसर पर श्री अखिलेश चन्द्रौल, राजा साहू, पशुधन विभाग से डॉ. शालिकराम चन्द्राकर, कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बिरबल साहू सहित पशुपालक कृषक, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं पशुधन विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी व एनजीओ के सदस्यगण मौजूद थे।

किसानों के हित में पहल, निःशुल्क बी-1 वितरण एवं वाचन अभियान शुरू

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की जानकारी सरलता से उपलब्ध कराने तथा राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा जिले भर में निःशुल्क बी-1 (खसरा नकल) वितरण एवं वाचन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की प्रमाणित प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों में राजस्व विभाग के अधिकारी, तहसीलदार और पटवारी गांव-गांव जाकर बी-1 का वितरण कर रहे हैं। साथ ही ग्राम स्तर पर बी-1 का वाचन (पढ़कर सुनाने) भी किया जा रहा है, जिससे किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की स्पष्ट और सही जानकारी मिल सके। वाचन के दौरान यदि किसी प्रकार की त्रुटि सामने आती है तो उसे नियमानुसार सुधारने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकेगी।

इस पहल से किसानों को नामांतरण, बैंक ऋण, फसल बीमा तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। जिला प्रशासन ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित करें और अधिक से अधिक किसानों तक इसकी जानकारी पहुंचाएं।कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान किसानों को उनके भूमि अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सीजी ओपन स्कूल बोर्ड की परीक्षा 16 मार्च से

जिला जेल कांकेर से 10वीं 12वीं में 25 बंदी होंगे सम्मिलित

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल 10वीं और 12वीं की परीक्षा 16 मार्च से समस्त छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों सहित कांकेर के विभिन्न केन्द्रों में आयोजित होगी इस वर्ष भी ÷हमर लक्ष्य÷ कार्यक्रम÷ के अंतर्गत आयोजित परीक्षा में जिला जेल कांकेर को सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्र 0817 घोषित किया गया।2023 से ओपन परीक्षा केंद्र घोषित होने के पश्चात लगातार नक्सली सहित विभिन्न अपराधों मामलों में जेल में बंद बंदी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है। कुछ बंदी 10 वीं उत्तीर्ण के पश्चात 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होकर 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके है। कांकेर जिला ओपन केंद्र प्रभारी वाजिद खान एवं सहायक संदीप टेकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि जेल में बंद कैदियों को समय के सदुपयोग एवं मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से परीक्षा में सम्मिलित कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है इसमें सफलता भी मिल रही है। इस वर्ष भी ओपन प्रभारी के माध्यम से कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर बंदियों की परीक्षा फीस हेतु निवेदन किया गया कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आवेदन पर त्वरित कार्रवाई कर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद के माध्यम से जेल में बंदियों के लिए परीक्षा फीस की राशि स्वीकृत कर दी जिसके कारण इस वर्ष दसवीं में 17 एवं 12वीं में 08 कुल 25 बंदी सम्मिलित हो रहे हैं। जिन्हें पूर्व में ही जेलर महेश कुमार के सहयोग से एवं समन्वय केंद्र के प्रयास से जेल में पहुंचकर काउंसलिंग की गई एवं परीक्षा फार्म के आवेदन भरवा गए इसमें चार महिला बंदी भी सहित तीन नक्सली मामलों में कैद है।

जिला स्तरीय जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया गया प्रेरित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश।जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में कल जिला स्तरीय संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति प्रेरित करना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना जा सकता है। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों तथा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण, बेकरी, मसाला निर्माण, आचार, पापड़ तथा मिलेट आधारित उत्पाद जैसे छोटे उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं, जिनके लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाता है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

गरियाबंद, / नवप्रदेश। कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 02 पद, इस प्रकार कुल 03 रिक्त पद भरे जाने हैं। जिनमें सेक्टर पीपरछेड़ी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र भुंजिया पीपरछेड़ी, ग्राम भुंजिया पीपरछेड़ी, ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का 01 पद रिक्त है।

उपभोक्ता आयोग के आगे एक और बीमा कंपनी को झुकना पड़ा

कांकेर / नवप्रदेश। विगत दिनों जिला उत्तर बस्तर कांकेर के उपभोक्ता आयोग ने अपने निष्पक्ष फैसले में एक और प्राइवेट बीमा कंपनी को झुका कर अपनी ताकत बता दी है। विवरण इस प्रकार है कि भानुप्रतापपुर निवासी राजेश कुमार सचदेव ने अपनी अशोक लीलैंड ट्रक (12 चक्केवाली) का बीमा मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी कोलकाता से करवाया था। जिसका बीमा प्रीमियम ? 54,337/- बीमाधारक कंपनी को भुगतान किया जा चुका था।

दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को कच्चे भानु प्रतापपुर माइंस से आयरन ओर भरकर ले जाते समय जब ड्राइवर ने डोण्डी के ढाबे में भोजन के लिए गाड़ी रोकी, तब किसी यांत्रिक त्रुटि के कारण गाड़ी में आग लग गई। बुझाने के प्रयास किए गए तथा फायर ब्रिगेड को भी फोन किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र की फायर ब्रिगेड वाहन ने पहुंचकर आग को बुझाया लेकिन तब तक बहुत नुकसान हो चुका था। वाहन जलने की सूचना तत्काल डोण्डी थाना को दी गई। डौण्डी के भार साधक अधिकारी द्वारा फ़रियादी को क्षति का आकलन 12 लख रुपए होना बताते हुए रिपोर्ट की कॉपी प्रदान की गई। फ़रियादी द्वारा उसी दिन ओडी क्लेम दावा रजिस्टर्ड करने हेतु क्षति रिपेयरिंग का बिल प्रस्तुत करते हुए आवेदन किया था। दिनांक 6 नवंबर 2024 को कंपनी ने अपने ऑफिसर आशीष पटेल को नियुक्त करते हुए क्षति का आकलन भी कर लिया लेकिन बाद में फायर ब्रिगेड रिपोर्ट नहीं मिलने का बहाना बनाकर क्लेम आवेदन को निरस्त कर दिया। बीमा कंपनी की इस हरकत से पीड़ित होकर फ़रियादी ने मामला उपभोक्ता आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक क्षति हेतु क्षतिपूर्ति एवं अन्य अनुतोष विरोधी पक्ष से दिलाने का निवेदन किया।

संपूर्ण मामले पर गौर करते हुए आयोग की अध्यक्ष माननीय श्रीमती सुजाता जसवाल एवं सदस्य माननीय डाकेश्वर सोनी की बेंच ने फ़ैसला दिया कि बीमा कंपनी ने अपने उपभोक्ता के साथ सेवा में कमी तथा व्यावसायिक कदाचरण किया है। आदेश दिया गया कि फ़रियादी को आगजनी से क्षतिग्रस्त ट्रक की मरम्मत हेतु व्यय राशि 8,03,991/- और उस पर परिवाद प्रस्तुति दिनांक 25 7 2025 से संपूर्ण रकम अदाएगी तक 6% वार्षिक की दर से ब्याज 1 माह के भीतर प्रदान करें। इसमें असफल रहने पर ब्याज की दर 9% कर दी जाएगी। विरोधीपक्ष फ़रियादी को हुई आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक क्षति हेतु ?10,000/- भी एक माह के भीतर प्रदान करेगा। साथ ही साथ फ़रियादी को मुक़दमे का हरजा खर्चा ?5000/- भी देना होगा। उपभोक्ता आयोग के इस वाजिब फ़ैसले से पीड़ित पक्ष राजेश सचदेव को न्याय तो मिला ही, क्षेत्रीय जनता में भी उपभोक्ता आयोग की प्रसिद्धि एवं साख बढ़ गई है।

कार्यवाही: 8 दुकानों पर जुर्माना, मनेंद्रगढ़ बस स्टैंड और फव्वारा चौक के दुकानों का निरीक्षण

स्कूलों के आसपास तंबाकू बिक्री पर प्रशासन सख्त

एमसीबी / नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के दौरान मनेंद्रगढ़ बस स्टैंड और फव्वारा चौक क्षेत्र में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया गया।

100 गज दायरे में तंबाकू बिक्री पाए जाने पर कार्रवाई:

जांच के दौरान सरस्वती विकास विद्यालय और शासकीय गर्ल्स स्कूल के 100 गज के दायरे में संचालित किराना दुकानों, चाय ठेलों, पान दुकानों और गुमटियों में तंबाकू युक्त पदार्थों की बिक्री पाई गई। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कोटपा एक्ट 2003 (COTPA Act 2003) की धारा 4 और 6 के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई।

संयुक्त टीम की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

इस चालानी कार्रवाई में कोटपा नोडल अधिकारी डॉ. कीर्ति चौहान, डॉ. विक्की टोप्पो (स्वास्थ्य विभाग), सुश्री लक्ष्मी रजक (नोडल अधिकारी एनएचएम एनसीडी) तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा और आलोक मिंज मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जिले में इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

8 दुकानों से वसूला गया 2200 रुपए का जुर्माना

अभियान के दौरान 8 पान ठेला, रेस्टोरेंट, किराना स्टोर, गुमटियों, होटल और चाय दुकानों पर कुल 2200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। साथ ही दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पंडरिया में कांग्रेस का किसानों के समर्थन में धरना, 12 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कवर्धा/पंडरिया/ नवप्रदेश । पंडरिया ब्लॉक में आज कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों की समस्याओं और विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) पंडरिया को ज्ञापन सौंपा।धरना प्रदर्शन का नेतृत्व पंडरिया कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों को उनकी मेहनत की पूरी राशि अब तक नहीं मिल पाई है, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंडरिया

विधानसभा में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। क्षेत्र में किसानों और आम जनता से जुड़े कई बुनियादी मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में किसान पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं। किसानों को उनकी ही मेहनत की कमाई समय पर नहीं मिल पा रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और उनकी बकाया राशि का जल्द भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि किसानों ने अपनी गन्ना फसल शकर कारखाने में बेची, लेकिन अब तक उनका पूरा भुगतान नहीं हुआ है। किसानों की आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर है और भुगतान में देरी से उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं।

छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल बनाएगा सर्वसुविधायुक्त पर्यटन

***मैनपाट में 4.80 हेक्टेयर भूमि आवंटित, पर्यटन को मिलेगा नया आयाम**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 'शिमला' नाम से प्रसिद्ध मैनपाट में पर्यटन सुविधाओं और आवासीय विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

राज्य सरकार द्वारा मैनपाट में 4.80 हेक्टर (12 एकड़) भूमि अटल विहार योजना हेतु छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आवंटित की गई है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि इस भूमि पर आधुनिक एवं बहुउपयोगी पर्यटनदृआवासीय परिसर का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। प्राकृतिक परिवेश के अनुरूप विकसित होने वाली यह परियोजना मैनपाट आने वाले पर्यटकों को बेहतर, सुरक्षित और किफायती ठहराव उपलब्ध कराएगी। सिंह देव ने कहा कि यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी और पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल के सक्रिय प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि मैनपाट में लगातार बढ़ते पर्यटक आगमन को देखते हुए इस तरह की सुविधाओं की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। प्रस्तावित परिसर में आधुनिक वेलनेस एवं मनोरंजन सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। सिंह देव ने बताया कि परियोजना में केरल मॉडल पर आधारित वेलनेस सेंटर, प्राकृतिक पंचकर्म चिकित्सा, हर्बल स्पा और आयुष सेवाएं प्रस्तावित हैं। साथ ही 24म7 क्लब हाउस, मिलेट्स कैफे, जिम, स्विमिंग पूल, किड्स प्ले एरिया, स्टीम बाथ और एंटरटेनमेंट ज़ोन विकसित किए जाएंगे। पर्यावरण अनुकूल विकास के तहत ट्री हाउस, कॉटेज और स्थानीय जीवन एवं संस्कृति का अनुभव कराने वाला सांस्कृतिक क्षेत्र भी शामिल होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना से मैनपाट में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में नई संभावनाएं खुलेंगी। गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा उपलब्ध होने से पर्यटकों का ठहराव समय बढ़ेगा, जो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि मैनपाट छत्तीसगढ़ का विशिष्ट एवं उभरता हुआ पर्यटन गंतव्य है। तेजी से बढ़ रही पर्यटक संख्या को देखते हुए यहाँ आधुनिक सुविधाओं का विकास अत्यावश्यक है। हाउसिंग बोर्ड की यह पहल पर्यटन, आवास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी तथा मैनपाट को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करेगी। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने परियोजना को छत्तीसगढ़ के पर्यटन विस्तार के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक पर्यटन सुविधाओं के विकास से पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा और राज्य का हॉस्पिटैलिटी सेक्टर मजबूत होगा।

न्यूज गैलरी

अंबिकापुर आईटीआई में 20 मार्च को मेगा कैंपस प्लेसमेंट

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) अंबिकापुर में 20 मार्च 2026 को मेगा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में देश की प्रतिष्ठित कंपनियां टाटा मोटर्स लिमिटेड (पंत नगर, उत्तर प्रदेश) तथा हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुकूट, उत्तर प्रदेश) द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों का अपरेंटिसशिप के लिए चयन किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इस कैंपस प्लेसमेंट में आईटीआई पासआउट अभ्यर्थी एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। चयन प्रक्रिया के माध्यम से तकनीकी एवं गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के ट्रेडों के लिए अवसर उपलब्ध रहेंगे। कंपनियों द्वारा जिन प्रमुख ट्रेडों के लिए चयन किया जाएगा उनमें कोपा, स्टेनो हिन्दी, सिविंग टेक्नोलॉजी, फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग, मैकेनिक मोटर व्हीकल, डीजल मैकेनिक तथा शीट मेटल शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 20 मार्च की सुबह 10 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, अंबिकापुर में अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा 02 पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। संस्था द्वारा क्षेत्र के सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

ई-ऑफिस एवं आईगॉट कर्मयोगी पर संभागस्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आईगॉट कर्मयोगी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकारियों की प्रशासनिक क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरगुजा सम्भागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में ई ऑफिस एवं आईगॉट कर्मयोगी पर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस दौरान उपायुक्त आर.के. खूंटे एवं श्रीमती शारदा अग्रवाल, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जियाउर रहमान सहित संभागस्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपायुक्त आर.के. खूंटे ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को दक्ष करना और नए तकनीक से अवगत कराना है। वहीं उपायुक्त श्रीमती शारदा अग्रवाल ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रशासन के कार्यों एवं विकास कार्यों को नई गति देगा, उन्होंने शामिल सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यशाला में महत्वपूर्ण बिंदुओं को बेहतर ढंग से सीखने-समझने कहा। इस दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रहमान ने प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग, भूमिका आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को इसमें पंजीयन कराना होगा एवं कार्यशाला के नोडल अधिकारियों के माध्यम से कोर्स करने होंगे। प्रशिक्षण में अधिकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म आधारित शिक्षण प्रणाली, प्रशासनिक सुधार तथा सेवा गुणवत्ता में वृद्धि के विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया।

आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती आवेदन 27 तक आमंत्रित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना दरिमा अम्बिकापुर-2 के परियोजना अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत पोड़ीकला के आंगनबाड़ी केन्द्र पोड़ीकला 02 में आंगनबाड़ी सहायिका के 01 पद भर्ती की जानी है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थियों से 27 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाईट के माध्यम से भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त पद पर केवल महिला ही आवेदन कर सकती है। नियुक्ति की शर्तों एवं अर्हताओं के लिए विभागीय वेबसाईट में अथवा कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दरिमा अम्बिकापुर-2 एवं जनपद पंचायत अम्बिकापुर के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

फ़ाइनल मुकाबले में आमगांव ने महेशपुर को दी शिकस्त

लखनपुर/नवप्रदेश। ब्लाक लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुमगरा कला में आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को ग्राम आमगांव और महेशपुर के दरमियान खेला गया। जिसमें आमगांव टीम ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुये महेशपुर टीम को शिकस्त दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जंप सदस्य धर्मेंद्र झारिया शामिल रहे। विजेता टीम को 15 हजार ट्राफी तथा उप विजेता टीम को 10 हजार नगद ट्राफी देकर सम्मानित किया। आयोजित फ़ाइनल मैच के दौरान ग्राम पंचायत गुमगरा कला के सरपंच प्रतिनिधि शिवप्रताप उर्रे उपसरपंच प्रतिनिधि राजन राम गुमगरा खुर्द के सरपंच प्रतिनिधि निर्मल सिंह मरावी , उपसरपंच गोलू साहू , लोकनाथ उर्रे, ज्ञान यादव गुड्डु सिंह, रमेश साहू, भागीरथी यादव, ईश्वर उर्रे, ओमप्रकाश साहू गौरी मरावी, पिंटू यादव, कमलेश यादव, दिनेश यादव क्रिकेट प्रेमी ग्रामवासी तथा आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।

स्कूलों के आसपास तंबाकू बिक्री पर प्रशासन सख्त

एमसीबी/नवप्रदेश। कलेक्टर के कड़े निर्देशानुसार जिले में शैक्षणिक संस्थानों के समीप तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री रोकने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहर में सघन जांच अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई से नियम विरुद्ध तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

100 गज के दायरे में मिलीं प्रतिबंधित सामग्री

जांच दल ने मनेंद्रगढ़ बस स्टैंड और फव्वारा चौक क्षेत्र का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस दौरान सरस्वती विकास विद्यालय और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 100 गज के प्रतिबंधित दायरे में संचालित किराना दुकानों, चाय ठेलों और पान गुमटियों में तंबाकू युक्त पदार्थ बिकते पाए गए। नियमों का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर टीम ने कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 और 6 के तहत तत्काल चालानी कार्रवाई की।

8 दुकानों से वसूला गया जुर्माना, दी गई सख्त हिदायत ?अभियान के तहत कुल 8 प्रतिष्ठानों (पान ठेला, रेस्टोरेंट, किराना स्टोर और होटल) पर कार्रवाई करते हुए 2200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि स्कूलों के निर्धारित दायरे में सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद पाए गए, तो संबंधित दुकान को सील करने जैसी कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में कोटपा नोडल अधिकारी डॉ. कीर्ति चौहान, डॉ. विक्की टोप्पो, नोडल अधिकारी लक्ष्मी रजक, औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा और आलोक मिंज मुख्य रूप से शामिल रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नई पीढ़ी और स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जिले में यह विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सिलेंडर की आपूर्ति एवं प्रबंधन की अपर कलेक्टर ने की समीक्षा

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति एवं प्रबंधन की समीक्षा के संबंध जिले के विभिन्न ऑयल कंपनियों के गैस एजेंसियों के संचालकों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, बॉटलिंग प्लांट से आपूर्ति व्यवस्था, साप्ताहिक आवक तथा वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री आर. एस, लाल ने निर्देशित करते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। वर्तमान में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं है। खाद्य विभाग द्वारा जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की दैनिक आवक और वितरण पर निगरानी रखी जा रही है। बैठक में गैस वितरकों को गैस सिलेंडरो की बुकिंग अवधि 45 दिन के पश्चात ही केवल ऑनलाइन बुकिंग पर ओटीपी आधारित रिफिल वितरण किये जाने के निर्देश दिए।

विभिन्न होटलों से 13 सिलेंडर जब्त

खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि खाद्य विभाग की टीम द्वारा विकासखंड बलरामपुर एवं रामानुजगंज के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट की जाँच की गयी। जाँच के दौरान बलरामपुर के लाजवाब होटल से 5 सिलेंडर, हवेली रेस्टोरेंट से 3 सिलेंडर, रामानुजगंज के न्यू शशि होटल से 2 सिलेंडर, उमेश होटल से 2 सिलेंडर तथा गोकुल स्वीट्स से 1 सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने के कारण कुल 13 सिलेंडर जब्त कर आवश्यक कार्यवाही की गयी । अवैध घरेलू गैस के भण्डारण, जमाखोरी और कालाबाजारी के विरुद्ध प्रशासन द्वारा निरंतर सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। खाद्य अधिकारी ने बताया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने आम जनता से अपील है कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से दूर रहे अधिकृत सूचनाओ पर ही भरोसा करें।

जिले के किसानों के खातों में 12 करोड़ 38 लाख हस्तांतरित

बलरामपुर/नवप्रदेश। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2018 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना के तहत् किसानों को हर चार महीने में 2000 रुपए की तीन किस्तों में सालाना 6000 हजार रुपए मिलते हैं।

योजना अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज 22वीं किस्त जारी की गई। देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों को 18 हजार 640 करोड़ रुपये की सम्मान राशि का हस्तांतरण किया गया। जिसके तहत प्रदेश के 24.71 लाख से अधिक किसानों के खातों में 498.83 करोड़ की राशि सीधे अंतरित हुई। पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कुल 61 हजार 225 किसानों के खातों में 12 करोड़ 38 लाख रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी किया गया। जिले में भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र जाबर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां किसानों ने शामिल होकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन का श्रवण किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी किसानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप संचालक कृषि रामचंद्र भगत ने कार्यक्रम में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को रबी सीजन में दलहन एवं तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा उन्नत कृषि तकनीकों के विस्तार से बताया। कृषि विज्ञान केंद्र बलरामपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गौरव निगम ने प्राकृतिक खेती के महत्व, लाभ एवं व्यावहारिक उपयोग पर विस्तृत चर्चा की।

संसद घेराव में शामिल होने 35 कार्यकर्ता दिल्ली रवाना

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के आह्वान पर आयोजित 'संसद घेराव' कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले से कार्यकर्ताओं का एक जत्था दिल्ली के लिए रवाना हुआ। युवा कांग्रेस नेता हाफ़िज़ मेमन और स्वप्निल सिन्हा के नेतृत्व में जिले के लगभग 35 उत्साहित कार्यकर्ता इस राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। दिल्ली रवानगी से पूर्व कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर युवा नेताओं ने कहा कि वर्तमान में युवाओं, किसानों और आम जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने जोर देते हुए कहाः 'देशभर से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। संगठन हमेशा से जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्षरत रहा है और आगे भी जनता की हक की लड़ाई के लिए आंदोलन जारी रहेंगे। एमसीबी जिले से दिल्ली जा रहे युवाओं ने संगठन की नीतियों को जमीनी स्तर पर मजबूती देने और जनहित के सवालों को शासन-प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखने का संकल्प लिया। रवानगी के दौरान कार्यकर्ताओं के जोश और नारेबाजी से माहौल पूरी तरह चुनावी और आंदोलनात्मक नजर आया।

थाना कोतवाली में कोटवार सम्मेलन आयोजित

सरगुजा/नवप्रदेश। पुलिस और ग्राम कोटवारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अवैध व आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से थाना कोतवाली परिसर में कोटवार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कोटवारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने गांवों में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत थाना या चौकी तक पहुंचाएं।

थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत सिन्हा ने बैठक में ग्राम कोटवारों से गांवों की सुरक्षा व्यवस्था, आपराधिक गतिविधियों तथा निगरानीशुदा बदमाशों की मौजूदगी के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कोटवारों से कहा कि गांव में किसी भी बड़े विवाद, झगड़े, दुर्घटना या जमीन विवाद की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। बैठक में साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर भी चर्चा की गई। कोटवारों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और बैंकिंग धोखाधड़ी से लोगों को सतर्क करने तथा गांव-गांव में साइबर जागरूकता फैलाने की अपील की गई। सम्मेलन में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और क्षेत्र के ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।

कलयुगी पिता ने 5 वर्षीय मासूम बेटे को पानी में डुबोकर की हत्या

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता ने अपने ही 5 वर्षीय मासूम बेटे को नहर के गहरे पानी में डुबोकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी के नेतृत्व में थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रेशम यादव की शादी वर्ष 2018 में हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं। पारिवारिक विवाद और मारपीट के कारण पत्नी अपनी दो बेटियों को लेकर मायके ग्राम भिलौनी चली गई थी, जबकि बेटा आयुष आरोपी के पास ही था। बताया गया कि आरोपी अक्सर पत्नी को फोन कर धमकी देता था कि वह पहले बेटे को मार देगा और फिर खुद भी जान दे देगा। 13 मार्च की शाम वह बेटे आयुष को लेकर निकला और 14 मार्च की रात लगभग 1 बजे ग्राम भिलौनी के आवास पारा नहर में उसे डुबोकर हत्या कर दी। रात करीब 2 बजे आरोपी पत्नी के घर पहुंचा और खुद ही बेटे की हत्या करने की बात बताई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पामगढ़ सावन सारथी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सावन सारथी थाना प्रभारी पामगढ़ , सउनि संतोष बंजारे, रामदुलार साहू, प्रआर राजेश कोशले ,भुवनेश्वर पटेल थाना पामगढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

बैठक

अपर कलेक्टर ने ली गैस एजेंसी संचालकों की बैठक, पारदर्शिता और स्टॉक प्रबंधन के निर्देश

घरेलू सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर होगी सख्त कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से आज अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी 17 गैस एजेंसियों के संचालकों को उपभोक्ताओं को समय पर और व्यवस्थित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान गैस एजेंसी संचालकों ने जानकारी दी कि नई सॉफ्टवेयर व्यवस्था के अनुसार अब उपभोक्ता एक निश्चित अंतराल के बाद ही अगली रिफिल बुक कर सकेंगे। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता अपनी पिछली रिफिल प्राप्ति के 45 दिन बाद ही अगली बुकिंग कर पाएंगे, जबकि शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए यह समय-सीमा 25 दिन निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर श्री नायक ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि से पहले की गई कोई भी बुकिंग सॉफ्टवेयर द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस समय-सीमा का पालन करते हुए ही अपनी अगली रिफिल की ऑनलाइन या ऑफलाइन बुकिंग कराएं, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे और सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। बैठक में पारदर्शिता और बेहतर स्टॉक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी गैस वितरक एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने कार्यालय परिसर के बाहर गैस सिलेंडर के उपलब्ध स्टॉक तथा वर्तमान रिफिल दर का स्पष्ट रूप से प्रदर्शन करें, ताकि उपभोक्ताओं को सही और अद्यतन जानकारी प्राप्त हो सके। इसके साथ ही एजेंसी संचालकों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि ऑयल कंपनियों से गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक राशि समय पर प्रेषित की जाए, जिससे किसी भी स्थिति में स्टॉक की कमी या आपूर्ति में बाधा उत्पन्न न हो। अपर कलेक्टर ने उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से तथा वितरण केंद्रों पर गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में जिला खाद्य विभाग के अधिकारी तथा जिले की सभी 17 गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अवैध उपयोग पर रहेगी कड़ी नजर

अपर कलेक्टर नायक ने घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर संबंधित अधिकारियों और गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि इस प्रकार की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए। यदि कहीं भी घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिले में बेहतर शैक्षणिक सुधार सुनिश्चित करने पीएम सैचुरेशन बिन्दुओं का किया अवलोकन

***कलेक्टर वसंत ने पीएमश्री स्कूल का किया निरीक्षण**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को अम्बिकापुर स्थित पीएमश्री विद्यालय सोहगा का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर, भवन, कक्षाओं, लाइब्रेरी तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों और शिक्षकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कक्षा में जाकर प्रधानमंत्री सैचुरेशन बिंदुओं के तहत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और संबंधित शिक्षकों से इन योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि इन बिंदुओं को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर वसंत ने विद्यालय में शिक्षकों की संख्या, विद्यार्थियों की कुल संख्या तथा उनकी उपस्थिति से जुड़ी जानकारी भी ली। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, जिससे बच्चों की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और वे अपनी समस्याओं को भी खुलकर साझा

कर पाते हैं। उन्होंने शिक्षकों को नवीन और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी, ताकि बच्चों को पढ़ाई रोचक और सरल तरीके से समझाई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। कलेक्टर ने शिक्षकों से आग्रह किया कि स्कूल में खेलकूद गतिविधियों को भी नियमित रूप से प्रोत्साहित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर हो सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वसंत कुछ समय के लिए कक्षा में विद्यार्थियों के बीच बैठकर उनसे पढ़ाई से संबंधित विषयों पर चर्चा भी की। उन्होंने बच्चों से उनके पसंदीदा विषय, पढ़ाई की दिनचर्या और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। बच्चों से बातचीत करते हुए उन्होंने उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। साथ ही विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं।

न्यूज गैलरी

एमसीबी जिले के 28,145 किसानों के खातों में पहुंचे 5.65 करोड़

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों को बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान योजना की 22वीं किस्त जारी की। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (छ्रक्ष्ज्ञ) के माध्यम से देशभर के 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में कुल 18,640 करोड़ रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। इस योजना का सीधा लाभ मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले के किसानों को भी प्राप्त हुआ है। जिले के 28,145 पात्र किसानों के खातों में कुल 5 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि जमा की गई है। प्रत्येक किसान को 2,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिली है, जिससे उन्हें खेती-किसानी से जुड़े तात्कालिक कार्यों में बड़ी मदद मिलेगी। किस्त जारी होने के अवसर पर जिले भर में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में किसानों को गुवाहाटी के मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (वेबकास्ट) दिखाया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें कृषि गतिविधियों के लिए सशक्त बनाना है।

मुंगेली में अनुकंपा नियुक्ति के 7 आवेदनों की प्रारंभिक जांच पूरी

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग के अंतर्गत मृत शासकीय सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जांच पूर्ण कर ली गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कुल 07 आवेदकों द्वारा अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, जिनके अभिलेखों का परीक्षण किया जा चुका है इनमें विश्वास मरावी पिता स्व.श्री रामबिहारी मरावी, गोपाल सिंह ध्रुव पत्नी स्व. श्रीमती तिलोचनी मरावी, रोशन ध्रुव पिता स्व. रामभरोस ध्रुव, इंद्रजीत बंजारे माता स्व. श्रीमती उर्मिला भास्कर, श्रीमती सुरेखा राठौर पति स्व. अजय कुमार राठौर, कु. प्रियंशी लाल माता स्व. श्रीमती अंशुमाला लाल तथा हितेश कुमार बघेल पिता स्व. मोहर सिंह बघेल शामिल हैं। इन सभी ने अपने स्वर्गीय परिजनों के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जिनका परीक्षण किया गया है। इस संबंध में किसी को दावा-आपत्ति हो तो, वे 10 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मुंगेली में प्रमाण सहित अपना दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

एमआईएस प्रशासक के पद पर भर्ती, 30 मार्च तक आमंत्रित आवेदन

मुंगेली/नवप्रदेश। आदिवासी विभाग अंतर्गत अनुसूचिज जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी व सुचारू क्रियान्वयन हेतु चिन्हित अनुभाग स्तर पर एमआइएस प्रशासक (वन अधिकार अधिनियम) के 01 पद पर भर्ती हेतु आवेदन 30 मार्च तक आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। जिला स्तरीय समन्वयक हेतु साक्षात्कार 20 मार्च को- आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय समन्वयक के 01 पद पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच एवं परीक्षण तथा दावा-आपत्ति निराकरण उपरांत सूची जारी की गई है। साक्षात्कार 20 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

होटल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का अवैध उपयोग पकड़ाया

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरूपयोग को रोकने होटलों में छापेमार निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग का मामला सामने आने पर सिलेंडरों को जब्त कर नियमानुसार सुपुर्दगी में दिया गया। पहली कार्रवाई में ग्राम सारधा स्थित प्रिंस होटल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान होटल के किचन में 14 किलोग्राम क्षमता के 02 भरे तथा 04 खाली घरेलू लाल गैस सिलेंडर पाए गए, जिनका उपयोग होटल संचालक द्वारा नाश्ता एवं मिठाई बनाने के लिए किया जा रहा था। इसी प्रकार एक अन्य कार्रवाई में दाऊपारा स्थित होटल में भी जांच के दौरान 14.2 किलोग्राम के 04 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) प्रदाय, वितरण एवं विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन है। उल्लंघन पाए जाने पर दोनों स्थानों से मिले सभी घरेलू गैस सिलेंडरों को जप्त कर लिया गया। जब्त किए गए सिलेंडरों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित गैस एजेंसियों को सुपुर्द किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग प्रतिबंधित है।

सांसद चिंतामणि ने 2 नए प्लेटफार्म व विकास कार्यों की रखी आधारशिला

स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार के लिए लगभग 10 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आज सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा आज लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

सांसद महराज ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन परिसर में 2 नए प्लेटफार्म, नया लूप लाइन, पैदल पथ पार (फुट क्रॉसिंग) तथा प्लेटफार्म क्रमांक 1 के लंबाई विस्तार सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचना कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री चिंतामणि महराज ने कहा कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा स्टेशन में विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं मिलेंगी तथा ट्रेनों के संचालन में भी सुगमता आएगी।

सांसद ने कहा कि नए प्लेटफार्म के निर्माण और लूप लाइन के विस्तार से ट्रेनों के आवागमन की क्षमता बढ़ेगी, जिससे यात्रियों को ट्रेन पकड़ने और उतरने में अधिक सुविधा होगी। वहीं पैदल पथ पार (फुट क्रॉसिंग) के निर्माण से यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक सुरक्षित आवाजाही का बेहतर विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में इन कार्यों के पूर्ण होने से सरगुजा संभाग के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, नगर पंचायत सभापति हरिमंदिर सिंह टिन्नी, रेलवे बोर्ड के एएनआई अजय कुमार, स्टेशन प्रबंधक सुधांशु रंजन, जोनल रेलवे बोर्ड के सदस्य मुकेश तिवारी सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोहारी के बंजर पहाड़ पर 460 ट्रेंच से सहेजा जाएगा 20 लाख लीटर जल

एमसीबी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश में शुरू

किए गए 'मोर गांव मोर पानी' महाभियान का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। जल संरक्षण की दिशा में एमसीबी जिले की ग्राम पंचायत लोहारी ने एक मिसाल पेश की है। यहाँ तीन एकड़ के बंजर पहाड़ी क्षेत्र में 460 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया है, जिससे आगामी मानसून में लगभग 20 लाख लीटर वर्षा जल को जमीन के भीतर उतारने का लक्ष्य है। जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के ग्राम लोहारी में रिक्त पड़ी पहाड़ी का तकनीकी आंकलन करने के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने इस परियोजना को आकार दिया। ग्रामसभा की अनुशंसा पर मनरेगा योजना के अंतर्गत 1.80 लाख रुपये की लागत से इस कार्य को स्वीकृति दी गई। तकनीकी सहायक मुकुल के मार्गदर्शन में ग्रामीणों ने सवा हेक्टेयर क्षेत्र में इन जल संरचनाओं का निर्माण पूरा किया है। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार यहाँ प्रतिवर्ष औसतन 1000 मिलीमीटर वर्षा होती है। सरपंच मोती सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के अभियान से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने इस कार्य में उत्साहपूर्वक श्रमदान और भागीदारी की है। इन ट्रेंचों के माध्यम से वर्षा जल बहने के बजाय सीधे जमीन के भीतर जाएगा।

संकल्पः बारिश की हर बूंद का संरक्षण

जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम ने बताया कि कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में जिले भर में जल संचयन के प्रयास युद्ध स्तर पर जारी हैं। उन्होंने कहाः 'जिले में किसानों के खेतों में आजीविका डबरी और बंजर भूमि पर हजारों की संख्या में कंटूर ट्रेंच स्वीकृत किए गए हैं। हमारा उद्देश्य बारिश की हर बूंद को संरक्षित करना है ताकि भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित न हो।

बढ़ते तापमान के बीच स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी के अनुसार हीटवेव के दौरान शरीर में हीट रैश, मांसपेशियों में ऐंठन, चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक प्यास लगना तथा उल्टी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। गंभीर स्थिति में शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाने पर हीट स्ट्रोक की स्थिति बन सकती है, जिसे चिकित्सकीय आपातकाल माना जाता है। ऐसे में लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सलाह लेने की सलाह दी गई है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आमजनों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में सावधानी बरतें और लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाएं। गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक पानी पिएं तथा हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस का घोल पीने की सलाह दी गई है। चक्कर या मितली महसूस होने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा ठंडा पेयजल, फलों का रस, लस्सी या मठा का सेवन करें। साथ ही दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। अत्यावश्यक होने पर बाहर निकलते समय सिर और कान को कपड़े से ढककर रखें। इसके साथ ही नींबू पानी, छाछ और मौसमी फलों का अधिक सेवन करें, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। प्रशासन ने जिले के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जल संचय जन भागीदारी 2.0 पर जिला स्तरीय कार्यशाला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत के सभाकक्ष में जल संचय जन भागीदारी 2.0 पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर ने जिले में जल संरक्षण, भू-जल प्रबंधन पर आगामी कार्ययोजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिले की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध जल संसाधनों तथा वर्तमान जल प्रबंधन व्यवस्था पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात जल बजट एवं जल दोहन की स्थिति की समीक्षा की गई और जल संसाधनों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया गया। साथ ही भू-जल स्तर के प्रभाव और मूल्यांकन पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण और भू-जल प्रबंधन के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में भू-जल स्तर की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जल संरक्षण के उपायों को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए। इस दौरान जिले में अब तक किए गए प्रयासों के तहत ÷मोर गांव मोर पानी महाअभियान÷ के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। अभियान के माध्यम से गांवों में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। बैठक में कुछ केस स्टडी भी प्रस्तुत की गईं, जिनमें जल संरक्षण के सफल प्रयासों और उनके सकारात्मक परिणामों को साझा किया गया। इसके अलावा जल संचय जन भागीदारी समिति 2.0 के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना और पोर्टल के संचालन की भी जानकारी दी गई। कलेक्टर ने वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

जिले के अस्पतालों में 7 दिन तक मुफ्त कैशलेस उपचार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को अब तत्काल और कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को ÷गोल्डन ऑवर÷ यानी दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 07 दिनों तक प्रति व्यक्ति 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। अक्सर दुर्घटना के बाद शुरुआती समय में इलाज मिलने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

होटलों में गैस के अवैध उपयोग पर प्रशासन का छापा, 7 सिलेंडर जब्त

जनकपुर/एमसीबी/नवप्रदेश। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग और कालाबाजारी को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को जनकपुर क्षेत्र के विभिन्न होटलों और रेस्टोरेंट में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर घरेलू सिलेंडरों का उपयोग कर रहे प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 7 सिलेंडर जब्त किए

गए।आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई जांच के दौरान कई नामी होटलों और जलपान गृहों में व्यावसायिक कार्यों के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल होता पाया गया। इसे द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं विनियमन) आदेश 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए विभाग ने जब्ती की कार्रवाई की। जब्त किए गए सिलेंडरों को आगामी आदेश तक ग्रामीण गैस वितरण एजेंसी, जनकपुर की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने दी दबिश यह कार्रवाई जिला खाद्य अधिकारी विष्णु नारायण शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुई। जांच दल में भरतपुर खाद्य निरीक्षक प्रवीण मिश्रा और कोटाडोल खाद्य निरीक्षक सदानंद पैकरा मुख्य रूप से शामिल थे। टीम की इस अचानक कार्रवाई से क्षेत्र के होटल संचालकों में हड़कंप मच गया।कलेक्टर की सख्त चेतावनी कलेक्टर ने दोटूक शब्दों में कहा है कि घरेलू गैस की कालाबाजारी और व्यावसायिक केंद्रों पर इसके अवैध उपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित जांच जारी रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वेः केवल निर्धारित कमर्शियल गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करें।

पेज 1 का शेष...

होर्मुज स्ट्रेट को पार कर...

बातचीत के बाद सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर खुले समुद्र में पहुंच चुका है और भारतीय नौसेना के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहा है।

कब पहुंचेगा भारत जहाज

जंग के बीच जहाज का निकलना भारत के लिए राहत भरी खबर मानी जा रही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जहाज अब इंडयिन नेवी की निगरानी में भारत की ओर बढ़ रहा है और अगले दो दिनों में मुंबई या कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है।

बंगाल से महाजंगलराज होगा...

इसीलिए केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर का भी तेजी से विस्तार कर रही है।

'बंगाल में महाजंगलराज खत्म होगा'

इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपने संबोधन में ममता सरकार पर तीखा हमला बोला...। उन्होंने कहा कि बंगाल में महाजंगलराज खत्म होगा, बदलाव अब दीवारों पर लिख चुका है। उन्होंने कहा कि निर्मन सरकार कुर्सी जाते देख बोखला गई है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार परिवर्तन को रोक नहीं पाएगी।

अकाली दल से गठबंधन...

पार्टी को कई मौके दिए हैं और अब भाजपा को भी मौका देना चाहिए। हम पंजाब में बदलाव लाएंगे। मैं पंजाब की माताओं, बहनों और बुजुर्गों समेत सभी से आशीर्वाद लेने आया हूं। हमें अपना आशीर्वाद दें। शाह ने अपने भाषण की शुरुआत जो बोले सो निहाल से की और सिर पर पगड़ी को गुरु घर का प्रतीक बताते हुए कहा कि वह गुरु तेग बहादुर, गुरु नानक देव, गुरु रविदास, वाल्मीकि, शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को नमन करते हैं। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने अकाली दल से गठबंधन की अटकलों को खत्म कर दिया।

नशा और जबरन धर्म परिवर्तन दोनों को खत्म करेंगे

शाह ने कहा कि आज पंजाब कर्ज, नशे की समस्या, धर्म परिवर्तन, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों के आतंक के कारण बर्बाद हो गया है, राज्य के उद्योग कहीं और जा रहे हैं। पंजाब को नशे की समस्या से अगर कोई छुटकारा दिला सकता है तो वह सिर्फ नरेन्द्र मोदी और भाजपा हैं। हमने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म किया। आज नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। अगर पंजाब को नशीले पदार्थों की समस्या से छुटकारा दिलाना है, तो उसे भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार की जरूरत है। शाह ने ऐलान किया कि सत्ता में आते ही धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने के लिए बिल संसद में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब में नशा और जबरन धर्म परिवर्तन दोनों को समाप्त किया जाएगा। भाजपा की सरकार आने पर 2 साल में पंजाब से नशा जड़ से खत्म कर दिया जाएगा।

बच्चों की भलाई से ऊपर नहीं...

नवीन चावला एवं न्यायमूर्ति रविन्द्र डुडेजा की पीठ ने पाकिस्तान मूल के ब्रिटिश नागरिक की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका खारिज कर दी।

पीठ ने कहा कि नाबालिग बच्चे अपनी जैविक मां के साथ पिछले साल से दिल्ली में रह रहे हैं। यहां मसला दो अलग-अलग देशों के माता-पिता के बीच पारिवारिक विवाद का है। बच्चे सुरक्षित हैं। एक बड़े नामी स्कूल में पढ़ रहे हैं। ऐसे में यूके हाईकोर्ट का आदेश इन बच्चों की भलाई व कल्याण से ऊपर नहीं हो सकता।

राज्य के सभी गोधाम...

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला तथा छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर क्षेत्र के पशुपालकों और ग्रामीणों से संवाद कर गोधन संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली और इस सेवा कार्य में लगे लोगों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने गौसेवा से जुड़े कार्यकर्ताओं को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखने की बात कही।

बेगूसराय में नीतीश की सुरक्षा...

हम बोलें या नहीं। अब तो सब कुछ कर ही रहे हैं, फिर क्यों भाग रही हो। बैठिए और चुपचाप सुनिए।' बेगूसराय में दोनों डिप्टी सीएम और मुख्यमंत्री के सामने 'बिहार का सीएम कैसा हो, निशांत कुमार जैसा हो' के नारे लगाए गए।

हेलीपैड पर सीएम की सुरक्षा में बड़ी चूक : सीएम के पहुंचने से पहले उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। समृद्धि यात्रा के तहत सीएम जिस हेलीपैड पर उतरने वाले थे वहां एक बैल घुस गया। बैल ने वहां मौजूद पुलिस वालों को दौड़ा दिया। बचने के लिए एक पुलिसकर्मी फायर ब्रिगेड की गाड़ी के ऊपर चढ़ गया।

बिजली बिल भुगतान समाधान योजना: दुर्ग-बालोद-बेमेतरा जिले के 3 लाख बकायेदारों को मिलेगी छूट

■ **आज आयोजित लोक अदालत में 9374 उपभोक्ताओं को मिलेगा सुनहरा अवसर**

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को आर्थिक राहत देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026' का औपचारिक शुभारंभ कर दिया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव और पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर के मार्गदर्शन में निम्नदाब घरेलू, बीपीएल और कृषि श्रेणी के अशासकीय उपभोक्ताओं को बकाया राशि के बोझ से मुक्त करने के लिए योजना बनाई गई है। योजना के तहत सीएसपीडीसीएल दुर्ग रीजन के लगभग 3 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, जिनके ऊपर 72 करोड़ रुपए की राशि बकाया है।

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के माध्यम से 31 मार्च 2023 के पूर्व निष्क्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट और अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, निष्क्रिय घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट और निष्क्रिय कृषि (स्थायी एवं अस्थायी) श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट व अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 31 मार्च 2023 के पूर्व सक्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए 5 वर्ष से अधिक अवधि के बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट और अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट व 1 वर्ष से 5 वर्ष तक

अवधि के सक्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि में 50 प्रतिशत व अधिभार राशि में 100 प्रतिशत की छूट की सुविधा मिलेगी

31 मार्च 2023 की स्थिति में सक्रिय अशासकीय घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं के लिए बकाया राशि भुगतान पर अधिभार राशि में 100 प्रतिशत छूट के साथ मूल राशि के किश्तों में भुगतान करने पर भी छूट की सुविधा मिलेगी। इसके तहत एकमुश्त भुगतान पर मूल राशि में 10 प्रतिशत और अधिभार राशि में 100 प्रतिशत, तीन किस्तों में भुगतान पर मूल राशि में 5 प्रतिशत व अधिभार राशि में 100 प्रतिशत और छः किश्तों में भुगतान पर मूल राशि में शून्य प्रतिशत एवं अधिभार राशि में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

शेष बकाया राशि की किस्तों में भुगतान पर आगामी माहों में कोई अधिभार देय नहीं होगा। छूट का लाभ लेने के लिए पात्र सक्रिय अशासकीय घरेलू व अशासकीय कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप के माध्यम से या संबंधित वितरण केंद्र/जोन कार्यालय में जाकर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए उपभोक्ता को अपनी कुल बकाया राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत भुगतान जमा करना होगा।

योजना के लिए विभाग ने मीटर वाचकों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की है। उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए प्रेरित करने पर मीटर वाचकों को, निष्क्रिय/सक्रिय घरेलू, बीपीएल या कृषि श्रेणी के बकायेदारों द्वारा एकमुश्त भुगतान पर प्राप्त धनराशि का 5 प्रतिशत (अधिकतम 1000 प्रति कनेक्शन) और किस्तों में भुगतान किये जाने पर संपूर्ण भुगतान प्राप्त होने पर प्राप्त धनराशि का 5 प्रतिशत (अधिकतम 500 रुपए प्रति कनेक्शन) प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार 14 मार्च को आयोजित लोक अदालत में दुर्ग रीजन के 9374 समाधान योजना के तहत पात्र उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। दुर्ग, बालोद व बेमेतरा के जिला न्यायालयों में आयोजित इस लोक अदालत के माध्यम से उपभोक्ता मौके पर ही अपने प्रकरणों का निपटारा कर भारी छूट का लाभ उठा सकते हैं। विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

न्यूज गैलरी

निगम क्षेत्र में मुख्य नहर की सफाई शुरू

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई के जोन-2 अंतर्गत वैशाली नगर क्षेत्र में जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने मुख्य नहर की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। सफाई अभियान नालंदा विद्यालय के सामने से एसीसी चौक तक चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने बताया कि नहर की सफाई का सीधा लाभ क्षेत्र के तालाबों को मिलेगा। नहर में जमा कचरे और मलबे के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा था। सफाई होने से ग्रीष्म ऋतु में न केवल तालाबों में पानी की आपूर्ति नियमित होगी, बल्कि आसपास के भूजल स्त्रोतों के स्तर में भी सुधार आएगा, जिससे ग्रीष्मकाल में होने वाले जल संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। निगम के सफाई कर्मी और मजदूर मिट्टी, झिल्ली, पन्नी और अन्य कचरा हटा रहे हैं। नगर निगम भिलाई प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नहर और उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में कचरा, प्लास्टिक या अन्य अपशिष्ट पदार्थ न फेंकें। निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नहर की स्वच्छता बनाए रखने में जन-भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सफाई कार्य पूरी होने के बाद ग्रीष्म ऋतु में यह नहर क्षेत्र के जल प्रबंधन के लिए एक लाइफलाइन के रूप में कार्य करेगी।

बीएसपी ने किया बाउंड्रीवाल का हस्तांतरण

भिलाई। सेल-बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, ढाबा में निर्मित स्कूल बाउंड्रीवाल का निर्माण पूर्ण होने के बाद औपचारिक हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर सीएसआर विभाग, बीएसपी द्वारा विद्यालय प्रबंधन को हस्तांतरण विलेख के रूप में प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (सीएसआर) मनोज दुबे व विशिष्ट अतिथि उप प्रबंधक केके वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम ढाबा के सरपंच कमल नारायण साहू, विद्यालय के प्राचार्य और समस्त शिक्षकगण व सीएसआर विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

35 से अधिक अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

दुर्ग। पटरीपार सिकोला भाठा सब्जी मार्केट क्षेत्र में नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माणों को हटाया गया। निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से करीब 35 से अधिक दुकानों के बाहर नाली के ऊपर बनाए गए अवैध शेड और पक्के निर्माण को तोड़ दिया। महापौर अलका बाघमार के सख्त निर्देश पर आज अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में निगम की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने 24 घंटे का समय मांगा। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर क्षेत्र में सड़क और नालियों के ऊपर अवैध रूप से निर्माण कर व्यवसाय करना किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सड़क या सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा कर व्यवसाय किया जाएगा तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

अग्निवीर भर्ती : ऑनलाइन नि:शुल्क कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा माह जून में उक्त पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा (सीसीई) लिया जाना संभावित है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उपसंचालक ने बताया कि वेबसाइट पर आवेदन करने वाले दुर्ग जिले के अभ्यर्थियों को जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग द्वारा निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्राप्त करने के लिये भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन के बाद 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जारी पंजीयन और व्हाटसप मोबाईल नम्बर का अनिवार्य होगा।

ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

कुम्हारी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के ब्लाक अध्यक्ष मनहरण यादव ने कार्यकारिणी का गठन कर लिया है। कार्यकारिणी में 25 पदाधिकारियों के अलावा 6 कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष - महेश सोनकर, अशोक साहू, शांति बाई टण्डन, आजूराम वर्मा, कमल कमलेशिया, ढालसिंग मारकंडे, महामंत्री - थनेश पटेल, फुसनु कुर्रे, चुरामन ठाकुर, एस लक्ष्मण राव, राजू मारकंडे, सूरज कुर्रे, गीतांजलि साहू और अलाउद्दीन, संगठन सचिव भूपेंद्र पटेल, राजेश यादव, विनोद साहू, सुनील साहू, लक्ष्मण जगत, निशांत स्वर्णकार, दीपक साहू, सोनू ठाकर, शुभम साहू, तेजप्रताप ध्रुव, कार्यकारिणी सदस्य - सुरेश अग्रवाल, सालिक राम दुबे, तीजू राम निषाद, चैनसिंग साहू, लक्ष्मीनारायण मारकंडे, सीता साहू शामिल हैं।

नि:शुल्क डायबिटिज केयर कैम्प का आयोजन

दुर्ग। गवलीपारा स्थित सुगम शगुन द्वार के पास को निःशुल्क डायबिटिज केयर कैंप का आयोजन किया गया है। शिविर में नागपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अरविंद खाण्डवे मरीजों की जांच करेंगे और आवश्यक परामर्श देंगे। यह शिविर सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। डायबिटिज से पीड़ित मरीज शिविर में शामिल होकर शिविर की निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठा सकते है।

तीन थाना क्षेत्रों में पुलिस ने एक साथ मारा छापा, कबाड़ियों में मचा हड़कंप

अवैध स्क्रैप कारोबार पर एक्शन, 60 टन लोहा, 200 किलो तांबा सहित वाहन जब्त

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में अवैध कबाड़ और स्क्रैप के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच और तीन थाना क्षेत्रों की संयुक्त टीम ने कई जगह एक साथ छापा मारकर करीब 60 टन लोहे का स्क्रैप, 200 किलो तांबा समेत कई वाहन जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।

क्राइम ब्रांच दुर्ग और थाना जामुल, सुपेला और कुम्हारी की संयुक्त टीम ने अलग-अलग इलाकों में एक साथ दबिश देकर कबाड़ के कारोबार की जांच की।

सबसे बड़ी कार्रवाई थाना जामुल क्षेत्र में हुई। यहां एक स्क्रैप परिसर में बड़े पैमाने पर लोहे के कबाड़ को जमा कर काटने और बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने परिसर में भारी मात्रा में लोहे का स्क्रैप, पाइप, चैनल, दरवाजे, रॉड और भारी लोहे के कल-पुर्जे जब्त किये। करीब 200 किलो तांबा भी बरामद किया गया। मौके पर गैस कटर सेट और गैस सिलेंडर का इस्तेमाल लोहे के बड़े टुकड़ों को काटने के लिए किया जा रहा था।

पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से स्क्रैप के खरीद-फरोख्त से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई भी व्यक्ति दस्तावेज पेश नहीं कर सका। दस्तावेज न मिलने पर पुलिस ने पूरे स्क्रैप को संदेहास्पद मानते हुए जब्त कर लिया। जिले के अन्य कबाडखानों में भी पुलिस ने जांच की, जहां से भी स्क्रैप और पुराने दोपहिया वाहन मिले। कार्रवाई के दौरान कुल 60 टन लोहे का स्क्रैप बरामद किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 18 लाख रुपये है। तीन ट्रक और तीन छोटा हाथी वाहन भी जब्त किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुराने दोपहिया वाहन और धातु काटने के उपकरण भी पुलिस ने कब्जे में लिए हैं। इस मामले में पुलिस ने हीरामन साहू, राकेश मिश्रा, समरुद्दीन, राधिका साहू, सितारे उर्फ मोहम्मद इमरान, मनोज उर्फ मन्नू गुप्ता, श्रवण कुमार देवांगन, अजमत हुसैन और धीरज चंद्राकर के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।

सुंदर विहार में निगम प्रशासन ने चलाया बेदखली अभियान

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण और कब्जों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 22 सुन्दर विहार कालोनी कृष्णकुंज के पास अवैध निर्माण पर निगम प्रशासन ने बेदखली की कार्यवाही की।

निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय को सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर अवैध रूप से निर्माण कर किराये पर देकर धन उगाही की जा रही थी। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण को बेदखल किया। इस दौरान जोन-2 आयुक्त येशा लहरे की उपस्थिति में जोन-2 राजस्व विभाग व बेदखली की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को हटाया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक हरिओम गुप्ता सहित बेदखली टीम उपस्थित रहे।

जोन क्षेत्र का निरीक्षण

जोन-5 के आयुक्त अजय गौर ने सेक्टर 5 सड़क 32 में बने टेनिस कोर्ट का निरीक्षण किया। खिलाडियों की सुविधा के लिये सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता माहेश्वर, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, उप राजस्व निरीक्षण निलेश बागड़े, स्वच्छता निरीक्षक सूर्या सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उमरपोटी गौ-धाम का शुभारंभ आज

दुर्ग/नवप्रदेश। गौ-धाम योजना का शुभारंभ शनिवार 14 मार्च को बिलासपुर जिले के कोनी में किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 मार्च को गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोनी, जिला बिलासपुर में गौ-धाम योजना का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के अन्य गौ-धाम में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय अपरान्ह 1.30 बजे वर्चुअल जुड़कर राज्य के समस्त जिले में गौ-धाम योजना का शुभारंभ करेंगे। दुर्ग जिले में पंजीकृत 4 गौ-धाम उमरपोटी, बासीन, चंदखुरी (सभी दुर्ग विकासखण्ड) और नारधा (विकासखण्ड धमधा) है। दुर्ग जिले में वर्चुअल मोड में शुभारंभ कार्यक्रम ग्राम उपरपोटी गौ-धाम में किया जाएगा। इस दौरान कोनी (बिलासपुर) में आयोजित मुख्य कार्यक्रम सीधा प्रसारण किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे को नोडल अधिकारी और पशुचिकित्सा सेवाएं दुर्ग के उप संचालक डॉ. वसीम शम्स को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा जिला सूचना अधिकारी (एनआईसी) एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चिप्स और सीईओ जनपद पंचायत दुर्ग को भी कार्यक्रम की सफलता हेतु कार्य सौंपे गये हैं।

पीएम आवास योजना: दुर्ग में 247 बीएलसी आवास मंजूर

■ **शहर के पात्र हितग्राहियों को मिलेगा पक्का घर**

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत नगर निगम दुर्ग को बड़ी सौगात मिली है। निगम क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुल 247 बीएलसी आवासों की स्वीकृति दी गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर व आवासहीन परिवारों को स्वयं के पक्के घर का सपना साकार करने का अवसर मिल रहा है। योजना

के तहत पात्र हितग्राहियों को अपने आवास निर्माण के लिए नगरीय निकाय से भवन अनुज्ञा लेना अनिवार्य होगा, जिसकी प्रति राज्य शहरी विकास अभिकरण को भेजना आवश्यक रहेगा।

योजना के अनुसार हितग्राही 30 से 45 वर्ग मीटर कारपेट क्षेत्रफल तक आवास निर्माण कर सकेंगे। नगर निगम द्वारा जारी भवन अनुज्ञा में प्रस्तावित आवास का कारपेट क्षेत्रफल दर्ज किया जाएगा और उसी के अनुरूप निर्माण करना अनिवार्य होगा। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए कुल 2.50 लाख रुपये की अनुदान राशि (केंद्रांश 1.50 लाख और राज्यांश 1 लाख) चार किश्तों में प्रदान की जाएगी। इसमें फाउंडेशन स्तर पर 63 हजार रुपये, लिंटल स्तर पर 87 हजार रुपये, रूफ स्तर पर 65 हजार रुपये और पूर्ण स्तर पर 35 हजार रुपये जारी किए जाएंगे। यह राशि भारत सरकार के निर्देशानुसार एसएनए स्पर्श प्रणाली के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खातों में भेजी जाएगी।

मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत जो हितग्राही निर्धारित 18 माह की अवधि में अपना आवास निर्माण पूर्ण कर गृह प्रवेश करेंगे, उन्हें अतिरिक्त 32,850 रुपये की प्रोत्साहन राशि सीधे खाते में दी जाएगी। योजना के अंतर्गत आवंटित राशि का 70 प्रतिशत उपयोग होने के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर अनुदान की अगली किश्त जारी की जाएगी।

अफीम की खेती: कलेक्टर ने कृषि विस्तार अधिकारी को किया सस्पेंड

दुर्ग/नवप्रदेश। समोदा में अफीम की खेती के मामले में कलेक्टर अभिजीत सिहं ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू को सस्पेंड कर दिया है। कार्रवाई से पहले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू, फसल सर्वेयर शशिकांत साहू और ग्राम समोदा की पटवारी अनिता साहू को नोटिस जारी किया गया था। 7 दिनों के भीतर उन्हें जवाब देना था। आज कलेक्टर अभिजीत सिंह ने एकता साहू को सस्पेंड कर दिया। कलेक्टर की जांच में सामने आया कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी स्तर पर गड़बड़ी हुई है। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि विनायक ताम्रकार के भाई विमल ताम्रकार के जिस खेत को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने मक्का फसल का प्रदर्शन प्लॉट बताया था, उस खेत

में मक्के की जगह धान की खेती की जा रही है। भाजपा नेता विनायक ताम्रकार ने अधिकारियों से साठगांठ कर मक्के की खेती की आड़ में अफीम की फसल उगाई थी। शासन को गुमराह करते हुए जानबूझकर खेत का स्थान बदला गया। केस में खुलासा हुआ है कि प्रदर्शन प्लॉट के नाम पर राज्य शासन से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि भी जारी कर दी गई। नियम के अनुसार प्रदर्शन प्लॉट की फोटो उसी किसान के साथ लेना चाहिए, जिसे सरकारी लाभ मिलना है। रिपोर्ट में धान की जगह मक्का के खेत के पास एक अन्य किसान को खड़ा कर फोटो खींचकर अपलोड कर दिया गया। जिस खेत की मक्के की फोटो लगाई गई, उसके ठीक पीछे अफीम की खेती की जा रही थी।

फसलों के सर्वे के लिए नियुक्त फसल सर्वेयर शशिकांत साहू ने सितंबर 2025 को खेत का डिजिटल सर्वे किया था। इसके बाद उसने फोटो गिरदावरी सॉफ्टवेयर में जानकारी अपलोड किया। उसने खसरा नंबर 309 को पड़त भूमि और खसरा नंबर 310 में धान की फसल होने की जानकारी दर्ज की। जांच में पाया गया कि इन्हीं दोनों खसरा नंबरों पर अफीम की खेती की जा रही थी।

बीएसपी में ईडी-वर्क्स डिजिटल चैंपियंस ट्रॉफी 2025-26 के विजेता घोषित

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रथम ईडी (वर्क्स) डिजिटल चैंपियंस ट्रॉफी 2025-26 के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। कार्यस्थल की समस्याओं के समाधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंडस्ट्री 4.0 प्रौद्योगिकियों के उपयोग विषय पर आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य गैर-कार्यपालक कर्मचारियों को कार्यस्थल की चुनौतियों के लिए नवोन्मेषी और व्यावहारिक तकनीकी समाधान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में गैर-कार्यपालक कर्मचारियों की कुल 14 टीमों ने तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें कार्य प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने के लिए नवाचारी विचार प्रस्तुत किए गए। इनमें से 13 टीमों ने 6 और 7 मार्च को निर्णायक मंडल के समक्ष अपने शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया।

उपयोगिता, नवाचार, क्रियान्वयन की व्यवहार्यता तथा संगठन को संभावित लाभ जैसे मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के बाद ए एंड डी विभाग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम में इंजीनियरिंग एसोसिएट अनुराधा ध्रुव, इंजीनियरिंग एसोसिएट बी वेंकट अप्पाराव और इंजीनियरिंग एसोसिएट तलासमुद्रम राजेश शामिल थे। बार एवं रॉड मिल विभाग की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें इंजीनियरिंग एसोसिएट वमशी बेहरा, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट भीमांशु कच्छप, इंजीनियरिंग एसोसिएट सैतान सिंह मीणा शामिल थे।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता, बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर (छ.ग.)
ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 186966/निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.लि./2025-26 **दि. 12.03.2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **02.04.2026 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम - बीजापुर जिले के विकासखंड भैरमगढ़ के कोमपल्ली स्टापडेम का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - **रू. 131.89 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)**

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.03.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बीजापुर
कृते अधीक्षण अभियंता
बस्तर जल संसाधन मंडल, जगदलपुर

जी- 252607171/5

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक 496/व.ले.लि./सेतु/2025-26 रायगढ़ दिनांक 12/3/26

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक/175/202511042900023/अ-82/2025-26. चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है -

अनुसूची

भूमि का वर्णन					
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	धारा 12 के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	खरसिया	भूपदेवपुर प.ह.नं. 39	0.216	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रायगढ़	भू-अर्जन युटिलीटी शिफ्टिंग के अंतर्गत आर.ओ.बी./ आर.यू.बी. निर्माण हेतु भू-अर्जन

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खरसिया के कार्यालय में किया जा सकता है.

(एस.के. भगत)
कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग रायगढ़

जी -252607176/1

नागरिकों से मिल रहे फीडबैक पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे: रामगोपाल गर्ग

■ 'अनुभव' और 'सशक्त' एप से फरवरी में 1134 नागरिकों ने दी प्रतिक्रिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। तकनीक के माध्यम से पुलिसिंग को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए शुरू किए गए अनुभव और सशक्त एप अब बिलासपुर रेंज में पुलिस कार्यप्रणाली का आईना बनते जा रहे हैं। फरवरी 2026 में रेंज के जिलों से कुल 1134 नागरिकों ने फीडबैक दर्ज कराया। इन आंकड़ों से यह भी स्पष्ट हो रहा है कि किन जिलों में पुलिस-जनसंवाद बेहतर है और कहां अभी भी जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है।

बिलासपुर रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर शुरू की गई इस व्यवस्था का उद्देश्य पुलिस सेवाओं को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है। इन आंकड़ों से साफ है कि रेंज में रायगढ़, मुंगेली और बिलासपुर जैसे जिलों में पुलिस-जनसंवाद अपेक्षाकृत बेहतर है। वहीं कुछ जिलों और थानों में फीडबैक की कमी यह संकेत देती है कि वहां एप के उपयोग को लेकर जागरूकता और बढ़ाने की जरूरत है। आईजी रेंज रामगोपाल गर्ग का मानना है कि नागरिकों से मिल रहे ये फीडबैक पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सक्ती और जांजगीर का प्रदर्शन औसत

सक्ती जिले में 127 फीडबैक प्राप्त हुए। इनमें मालखरौदा थाना से 38, जैजैपुर से 20 और डभरा से 19 फीडबैक दर्ज हुए। वहीं जांजगीर जिले से 100 फीडबैक प्राप्त हुए। सारागांव थाना से 20 और जांजगीर थाना से 11 फीडबैक दर्ज हुए।

कोरबा, सारंगढ़ और जीपीएम में कम भागीदारी

कोरबा जिले से 55 फीडबैक प्राप्त हुए, जिनमें उरगा थाना से 12 फीडबैक दर्ज हुए। इसी तरह सारंगढ़ जिले में 51 फीडबैक और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में केवल 39 फीडबैक प्राप्त हुए। इन जिलों में एप के उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत मानी जा रही है।

रायगढ़ ने दिखाई सबसे ज्यादा सक्रियता

फीडबैक के मामले में रायगढ़ जिला पूरे रेंज में पहले स्थान पर रहा। यहां फरवरी माह में 331 फीडबैक दर्ज किए गए, जो कुल फीडबैक का लगभग 29 प्रतिशत है। जूटमिल और कोतरारोड थानों से 44-44 फीडबैक दर्ज होना यह दर्शाता है कि इन क्षेत्रों में एप के उपयोग को लेकर जागरूकता अधिक है। हालांकि अजाक और महिला थाना से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलना यह संकेत देता है कि कुछ इकाइयों को अभी और सक्रिय होने की जरूरत है।

मुंगेली दूसरे स्थान पर

मुंगेली जिले में 230 फीडबैक प्राप्त हुए, जो रेंज में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। पथरिया थाना से 46, सिटी कोतवाली से 33, लोरमी से 24 और साइबर सेल से 21 फीडबैक दर्ज किए गए। यह बताता है कि जिले के कई थाना क्षेत्रों में नागरिक सक्रिय रूप से अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

बिलासपुर का प्रदर्शन मध्यम

बिलासपुर जिले से फरवरी में 201 फीडबैक प्राप्त हुए।थाना सरकंडा से 64 फीडबैक सबसे अधिक रहे, जबकि सिविल लाइन से 20 फीडबैक दर्ज हुए। हालांकि जिले के कई थाना और इकाइयों से कोई फीडबैक नहीं आना यह दर्शाता है कि यहां एप के उपयोग को और बढ़ाने की आवश्यकता है।

न्यूज गैलरी

कन्नौजिया कुंभकार समाज का अधिवेशन 29 व 30 को

सीपत/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कन्नौजिया कुंभकार समाज (पेंड्रा राज, रायपुर राज, रतनपुर राज, तखतपुर राज) का पांचवां महाधिवेशन पेंड्रा राज के भर्रीडांड़ में रखा गया है। यह अधिवेशन 29 व 30 मार्च को सुबह 9 बजे से दीनदयाल प्रजापति के निवास स्थान के पीछे भर्रीडांड़ में आयोजित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत वन सभापति राधा मुरारी रैदास, जनपद सदस्य सिम्मी दिलीप साहू, ग्राम पंचायत सरपंच सुमन सिंह वाकरे उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कुंभकार समाज रतनपुर राज के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुंभकार ने दी है। उन्होंने अधिक से अधिक कुंभकार समाज के लोगों को अधिवेशन में शामिल होने की अपील की है।

मसीह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल मंत्री नियुक्त

बिल्हा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के भाजपा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर द्वारा विकास खण्ड बिल्हा के अंतर्गत तिफरा वार्ड नंबर 6 सूर्या विहार निवासी एनसन मसीह को अल्पसंख्यक मोर्चा के मण्डल मंत्री का कार्यभार सौंपा गया है। पार्टी द्वारा उनके पूर्व कार्यकाल व उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए नवदायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं जिला मंत्री डॉ. देवेंद्र कौशिक सहित भाजपा के वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया है।

किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की गई। इसके तहत बिलासपुर जिले के 1 लाख 108 किसानों के खातों में 20 करोड़ 17 लाख रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार योजनाएं चला रही है। राशि मिलने पर किसानों ने खुशी जताते हुए कहा कि वे इस पैसे का उपयोग खाद-बीज खरीदने और खेती की तैयारी में करेंगे।

नारायण टेक्नोक्रेट स्कूल का मामला, सीबीएसई की मान्यता नहीं मिली

सीबीएसई के नाम पर लिया प्रवेश, परीक्षा सीजी बोर्ड की ली

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के नेहरू नगर में संचालित नारायण टेक्नोक्रेट स्कूल पर आरोप है कि पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान खुद को सीबीएसई पैटर्न का स्कूल बताकर सैकड़ों छात्रों का प्रवेश लिया गया, अभिभावकों से मोटी फीस वसूली गई और एनसीईआरटी आधारित पढ़ाई कराई गई, लेकिन सत्र समाप्ति के समय बच्चों को छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षा में बैठाने की तैयारी शुरू कर दी गई।

गौरतलब है कि विद्यालय को सीबीएसई की मान्यता 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होनी है। यानी जिस सत्र में बच्चों को सीबीएसई पैटर्न का भरोसा देकर पढ़ाया गया, उस दौरान विद्यालय के पास औपचारिक मान्यता ही नहीं थी। अब कक्षा 5वीं और 8वीं के छात्रों को एससीईआरटी पैटर्न की परीक्षा देने के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे अभिभावकों में भारी नाराजगी है। इसके लिए लाखों रुपये फीस दी गई और निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदवाई गईं। पूरे वर्ष बच्चों को एनसीईआरटी आधारित किताबों से पढ़ाया गया, लेकिन अब अचानक राज्य बोर्ड की परीक्षा का फैसला बच्चों के लिए मानसिक दबाव और शैक्षणिक असंतुलन पैदा कर रहा है।

प्रत्येक विद्यार्थियों से एक लाख फीस वसूली

सूत्रों के मुताबिक इस स्कूल में बड़ी संख्या में छात्रों का प्रवेश कराया गया और प्रति छात्र एक लाख रुपये से अधिक फीस वसूली गई। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब राज्य शासन की ओर से छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें स्कूलों को मुफ्त वितरण के लिए उपलब्ध थीं, तो स्कूल ने उनका उठाव क्यों नहीं किया। शिक्षा विभाग के अनुसार नारायण टेक्नोक्रेट स्कूल ने सरकारी किताबें लेने के बजाय छात्रों को निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदने के लिए कहा। यहीं से शिक्षा के नाम पर चल रहे एक संभावित आर्थिक मॉडल की झलक भी दिखाई देती है, जहां स्कूल केवल फीस से ही नहीं बल्कि किताबों और अन्य संसाधनों के जरिए भी बड़ी कमाई का रास्ता बनाते हैं।

छात्रों के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय: डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे ने मामले को गंभीर मानते हुए स्कूल प्रबंधन को दस्तावेजों सहित कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा है कि जब तक सीबीएसई की मान्यता प्राप्त नहीं थी, तब तक सीबीएसई के नाम पर प्रवेश देना और उसी आधार पर पढ़ाई कराना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब राज्य शासन की ओर से मुफ्त किताबें उपलब्ध थीं तो स्कूल ने उन्हें क्यों नहीं लिया। डीईओ का कहना है कि यदि पूरे वर्ष बच्चों को एनसीईआरटी से पढ़ाया गया और अब उन्हें एससीईआरटी पैटर्न की परीक्षा में बैठाया जा रहा है तो यह छात्रों के भविष्य के साथ गंभीर अन्याय है। यदि सीबीएसई के नाम पर प्रवेश लेकर बाद में राज्य बोर्ड परीक्षा में बैठाया जा रहा है तो यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि एक बड़ा षड्यंत्र भी हो सकता है। दूसरी ओर स्कूल प्रबंधन इस पूरे विवाद को अलग नजरिये से देख रहा है। स्कूल के प्राचार्य प्रभात झा का कहना है कि फीस का संबंध केवल बोर्ड से नहीं बल्कि विद्यालय की सुविधाओं, संसाधनों और गुणवत्ता से होता है। उनका तर्क है कि चाहे सीबीएसई हो या छत्तीसगढ़ बोर्ड, फीस उसी आधार पर तय होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि फीस पर सवाल उठाया जा रहा है तो शहर के अन्य निजी स्कूलों पर भी वही सवाल लागू होना चाहिए। झा का दावा है कि एनसीईआरटी और एससीईआरटी पाठ्यक्रम में बहुत अधिक अंतर नहीं होता और बेहतर तैयारी वाले छात्र राज्य बोर्ड की परीक्षा भी दे सकते हैं। लेकिन इस पूरे विवाद के बीच सबसे बड़ा सवाल वही है जो हर अभिभावक के मन में है—यदि विद्यालय के पास सीबीएसई की मान्यता नहीं थी, तो फिर पूरे साल सीबीएसई पैटर्न के नाम पर पढ़ाई और प्रवेश कैसे चलता रहा? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि शिक्षा विभाग की निगरानी के बावजूद यह सब प्रशासन की नजर से कैसे बचता रहा।

होली मिलन समारोह में नगर विधायक अमर हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री नगर विधायक अमर अग्रवाल कुंदन पैलेस में आयोजित कार्यकर्ता होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर बिलासपुर के वरिष्ठ नेताओं, सभी मंडलों के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से कुंदन पैलेस का मैदान होली के रंगों में सराबोर हो गया। इस मनोरम और उत्साहपूर्ण वातावरण में अमर अग्रवाल की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। फाग गीतों की मधुर धुनों के बीच आयोजित इस समारोह को उन्होंने अत्यंत आनंदमय बताया। अमर अग्रवाल ने कहा कि होली का यह पावन पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। ऐसे आयोजन संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हैं तथा कार्यकर्ताओं के बीच आपसी आत्मीयता को बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मोर्चा प्रकोष्ठ उपस्थित रहे।

बाइक टकराने के विवाद में आईटीआई छात्र की पिटाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बाइक टकराने के विवाद पर आईटीआई छात्र की आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर पिटाई कर दी। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। करबला निवासी समीर कुमार भार्गव आईटीआई का छात्र है। रोज की तरह वह ट्रेनिंग सेंटर जाने के लिए निकला था। सिटी सेंटर के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद बाइक सवार ने आईटीआई छात्र के साथ मारपीट शुरू कर दी और पैसे की मांग करने लगा। आरोपी बाइक सवार जियो मार्ट में काम करता है।

रेल संरचना के अनुरक्षण में उच्चतम मानकों का पालन करें: तरुण प्रकाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले सिवनी - नैनपुर रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिवनी, नैनपुर स्टेशन तथा नैनपुर-केवलारी सेक्शन का विशेष रूप से जायजा लिया। इस अवसर पर नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस (11202) के रियर एसएलआर (ब्रेकयान) का एक पहिया नैनपुर-केवलारी रेलखंड में (खैररांजी प. ह.) के पास पटरी से उतर गया था। इस घटना के मद्देनज़र महाप्रबंधक द्वारा स्वयं संबंधित रेलखंड का निरीक्षण कर रेल संरचना, ट्रैक की स्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने ट्रैक की गुणवत्ता, रेल पथ के अनुरक्षण कार्य, प्वाइंट एवं क्रॉसिंग की स्थिति, सिग्नल एवं दूरसंचार व्यवस्था, स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं तथा यात्री सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घटना के कारणों एवं उसके पश्चात किए गए सुधारात्मक उपायों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। तरुण प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेल संरचना के अनुरक्षण में उच्चतम मानकों का पालन किया जाए तथा ट्रैक, सिग्नलिंग एवं अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की नियमित एवं गहन जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

रेल यात्रा सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेल परिचालन, संरक्षा संबंधी पहलुओं तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए रेल सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नागपुर मंडल के इंजीनियरिंग, वाणिज्य, परिचालन, सिग्नल एवं दूरसंचार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों की सुरक्षित, सुगम एवं भरोसेमंद रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

हनुमान चालीसा पाठ के बाद रविन्द्र सिंह ने कराया भंडारे का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व पार्षद रविंद्र सिंह ने हनुमान चालीसा पाठ के बाद स्वयं भोग प्रसाद व मिष्ठान वितरण किये। उसके बाद एक दूसरे को होली रंग पंचमी व जन्मदिन की बधाई देते हुये पुष्प वर्षा किये। जन्मदिन के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व नगरी निकाय मंत्री शिव डहरिया पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडे अरपा विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य महेश दुबे ने फोन कर शुभकामनाएं प्रेषित किये । वही छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शिवा मिश्रा अनिल चौहान आशीष गोयल एवं समाज सेवक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शिवा मुदीलयार हरीश तिवारी उत्तम चटर्जी चंद्रहास शर्मा रामु शुक्ला चन्द्रनाथ चटर्जी अनिल चंदेल राघवेंद्र सिंह मुन्नु केसरवानी प्रशांत पांडेय बब्लू केसरवानी संगीत मोइत्रा केशव गोरख संजय दवे संदीप मिश्रा शहर कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष संतोष गर्ग भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन प्रदेश महामंत्री विकास सिंह अशोक केशवानी पंकज बर्डे संजय यादव राकेश केसरी राहुल दुबे गुड्डू चंदेल राजेश साहु रिंकू परिहार प्रशांत परिहार दिलीप साहू हनु शर्मा राजेंद्र विष्ट संतोष चौहान मुकेश दुबे राज चौहान रितिक सिंह हरीश चेलकर विपिन मिश्रा अविनाश चंदेल सन्नी चौहान गजेंद्र साहू अजय गोस्वामी यश सिंह शिवम मिश्रा संजय शुक्ला पप्पू बिष्ट उदय गंगवानी राजवीर सिंह व महिला मंडल के स्मिता मोइत्रा मधु सिंह सीमा ठाकुर बबीता केसरवानी ममता पांडेय अर्चना केसरवानी सविता पांडेय ज्योति सिंह ललिता केसरवानी कोमल बर्डे निशिता सिंह सविता महेश्वरी कल्पना शेन्डे नंदा जेठवा सहित सैकड़ो वार्ड व नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा पूजा अर्चना कर पुष्प भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित किए।

आयोजन: 'आधुनिक भारत के सामाजिक उत्थान के आध्यात्मिक गुरु व नेता' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

आध्यात्मिक गुरुओं की शिक्षाएं आज भी नैतिकता और मानवीय मूल्यों की दिशा में मार्गदर्शन देती है: प्रो. चंद्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के अंग्रेज़ी एवं विदेशी भाषा विभाग द्वारा आयोजित आईसीपीआर एवं आईएचएआर प्रायोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'आधुनिक भारत के सामाजिक उत्थान के आध्यात्मिक गुरु एवं नेता' का समापन आज रजत जयंती सभागार में आयोजित समापन सत्र के साथ हुआ।

यह संगोष्ठी गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के गतिशील नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अश्विनी कुमार दीक्षित के प्रशासनिक एवं लॉजिस्टिक सहयोग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. एन. डी. आर. चंद्र, पूर्व कुलपति, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महान आध्यात्मिक गुरुओं की शिक्षाएं आज भी समाज को नैतिकता, सद्भाव और मानवीय मूल्यों की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। अपने संबोधन में प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वों को अपने पाठ्यक्रमों में समाहित किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि नई पीढ़ी भारतीय परंपराओं और मूल्यों को समझे, उन्हें पुनर्जीवित करे और अपनाए। साथ ही उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिकता के साथ-साथ आध्यात्मिकता के मार्ग को भी अपनाएं।

भारतीय आध्यात्मिक चिंतन की आधुनिक समाज के नैतिक आधार को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका: प्रो. चौहान

कार्यक्रम में अतिथि विशिष्ट के रूप में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के प्रो. आई. डी. तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय दार्शनिक परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में नैतिक चेतना के निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा (बिहार) के प्रो. निखिल कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा सीडीओई, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्रो. मनीष श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ संगोष्ठी के अध्यक्ष एवं कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अनुराग चौहान के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने संगोष्ठी के विषय की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय आध्यात्मिक चिंतन आधुनिक समाज के नैतिक और दार्शनिक आधार को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. आर. सुब्रमोनी ने संगोष्ठी की विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय (सागर), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (अमरकंटक), वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (आरा), इलाहाबाद विश्वविद्यालय सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए 18 विद्वानों ने छह प्लेनरी सत्रों में व्याख्यान दिए। उन्होंने यह भी बताया कि देश के विभिन्न भागों से आए शोधार्थियों और विद्वानों द्वारा समानांतर तकनीकी सत्रों में लगभग 250 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए, जिससे यह संगोष्ठी व्यापक अकादमिक संवाद का महत्वपूर्ण मंच बनी।

ओमान में ड्रोन हमला दो भारतीयों की मौत

ओमान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया, एक सुरक्षा सूत्र ने खबर दी है कि सोहर के विलायत इलाके में दो ड्रोन क्रैश हुए हैं. इनमें से एक ड्रोन अल अवही इंडस्ट्रियल जोन में गिरा, जिसकी वजह से दो विदेशी कामगार मारे गए और कई अन्य घायल हो गए.卐 ओमान के सोहर इलाके में देश का दूसरा सबसे बड़ा पोर्ट है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी शुक्रवार देर शाम दो भारतीयों कामगारों के मारे जाने की पुष्टि की. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 卐पश्चिमी एशिया में जारी संकट के बीच सोहर, ओमान में हमने आज दो भारतीय नागरिकों को खो दिया. कई अन्य भारतीय नागरिक घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि ओमान में भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों और इन कर्मचारियों की नियोक्ता कंपनी के संपर्क में है. भारतीय विदेश मंत्रालय में खाड़ी क्षेत्र के लिए अतिरिक्त सचिव असीम महाजन ने बताया कि इस हमले में दस भारतीय घायल भी हुए हैं जिनमें पांच लोगों का अभी अस्पताल में इलाज हो रहा है. उन्होंने बताया कि घायलों में किसी भी स्थिति गंभीर नहीं है। इस संकट में अब तक कम से कम तीन भारतीयों की जान पहले ही जा चुकी है. एक व्यक्ति अमेरिकी स्वामित्व वाले तेल टैंकर 'सेफसी विष्णु' पर हुए हमले में मारा गया था. पत्रकारों के साथ बातचीत में महाजन ने कहा कि उसके अवशेषों को भारत लाने के लिए कोशिशें हो रही हैं. दो अन्य भारतीय भी इसी तरह के हमलों में मारे गए. मध्य पूर्व के देशों में बड़ी संख्या में भारतीयकाम करते हैं. लेकिन ईरान इलाके के उन सभी देशों को निशाना बना रहा है जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं और जो अमेरिका के सहयोगी हैं।

न्यूज गैलरी

बीजेपी हमारी वैचारिक दुश्मन

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कड़गम ने शनिवार को अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है। टीवीके ने कहा है कि उनका बीजेपी या एनडीए के साथ जाने का कोई इरादा नहीं है। पार्टी नेतृत्व ने इन खबरों को केवल मीडिया की अटकलें बताया है। टीवीके के संयुक्त महासचिव सी टी आर निर्मल कुमार ने एनडीए के साथ गठबंधन की खबरों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के जिला सचिवों के साथ हुई बैठक का मकसद केवल संगठन की मजबूती को परखना था। उन्होंने साफ किया कि बीजेपी के साथ चुनावी समझौता करने का कोई सवाल ही नहीं उठता। निर्मल कुमार ने इन खबरों को महज अफवाह बताया और कार्यकर्ताओं से इन पर ध्यान न देने की अपील की है। पार्टी की ओर से जारी बयान में बीजेपी पर तीखा हमला बोला गया है। निर्मल कुमार ने कहा कि हमने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि बीजेपी हमारी वैचारिक दुश्मन है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या बीजेपी विजय को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार स्वीकार करेगी। टीवीके का कहना है कि इस तरह की खबरें लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए फैलाई जा रही हैं।

ट्रंप समर्थक लॉरा लूमर ने मांगी माफी

वाशिंगटन/ए.। अमेरिका की राजनीतिक कार्यकर्ता और राष्ट्रपति ट्रंप की कट्टर समर्थक लॉरा लूमर ने अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। लॉरा लूमर ने सोशल मीडिया पर कई भारत विरोधी बातें लिखीं थी, जिनमें से कुछ नस्लभेदी और बेहद आपत्तिजनक थीं। अब लॉरा लूमर ने अपने उन बयानों के लिए माफी मांगी है। लॉरा लूमर ने अपने कई सोशल मीडिया पोस्ट में भारत और भारतीयों के खिलाफटिप्पणी की। साथ ही अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के खिलाफभी बातें लिखीं। जब लॉरा लूमर ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए भारत आने की घोषणा की तो कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर नाराजगी जाहिर की और लॉरा लूमर की पिछली पोस्ट्स को लेकर कड़ी आपत्ति जताई।

ऊर्जा संकट के बावजूद बांग्लादेश को डीजल की आपूर्ति की

नई दिल्ली(वार्ता)। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण तेल की आपूर्ति बुरी रह से बाधित हुई है। तेल संपन्न खाड़ी देशों को दुनिया के अन्य भागों से जोड़ने वाले रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों और वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही पर ईरान ने रोक लगा दी है। इस रास्ते से 20 फीसदी तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई होती है। इसके चलते नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों में ईंधन की भारी किल्लत हो गई है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल रिफाइनर है, उसके पास भंडारण की भी पर्याप्त सुविधा है, इसको देखते हुए पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन की आपूर्ति की मांग की है। नेपाल ने इंडिय ऑयल कॉर्पोरेशन से मौजूदा संकट के मद्देनजर एलपीजी की मासिक आपूर्ति बढ़ाने का अनुरोध किया है। नेपाल ने 3,000 टन अतिरिक्त एलपीजी की मांग की थी, लेकिन भारत फिलहाल अनुबंधित मात्रा की आपूर्ति करने की ही बात कही है।

जोधपुर जेल से रिहा हुए जलवायु कार्यकर्ता वांगचुक, केंद्र सरकार ने हटाया एनएसए

■ **लद्दाख के नए उपराज्यपाल ने किया फैसले का स्वागत**

नई दिल्ली/ए.। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। यह रिहाई उस समय हुई जब केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) को हटा दिया। मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए लिया गया है। सरकार का कहना है कि यह फैसला लद्दाख में शांति और स्थिरता का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को हिरासत में लिया गया था।

इससे ठीक दो दिन पहले लेह में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बड़े प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भी हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 45 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिनमें 22 पुलिसकर्मी भी शामिल थे। हिंसा के बाद लेह के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था, ताकि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बाद में उन्हें राजस्थान के जोधपुर स्थित जेल में भेज दिया गया था।

लद्दाख के उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से जानकारी दी गई कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोनम वांगचुक की हिरासत समाप्त करने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार का एक सकारात्मक कदम है, जो लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल बनाने में मदद करेगा। उपराज्यपाल ने कहा कि लद्दाख में आंदोलन और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यहां के लोगों की आकांक्षाओं और चिंताओं से जुड़े सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार विभिन्न हितधारकों, सामुदायिक नेताओं और आम नागरिकों के साथ संवाद करके लद्दाख से जुड़े मुद्दों का समाधान निकालने की दिशा में काम करेगी।

वांगचुक की पत्नी ने किया था सुप्रीम कोर्ट का रुख

इससे पहले वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो ने उनकी हिरासत को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर अंतिम सुनवाई के लिए 10 मार्च की तारीख तय की थी। इसके बाद कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया था कि क्या उनके भाषण और सोशल मीडिया पोस्ट को वास्तव में भड़काऊ माना जा सकता है और क्या उनका 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा से कोई सीधा संबंध है।

लद्दाख में शांति कायम करने पर सरकार का जोर : मंत्रालय

वांगचुक का हिरासत रद्द करते हुए गृह मंत्रालय ने बयान जारी कहा कि केंद्र सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी भरोसा कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी पक्षों के साथ सार्थक और रचनात्मक बातचीत हो सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए वांगचुक की हिरासत खत्म करने का फैसला लिया गया है। सरकार का कहना है कि वह लद्दाख के अलग-अलग समुदायों, नेताओं और संगठनों से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि क्षेत्र के लोगों की चिंताओं और मांगों का समाधान निकाला जा सके। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि हाल के समय में हड़ताल और विरोध प्रदर्शनों की वजह से समाज के शांतिपूर्ण माहौल पर असर पड़ा है। इसका प्रभाव छात्रों, नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं, व्यापारियों, टूर ऑपरेटरों, पर्यटकों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है।

राहुल ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली(वार्ता)। केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लगातार हमलावर हैं। उन्होंने एक बार फिर फेसबुक पोस्ट लिखकर किसानों से जुड़ा मुद्दा उठाया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से जुड़ा सवाल पूछा, लेकिन सरकार ने जवाब देने से बचने का रास्ता चुना और संसद के पटल पर पुरानी नीतियों को दोहराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हक में संसद से लेकर सड़क तक आवाज उठाते रहेगी। अपने पोस्ट के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार से संसद में मिले जवाब की प्रति भी साझा की है। विपक्ष के नेता ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए अपने फेसबुक पोस्ट में आगे लिखा, 'सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के 'राष्ट्रीय प्राथमिकताओं' के नाम पर सही ठहराया गया। उन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर भी टिप्पणी की। राहुल ने लिखा, एक और गंभीर सवाल- अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से जुड़ा है। उन्होंने ट्रेड डील के हिस्से में गैर-व्यापारिक अवरोध को घटाए जाने की बात पर हैरानी जताते हुए पूछा कि क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है?

स्वामीनाथन समिति के सुझावों पर जोर

राहुल गांधी ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, 'लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा: 2021 में किसानों से किया गया C2 + 50त कानूनी MSP का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ? सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी MSP नीति दोहरा दी।' राहुल जिस सी2 प्लस 50 फीसदी फॉर्मूले का जिक्र कर रहे हैं, इसे आम तौर पर स्वामीनाथन समिति के सुझावों की तरह भी देखा जाता है। इसके तहत सरकार को ये सुझाव दिया गया है कि खेती की कुल लागत (सी2) में 50 फीसदी मुनाफे को जोड़ने के बाद ही फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का निर्धारण किया जाना चाहिए।

यूएस-दक्षिण कोरिया के अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने दागी 10 मिसाइलें

नई दिल्ली/ए.। उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि यह प्रक्षेपण ऐसे समय किया गया, जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी है। दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफके मुताबिक, मिसाइलें प्योंगयांग के पास सुनान क्षेत्र से दागी गईं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, इन मिसाइलों ने लगभग 350 किलोमीटर तक उड़ान भरी। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी पुष्टि की कि ये हथियार जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर समुद्र में गिरे और किसी नुकसान की खबर नहीं है। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा है कि उसने निगरानी बढ़ा दी है और किसी भी अतिरिक्त लॉन्च की आशंका को देखते हुए पूरी तैयारी बनाए रखी है। सियोल, वॉशिंगटन और टोक्यो इस घटनाक्रम को लेकर आपस में सूचनाएं साझा कर रहे हैं। यह मिसाइल परीक्षण ऐसे वक्त हुआ है, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया का

दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के रिश्ते सुधारने की कोशिश जारी

इस बीच, उत्तर कोरिया के साथ रुके हुए संवाद को फिर से शुरू करने की कोशिशें भी जारी हैं। गुरुवार को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री ने वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस बैठक में उत्तर कोरिया के साथ 2019 से ठप पड़े संवाद को दोबारा शुरू करने के तरीकों पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय तनाव कम करने और बातचीत की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की इच्छा जताई है।

मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद 'बिजनेस भूषण' पुरस्कार से सम्मानित

■ **महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने समारोह में प्रदान किया सम्मान**

मुंबई/नवप्रदेश। मालाबार ग्रुप के चेयरमैन, श्री एम.पी. अहमद को लोकमत महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर अवाड्र्स 2026 में प्रतिष्ठित बिजनेस भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र के साथ-साथ समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है।

मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित इस भव्य समारोह में राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। पुरस्कार वितरण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने किया। इस अवसर पर लोकमत के चेयरमैन श्री विजय दरड़ा, कई मंत्री, अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं।

लोकमत मीडिया ग्रुप द्वारा प्रस्तुत यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने नेतृत्व और उपलब्धियों से न सिर्फ उद्योगों को नई दिशा दी है, बल्कि समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

एमेजॉन एयर पूर्वोत्तर भारत तक पहुंचा पांच गुना ज्यादा तेजी से होगी डिलीवरी

■ **एमेज़ॉन भारत में एकमात्र ई-कॉमर्स कंपनी है, जिसके पास अपना खुद का एयर कार्गो नेटवर्क है**

नई दिल्ली/ए.। आज एमेज़ॉन ने उत्तर पूर्व भारत में एमेज़ॉन एयर का विस्तार किया। यह नया एयर कार्गो रूट कोलकाता और गुवाहाटी को जोड़ेगा, जिससे क्षेत्र में कंपनी का लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और कनेक्टिविटी बढ़ेंगे। क्षेत्र में अपना खुद का एयर कार्गो नेटवर्क स्थापित होने से डिलीवरी स्पीड और विश्वसनीयता में काफी वृद्धि होगी, तथा उत्तरपूर्व भारत के ग्राहक एमेज़ॉन से उत्पाद ज्यादा तेज और भरोसेमंद डिलीवरी के साथ मंगा सकेंगे।

यह सेवा एमेज़ॉन के इंटीग्रेटेड एयर एवं सरफेस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क द्वारा सैवन सिस्टर्स - अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में डिलीवरी पहुँचाने में मदद करेगी। एमेज़ॉन के खुद के एयर कार्गो नेटवर्क और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर की मदद से ट्रांज़िट टाईम में काफी कमी आएगी तथा डिलीवरी की स्पीड पाँच गुना तक बढ़ जाएगी। इस सेवा की मदद से क्षेत्र के ग्राहकों को एमेज़ॉन पर उपलब्ध सभी उत्पाद, जैसे रोजमर्रा की जरूरत की चीजों से लेकर स्मार्टफोन, कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एवं ब्यूटी आदि बहुत तेजी से प्राप्त हो सकेंगे। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली से गुवाहाटी के लिए एमेज़ॉन की पहली एयर फ्लाईट का उद्घाटन माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री, भारत सरकार, श्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने किया। इस अवसर पर अभिनव सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, ऑपरेशंस, भारत और ऑस्ट्रेलिया, एमेज़ॉन और चेतन कृष्णास्वामी, वीपी, पब्लिक पॉलिसी, एमेज़ॉन इंडिया भी मौजूद थे।

गिल-मंधाना वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बिन्नी और द्रविड़ को भी मिलेगा अवॉर्ड

नई दिल्ली/ए.। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नमन अवॉर्ड 2026 की घोषणा कर दी है। यह समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस दौरान भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के प्रतिष्ठित 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को 'पॉली उमरीगर क्रिकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड भी कहा जाता है। वहीं, महिलाओं में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया जाएगा। शुभमन ने दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है। इससे पहले साल 2023 में भी उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। दूसरी बार यह अवॉर्ड जीतने के साथ ही शुभमन सचिन तेंदुलकर और रविचंद्रन अश्विन की बराबरी कर लेंगे। इन दोनों ने भी यह अवॉर्ड दो-दो बार जीता था। इन तीनों से ज्यादा बार इस अवॉर्ड से विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह ही सम्मानित हुए हैं। कोहली पांच बार बीसीसीआई के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर रहे हैं, वहीं बुमराह ने तीन बार यह अवॉर्ड जीता है। 26 वर्षीय शुभमन ने पिछले साल यानी 2025 टेस्ट और वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, उन्हें हाल ही में टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी, लेकिन बाकी दो फॉर्मेट में उनका प्रदर्शन बेहद दमदार रहा।

राजकुमार की अगली फिल्म का ऐलान

मुंबई। राजकुमार राव आखिरी बार फिल्म 'मालिक' में खूंखार लुक में नजर आए थे। अब उनकी आने वाली फिल्म अनाउंसमेंट हो गई है। एक्टर और मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की। आइए जानते हैं फिल्म से जुड़ी सारी बातें।

राजकुमार राव अगली फिल्म 'रफ्तार' में नजर आएंगे। उनके साथ साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश लीड रोल में होंगी। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य निंबालकर कर रहे हैं, जबकि इसे राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा अपने बैनर कम्पा फिल्म के तहत प्रोड्यूस कर रही हैं। फिल्म की कहानी तेजी से बढ़ती स्टार्टअप की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें एक ऐसे लड़के और लड़की की कहानी दिखाई जाएगी जो सफलता पाने के लिए बहुत महत्वाकांक्षी हैं। जैसे-जैसे पैसा, ताकत और लालच बढ़ता है, वैसे-वैसे उनके रिश्ते की भी परीक्षा होने लगती है। बताया जा रहा है कि फिल्म भारत के कॉमर्शियल एजुकेशन सिस्टम पर एक सटायर भी है, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे कई बार ज्ञान से ज्यादा मुनाफे को अहमियत दी जाती है। कहानी यह सवाल भी उठाती है कि सफलता पाने की कीमत क्या होती है और क्या वह कीमत सच में सही है। जैसे ही पोस्ट शेयर की गई, उसके बाद से ही फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। फिल्म के नाम को देखकर लोग कयास लगा रहे हैं कि ये रैपर रफ्तार की बायोपिक है, और लोग बड़े उत्साह से कमेंट में रैपर रफ्तार की तारीफें कर रहे हैं। हालांकि अभी ऐसी कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है, जिसमें ऐसा जिक्र किया गया हो कि ये मूवी रैपर रफ्तार की जिंदगी पर आधारित होगी।

न्यूज गैलरी

टायर फटने से बिलासपुर जा रही केला भरी ट्रक पलटी

खैरागढ़/नवप्रदेश। महाराष्ट्र से बिलासपूर के लिए केला भर निकली ट्रक शहर से धमधा मार्ग पर ग्राम संडी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर सडक़ पर ही पलट गई। हादसा तेज रफ्तार ट्रक का टायर फटने की वजह से हुआ। घटना मे ट्रक के चालक परिचालक को मामूली चोंटे आई है। महाराष्ट्र के अंजन से बिलासपूर के लिए केला लदा ट्रक एमएच 28 बीबी3398 संडी मोड़ के पास सडक़ पर ही पलट गया। इससे आवागमन बाधित हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने आनन फानन मे ट्रक को सउक़ से हटाने कार्यवाही शुरू की। मशक्कत के बाद ट्रक को सडक़ से हटाने के बाद धमधा मार्ग पर आवाजाही शुरू हो पाई। पलटने से ट्रक मे भरा केला भी सउक़ और किनारे तक फैल गया। जिसे हटाया गया । पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

मेडिकल कॉलेज में छात्रों के लिए साइकोलॉजिकल काउंसलर नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की मानसिक और व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए साइकोलॉजिकल काउंसलर नियुक्त किया गया है। डॉ प्रवीणा मिश्रा 16 मार्च 2026 से गर्ल्स कॉमन रूम में दोपहर 12 बजे से काउंसलिंग देंगी। यह काउंसलिंग प्रत्येक दूसरे दिन की जाएगी। चिकित्सा महाविद्यालय ने काउंसलिंग के लिए सोमवार, बुधवार और शुक्रवार का दिन तय किया है। स्नातक, स्नातकोत्तर और सुपरस्पेशलिटी कोर्स के छात्र मानसिक तनाव और व्यक्तिगत समस्याओं के लिए उनसे परामर्श ले सकेंगे। पैथेलॉजी सह प्राध्यापक एवं छात्र शाखा की प्रभारी अधिकारी डॉ. वर्षा पाण्डेय के समक्ष काउंसलर को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

5 लाख के जेवर पहन दुकान से युवती फरार, ब्वॉयफ्रेंड को दुकानदारों ने पकड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा इलाके की एक ज्वेलरी दुकान में युवक-युवती ने झांसा देकर लाखों के जेवर पार कर दिए। दोनों खरीदार बनकर दुकान पहुंचे। युवती ने करीब 5 लाख के जेवर पसंद किए और उसे पहन लिया। दुकान से फरार हो गई। युवक भी फरार होने की कोशिश में था, लेकिन कारोबारियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के मुताबिक देवपुरी में मां दुर्गा ज्वेलर्स दुकान है। गुरुवार दोपहर को पंकज सोनी दुकान में बैठा था। उसी दौरान कमलेश्वरी साहू और उसका साथी मेषराम साहू ग्राहक बनकर दुकान पहुंचे। कमलेश्वरी ने कहा कि उन्हें सोने का रानीहार चाहिए। उन्हें दूसरी दुकान से लाकर रानीहार दिया गया। इसके बाद उसने एक जोड़ी सोने की कान की बाली, सोने की अंगूठी, चांदी की एक जोड़ी पायल, तीन जोड़ी बिछिया खरीदने के नाम पर दुकान में ही पहन लिया। जेवरों की कुल कीमत 4 लाख 93 हजार रुपए है। इसके बाद कमलेश्वरी ने कहा कि उसकी एक और सहेली आ रही है। उसे भी रानीहार लेना है। वह बैंक से पैसा निकालकर ला रही है। यह बोलकर वह मोबाइल से बात करते हुए दुकान के बाहर निकली। फिर वह बोली कि उसकी सहेली रास्ते में दुकान का रास्ता पूछ रही है, उसे बताकर ला रही हूं। कहते हुए बाहर निकल गई। उसका साथी युवक दुकान में बैठा था। इस लिए दुकानदार को शक नहीं हुआ। कुछ देर बाद दुकानदार ने युवती को फोन लगाया, तो युवती ने थोड़ी देर में आने की जानकारी दी। इस बीच उसका साथी मेषराम भी दुकान से निकलकर भागने लगा। यह देखकर दुकानदार और आसपास के लोगों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया।

गैस ऑफिस में घुसकर डिलीवरी बॉय से मारपीट, युवक गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। सड़क पर हुई मामूली कहासुनी के बाद चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित गैस ऑफिस में घुसकर डिलीवरी बॉय से मारपीट करने वाले युवक पर चकधरनगर पुलिस ने गैर जमानती धाराओं में कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजा अग्रवाल ने 12 मार्च 2026 को थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 11 मार्च 2026 की सुबह करीब 10:30 बजे अपने ऑटो से प्रियदर्शनी एचपी गैस ऑफिस, दुर्गा मंदिर के सामने बोईरदादर रोड में गैस की होम डिलीवरी करने जा रहा था। इसी दौरान सुभाष चौक के पास एक मोटरसाइकिल चालक से साइड देने की बात को लेकर उसकी मामूली बहस हो गई। इसके बाद राजा अपने काम के लिए गैस ऑफिस पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार मोटरसाइकिल चालक उसका पीछा करते हुए गैस ऑफिस तक पहुंच गया और अंदर घुसकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा। गैस आफिस के कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। मारपीट करने वाले युवक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम रिहान खान निवासी जिला पंचायत के पीछे छोटे अतरमुड़ा थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ बताया।

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने मिले 15.70 करोड़ अतिरिक्त

रायपुर/नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों की मदद के लिए केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समिति ने वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़, फ्लैश फ्लड, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान मोन्था जैसी आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लिए 1,912.99 करोड़ की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। इस निर्णय के तहत छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़ रुपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में केंद्र के इस अतिरिक्त सहयोग के लिए केंद्रीय गृह मंत्री का आभार माना है। केंद्र सरकार द्वारा यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से जारी की जाएगी, ताकि प्रभावित राज्यों में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। केंद्र सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं के समय राज्यों के साथ मजबूती से खड़ी है और हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है।

नक्सल इलाके में सुरक्षा बलों की बड़ी बढ़त, बीजापुर के बड़े गुंडेम में खुला सुरक्षा कैम्प

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक और अहम कदम उठाते हुए थाना फरसेगढ़ क्षेत्र के ग्राम बड़े गुण्डेम में नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना की है। 12 मार्च को स्थापित यह कैम्प न केवल नक्सल विरोधी अभियानों को मजबूती देगा, बल्कि सुदूर वनांचल में बसे ग्रामीणों के लिए विकास की नई राह भी खोलेगा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार डीआरजी, जिला बल और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 12वीं वाहिनी की संयुक्त टीमों ने बेहद दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और पहुंचविहीन रास्तों के बावजूद साहसिक अभियान चलाकर यह कैम्प स्थापित किया। जंगलों और कठिन प्राकृतिक चुनौतियों के बीच सुरक्षा बलों की यह उपलब्धि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ विकास की गति तेज करने की दिशा में भी अहम मानी जा रही है। दरअसल, भोपालपटनम से फरसेगढ़ तक संपर्क और आधारभूत संरचना के विस्तार की दिशा में यह कैम्प एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। इससे नेशनल पार्क क्षेत्र के दूर-दराज के गांवों को सड़क, संचार और अन्य सुविधाओं से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा, जिससे प्रशासन की पहुंच बढ़ेगी और ग्रामीणों को राहत मिलेगी। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि इस कैम्प के स्थापित होने से आसपास के गांवों के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मोबाइल नेटवर्क, सड़क और पुल-पुलिया जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलने में आसानी होगी। साथ ही माओवादियों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में भी मदद मिलेगी और क्षेत्र में शांति व विश्वास का वातावरण बनेगा। बीजापुर जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बल लगातार सक्रिय हैं। वर्ष 2024 से अब तक जिले में 37 नए सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं। इन अभियानों के दौरान अब तक 955 माओवादी पुनर्वासित हुए हैं, 234 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और 1184 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कैम्प पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में स्थापित किया गया।

राजनांदगांव के विकास को गति: 2 हजार सीटर अत्याधुनिक ऑडिटोरियम सहित 226 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

राजनांदगांव को आधुनिक सुविधाओं से लैस मॉडल सिटी के रूप में विकसित करेंगे: साय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सीएम विष्णु देव साय आज नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से नगर पालिक निगम राजनांदगांव के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 226 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने राजनांदगांववासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह भूमिपूजन केवल विकास कार्यों की शुरुआत नहीं, बल्कि शहर के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र के साथ प्रदेश के संतुलित और समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में राजनांदगांव की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी के अनुरूप नागरिक सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इन परियोजनाओं के माध्यम से शहर के हर वार्ड तक विकास की किरण पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अमृत मिशन 2.0 के तहत शहर में घरेलू अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक उपचार के लिए दो नए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इससे गंदे पानी को सीधे नदियों और नालों में जाने से रोका जा सकेगा और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नागरिकों के स्वास्थ्य की भी रक्षा होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नगरोउत्थान योजना के अंतर्गत सड़कों का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिससे यातायात अधिक सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजनांदगांव में 2 हजार सीटर का विशाल अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया जाएगा, जो संस्कारधानी की कला, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों को नया मंच प्रदान करेगा। इससे स्थानीय कलाकारों, साहित्यकारों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के व्यापक अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह ऑडिटोरियम शहर की एक नई पहचान बनेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर के उन्नयन, नाली निर्माण, पाइपलाइन विस्तार तथा शहर के 51 वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष बजट प्रावधान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए नए संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि राजनांदगांव केवल स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने वाला शहर न रहे, बल्कि देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों में अपनी पहचान बनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से राजनांदगांव तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके विजन और जनसहभागिता से शहर को छत्तीसगढ़ की एक मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

राजनांदगांव जिले के समग्र विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजनांदगांव उनके दिल के बेहद करीब है और आज का दिन शहर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संकल्प बजट 2026-27 में राजनांदगांव जिले के समग्र विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। डॉ. सिंह ने बताया कि शिवनाथ नदी के संरक्षण, संवर्द्धन और विकास के लिए 250 करोड़ रुपये की योजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। इसके अलावा विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेक विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए 20 करोड़ रुपये, स्कूल शिक्षा विभाग के लिए 20 करोड़ रुपये, नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत 60 करोड़ रुपये, तथा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से लगभग 200 करोड़ रुपये के कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि खेल सुविधाओं के विकास के लिए हॉकी स्टेडियम में टर्फसहित अन्य सुविधाओं के निर्माण हेतु 8 करोड़ 80 लाख रुपये तथा दिग्विजय स्टेडियम में खेल अधोसंरचना सुदृढ़ करने के लिए 6 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है, जिससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद संतोष पांडेय, छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह तथा महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

पराली जलाने से कई एकड़ में फैली आग, पेड़-पौधे जले, बढ़ा प्रदूषण

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पराली जलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे कई एकड़ क्षेत्र में आग फैलने के साथ वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। आग की वजह से खेतों के आसपास के पेड़-पौधे और हरी घास जलकर नष्ट हो रहे हैं, जिससे मवेशियों के लिए चारे की समस्या भी खड़ी हो गई है।

हाल ही में ग्राम भैंसमा के एक खेत में पराली जलाने से लगी आग पेड़ों तक पहुंच गई, जिससे कई पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। इसी तरह बरपाली, उमरेली और फरसवानी क्षेत्रों में भी पराली जलाने की घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई एकड़ क्षेत्र में आग फैल गई। राज्य सरकार द्वारा पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है और इसके लिए जुर्माने का भी प्रावधान है।

निगरानी की जिम्मेदारी कृषि विभाग, राजस्व विभाग और पंचायतों को दी गई है, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण इलाकों में इस पर रोक नहीं लग पा रही है। बताया जा रहा है कि पूर्व में चलाए गए 'पैरादान' अभियान के बंद होने के बाद पराली के उपयोग में कमी आई है। पशुपालन कम होने से किसान पराली को घर ले जाने के बजाय खेतों में ही जला देते हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक कंवर ने बताया कि किसानों को पराली न जलाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है, ताकि पर्यावरण और जमीन की उर्वरता को नुकसान से बचाया जा सके।

राजनांदगांव सबसे गर्म, पारा 40.5 डिग्री मार्च के दूसरे सप्ताह में ही लू जैसे हालात

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मार्च के दूसरे सप्ताह में ही गर्मी तेज हो गई है। राजधानी रायपुर में लू जैसे हालात रहे और अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक है। यदि तापमान 40 डिग्री पार कर जाता तो मार्च के दूसरे सप्ताह में ही राजधानी में लू चलने की स्थिति बन जाती। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी राजनांदगांव में दर्ज की गई, जहां अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री तक पहुंच गया। आमतौर पर रायपुर में मार्च के दौरान तापमान 42 डिग्री के आसपास पहुंचता है, लेकिन इस बार गर्मी का असर पहले ही दिखाई देने लगा है।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में 3 से 5 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। रविवार से मौसम में बदलाव के संकेत हैं, जिससे लू चलने की संभावना कम हो सकती है।

मौसम विभाग ने दो दिन बाद प्रदेश के कुछ इलाकों में मौसम बदलने का अनुमान जताया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और हल्की से अति हल्की बारिश होने की भी संभावना है।

राजधानी में न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से थोड़ा अधिक है। दिन और रात के तापमान में करीब 18 डिग्री का अंतर हो गया है, जो सामान्य से ज्यादा है।

धमतरी में गांजा बेचते दो युवक पकड़ाया, नकदी और माल जब्त

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में मादक पदार्थों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत धमतरी पुलिस को एक और सफलता मिली है। सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांजा की अवैध बिक्री करते दो युवकों को पकड़ा है, जिनमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 488 ग्राम गांजा और नगदी समेत कुल 28,900 रुपये का मशरूका जब्त किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महिमासागर वार्ड नहर पार स्थित मुक्ति धाम के पास दो युवक गांजा बेच रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही वहां गांजा खरीदने आए कुछ लोग मौके से भाग निकले, लेकिन मौके पर मौजूद दो संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ लिया।

कैमरे में कैद हुई बाघ की तस्वीर : उदंती-सीतानदी में बढ़ी बाघों की चहल कदमी

गरियाबंद/मैनपुर/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में इन दिनों बाघों की मौजूदगी के उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। लंबे समय तक नक्सल प्रभाव से प्रभावित रहे इस क्षेत्र में अब हालात सामान्य होने के बाद जंगलों में फिर से रौनक लौटती दिखाई दे रही है। आमजन के साथ-साथ वन्य जीव भी अब जंगलों में स्वच्छंद रूप से विचरण करते नजर आ रहे हैं।

दरअसल, देशभर में चल रहे ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन 2026 के तहत उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बड़े पैमाने पर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान लगाए गए ट्रैप कैमरों में लगातार बाघों की तस्वीरें कैद हो रही हैं, जिससे वन विभाग में उत्साह का माहौल है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि नक्सल प्रभाव कम होने के बाद पहली बार रिजर्व के सभी 143 बीट्स में बाघों की गणना कराई जा रही है। पहले सुरक्षा कारणों से केवल 60 से 70 प्रतिशत क्षेत्र में ही सर्वे संभव हो पाता था। उन्होंने बताया कि इस बार पूरे रिजर्व क्षेत्र में व्यवस्थित तरीके से ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं और कई स्थानों से बाघों की तस्वीरें मिल रही हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में बाघों की गतिविधि मौजूद है और उनका मूवमेंट लगातार दर्ज किया जा रहा है।

बन रहा अनुकूल माहौल

विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल में लगातार सुनाई दे रही बाघों की दहाड़ यह संकेत देती है कि उदंती-सीतानदी का वन क्षेत्र फिर से वन्यजीवों के लिए सुरक्षित और अनुकूल बनता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में इस रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ने की उम्मीद भी जताई जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग में भर्ती: एड्स कंट्रोल सोसाइटी के 150 से अधिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल

आउटसोर्सिंग से भर्ती पर विवाद, बिना लिखित परीक्षा इंटरव्यू में बुलाया

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग के आदेश के बाद एड्स कंट्रोल सोसाइटी में 150 से अधिक पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती किए जाने का मामला विवादों में घिर गया है। आरोप है कि यह भर्ती बिना लिखित परीक्षा या इंटरव्यू के कराई जा रही है, जिससे भर्ती नियमों के उल्लंघन की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार नवा रायपुर स्थित एड्स कंट्रोल सोसाइटी तथा जिलों में रिक्त पदों को भरने के लिए एक निजी एजेंसी को जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि एजेंसी के माध्यम से नियुक्तियां की जाएंगी, जबकि सामान्य तौर पर किसी भी भर्ती में कौशल परीक्षण, लिखित परीक्षा या साक्षात्कार की प्रक्रिया अनिवार्य मानी जाती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि पहले इन संविदा पदों की भर्ती नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के माध्यम से होती रही है और इस बार भी उसी प्रक्रिया से नियुक्ति की जा सकती थी, लेकिन इसके बजाय आउटसोर्सिंग का रास्ता अपनाया गया है। इससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से अपने चहेते लोगों को नौकरी दिलाने के लिए आउटसोर्सिंग का तरीका अपनाया गया है। साथ ही भर्ती कराने वाली एजेंसी को हर साल भुगतान भी किया जाएगा, लेकिन यह भुगतान किस नियम के तहत होगा, इसे लेकर भी स्पष्टता नहीं है। बताया जा रहा है कि जिन पदों पर भर्ती प्रस्तावित है उनमें डिप्टी डायरेक्टर से लेकर काउंसलर तक के पद शामिल हैं। आउटसोर्सिंग के कारण स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर कम मिलने की आशंका भी जताई जा रही है। जानकारों का कहना है कि यदि सीधी भर्ती की जाए तो प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को अधिक अवसर मिल सकते हैं। नोडल अफसर डॉ. केआर सोनवानी ने बताया कि एड्स कंट्रोल सोसाइटी में कई पद लंबे समय से खाली हैं। इन्हें भरने का निर्णय स्वास्थ्य विभाग ने लिया है। गौरतलब है कि एड्स कंट्रोल सोसाइटी प्रदेश में एचआईवी और एड्स की रोकथाम, जांच और उपचार से जुड़े कार्यक्रमों का संचालन करती है। पहले इसका मुख्यालय कालीबाड़ी में था, जिसे अब नवा रायपुर स्थानांतरित कर दिया गया है।

इन शाखाओं में प्रस्तावित भर्ती

थर्ड प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एडिशनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर, सेक्सुअली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन, बेसिक सर्विस डिवीजन, ब्लड सेफ्टी, लैब सर्विसेस, केयर, सपोर्ट एंड ट्रीटमेंट (एआरटी), टारगेटेड इंटरवेंशन डिवीजन, लिंक वर्कर्स, आईईसी डिवीजन, मेनस्ट्रीम डिवीजन, एडमिन, प्रोक्योरमेंट और फाइनेंस डिवीजन

क्या है सोसाइटी की जिम्मेदारी: एड्स कंट्रोल सोसाइटी का काम समाज में एचआईवी और एड्स की रोकथाम से जुड़े कार्यक्रम चलाना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com